Page 11



खेल

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10



देश

**विश्व एथलेटिक्स : ज्योति याराजी को बेहतर प्रदर्शन, जीता स्वर्ण पदक**

**प्रज्जवल के खिलाफ कोई भी पीड़िता नहीं पहुंची शिकायत दर्ज कराने**


शुक्ल पक्ष आर्द्रा संवत 2081

• औरंगाबाद • शनिवार • 11 मई 2024 • वर्ष 26 • अंक 150 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹73,090 | ₹86,500 |



## आज का इतिहास

- **1998 : भारत ने राजस्थान के पोकरण में तीन परमाणु परीक्षण किये।**
- **2000 : जनसंख्या घड़ी के मुताबिक भारत की जनसंख्या एक अरब पहुंची। दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में जन्मी 'आस्था' भारत का एक अरबवां बच्चा बना।**

## न्यूज बाइट्स

### मुठभेड़ में पांच नक्सली ढेर, तलाशी अभियान जारी

**बीजापुर (छत्तीसगढ़)।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाकर्मियों को बड़ी सफलता मिली है। सुरक्षाकर्मियों ने शुक्रवार को एक मुठभेड़ में पांच नक्सलियों को ढेर कर दिया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि गंगालूर पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत पिडिया गांव के पास सुरक्षाकर्मियों की एक टीम नक्सल विरोधी अभियान पर थी। इसी दौरान पास एक जंगल में हुई यह मुठभेड़ हुआ। उन्होंने आगे कहा कि घटनास्थल से पांच नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। इस दौरान सभी सुरक्षाकर्मी सुरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि इस घटना के बारे में और अधिक जानकारी नहीं मिली है। विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है। पुलिस के मुताबिक, सुरक्षाकर्मी अभी भी इलाके में तलाशी अभियान चला रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि सुरक्षा बलों ने 16 अप्रैल को कांकेर जिले में 29 नक्सलियों को एक मुठभेड़ में मार गिराया था।

### धान की नई प्रजाति सबौर नरेन्द्र का 55 क्विंटल प्रति हेक्टेयर होगा उत्पादन

**पटना (नि.सं.)।** कम पानी और कम खाद में सामान्य धान की तुलना में डेढ़ गुना अधिक उत्पादन वाली धान की नई प्रजातियां सबौर नरेन्द्र को विकसित किया है। किसानों को बड़े पैमाने पर इसका बीज अगले वर्ष से विश्वविद्यालय के वनस्पतिक अनुसंधान इकाई, धनगाई, बिक्रमगंज में उपलब्ध होगा। इस साल कुछ किसानों को इसका बीज अधिक मात्रा में तैयार करने के लिए दिए जाएंगे। इस धान की नई प्रभेद की खोज बिहार कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने की है। वनस्पति अनुसंधान इकाई बिक्रमगंज के वैज्ञानिक डॉ. प्रकाश सिंह और डॉ. कमलेश कुमार सहित अन्य वैज्ञानिकों की टीम ने धान की इस नई वेराइटी की खोज की है। वैज्ञानिक डॉ. प्रकाश सिंह का कहना है कि इसकी उत्पादन क्षमता 89.6 क्विंटल प्रति हेक्टेयर एवं औसत उत्पादन 50-55 क्विंटल प्रति हैक्टर तक है।

### 22 अधिकारियों समेत 4 शिक्षकों पर चला केके पाठक का चाबुक

**पटना (नि.सं.)।** बिहार में शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक के निर्देश के आलोक में निरीक्षण कार्यक्रम के तहत जिले में विद्यालयों का निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण में लापरवाही बरतते हुए आदेश की अवहेलना के मामले में 22 कनीय अभियंता, प्रखंड परियोजना प्रबंधक, एमटी, जेएमटी, बीआरपी, डीआरपी के एक दिन के वेतन में कटौती की गई है। इसके अलवा, बिना सूचना स्कूल में अनुपस्थित रहने वाले दो शिक्षक और दो शिक्षिकाओं के वेतन में भी कटौती की गई है। समस्तीपुर जिला शिक्षा पदाधिकारी कामेश्वर प्रसाद गुप्ता ने बताया कि अपर मुख्य सचिव के निर्देश के आलोक में पदाधिकारियों और कर्मियों को प्रत्येक दिन विद्यालय का निरीक्षण करने का आदेश दिया गया है।

**गृह मंत्री अमित शाह ने खूंटी में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा**

# झारखंड में घुसपैठ पर रोक लगायेगी भाजपा

निज संवाददाता | खूंटी (झारखंड)



अमित शाह ने खूंटी में चुनावी जनसभा को संबोधित किया।अमित शाह ने झारखंड को बनाने का श्रेय पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को दिया और झारखंड को सवारने का काम नरेंद्र मोदी ने किया। नरेंद्र मोदी की सरकार ने झारखंड से नक्सलवाद खत्म किया। बिरसा मुंडा की जयंती को जन जातीय गौरव दिवस मनाने का निर्णय लिया। बीजेपी की सरकार में आदिवासी मंत्रालय की शुरूआत हुई। गृह मंत्री अमित शाह ने सभा में राम मंदिर का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और झामुमो वालों ने राम मंदिर के मुद्दे के भटाकया। राहुल गांधी को निमंत्रण दिया गया लेकिन वो नहीं आए। कश्मीर के मुद्दे पर कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि मोदी सरकार ने अनुछेद 370 को खत्म कर दिया। गृह मंत्री ने कांग्रेस पर आदिवासियों के लिए काम नहीं करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बीजेपी की सराकर ने आदिवासी मंत्रालय बनाया। कांग्रेस की सरकार पर घुसपैठियों का साथ देने का भी आरोप लगया और कहा कि ये घुसपैठियों को वोट बैंक की तरह इस्तेमाल करते हैं। घुसपैठिये आदिवासी महिलाओं से धोखे से शादी कर उनकी जमीन हड़पते हैं। झारखंड में केवल भाजपा ही घुसपैठ पर रोक लगा सकती है।

अमित शाह ने राहुल गांधी के ऊपर कोरोना काल में भटकाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राहुल और प्रियंका ने छुप कर टीका लगवाया है। कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस ने गरीबों के लिए कुछ नहीं किया सिर्फ झूठे वादे किए। वहीं बीजेपी ने गरीबों के इलाज के लिए 5 लाख तक का मुफ्त इलाज दिया है। अमित शाह ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर भी कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा और कहा कि कांग्रेस के लोगों के पास 350 करोड़ रुपये बरामद हुए। ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के पीएस के सहयोगी के पास 33 करोड़ मिलने पर भी कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। गृह मंत्री अमित शाह खूंटी में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के चुनाव प्रचार करने आए थे। खूंटी में मतदान 13 मई को होने वाले हैं। 2019 के चुनाव में अर्जुन मुंडा के जीत के अंतर 1500 वोटों से कम था। कांग्रेस की तरफ से कालीचरण मुंडा अर्जुन मुंडा को चुनौती देंगे।

## आपात स्थिति में मरीज को दूसरे अस्पताल में जाने को न कहें डॉक्टर : राष्ट्रपति



**नयी दिल्ली (ए.)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आपात चिकित्सा स्थिति में 'गोल्डन आवर' को बेहद महत्वपूर्ण बताते हुए कहा है कि इस अवधि के दौरान इलाज मिलने पर मरीजों की जान बचाई जा सकती है और डॉक्टरों को तुरंत उपचार की जरूरत वाले किसी भी मरीज का इलाज के लिए कहीं और जाने के लिए नहीं कहना चाहिए। श्रीमती मुर्मू ने शुक्रवार को यहां नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज (एनबीईएमएस) के 22वें दीक्षांत समारोह में मेडिकल छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने आपात चिकित्सा स्थिति में गोल्डन आवर के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि इस अवधि के दौरान इलाज मिलने पर मरीजों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि विशेषज्ञ डॉक्टरों को आपातकालीन मरीजों के प्रति संवेदनशील होना चाहिए और उन्हें कभी भी आपातकालीन मरीज को इलाज के लिए कहीं और जाने के लिए नहीं कहना चाहिए। राष्ट्रपति ने इस कहावत 'न्याय में देरी न्याय से इनकार है' का हवाला देते हुए जोर देकर कहा कि स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में, समय और भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इलाज में देरी से जीवन से वंचित होना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि कभी-कभी हम दुखद समाचार सुनते हैं कि यदि समय पर इलाज मिल जाता तो व्यक्ति की जान बचाई जा सकती थी। अगर जान बच भी जाए तो कई स्थितियों में इलाज में देरी से स्वास्थ्य खराब हो जाता है। ऐसे उदाहरण अक्सर लकवा के मरीजों में देखने को मिलते हैं।

## सत्ता संग्राम : चौथे चरण में दो केन्द्रीय मंत्रियों और जदयू के कद्दावर नेता की प्रतिष्ठा दांव पर

**गिरिराज सिंह, नित्यानंद राय व ललन सिंह के भाग्य का होगा फैसला**

निज संवाददाता | पटना



बिहार में चौथे चरण के चुनाव पर देश-प्रदेश की नजरें टिकी हैं। इस चरण में भाजपा के फायरब्रांड नेता गिरिराज सिंह (बेगूसराय) और केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय (उजियारपुर) तथा जदयू के दिग्गज नेता राजीव रंजन सिर्फ उर्फ ललन सिंह की प्रतिष्ठा दांव पर है। चौथे चरण की सीटों पर चुनाव प्रचार के लिए महज 48 घंटे शेष रह गया है। 11 (शनिवार) मई की शाम को 6 बजे चुनाव प्रचार समाप्त हो जाएगा। इन क्षेत्रों में चुनाव प्रचार को लेकर सत्ता पक्ष एवं विपक्ष ने पूरी ताकत झोंक दी है।

चौथे चरण में पांच सीटों- मुंगेर, बेगूसराय, समस्तीपुर (सु.), उजियारपुर और दरभंगा में 13 मई को मतदान है। सभी सीटों पर एनडीए और महागठबंधन के उम्मीदवारों के बीच सीधी टक्कर है। पांच में से चार सीटों पर दोनों गठबंधनों के उम्मीदवार पहली बार आमने-सामने हैं। सिर्फ एक सीट उजियारपुर में भाजपा उम्मीदवार नित्यानंद राय और राजद के आलोक कुमार मेहता के बीच दूसरी बार टक्कर है। इससे पहले भी 2014 में भी ये दोनों चुनाव मैदान में आमने सामने हुए थे। नित्यानंद राय की जीत हुई थी। नित्यानंद राय के सामने जीत बरकरार रखते हुए हैट्रिक लगाने की चुनौती है। गिरिराज सिंह ने 2014 का चुनाव नवादा से और 2019 का चुनाव बेगूसराय से जीता। पिछले चुनाव में गिरिराज सिंह ने भाकपा के कन्हैया कुमार को हराया था। इस बार बेगूसराय में उनके सामने भाकपा के अवधेश राय हैं। दोनों के बीच पहली बार मुकाबला हो रहा है। 2019 में मुंगेर से जीत चुके जदयू प्रत्याशी ललन सिंह की टक्कर राजद की अनीता देवी से है, जो पहली बार चुनाव मैदान में हैं। दरभंगा में भाजपा के मौजूदा सांसद गोपालजी ठाकुर के सामने राजद के पूर्व मंत्री ललित यादव हैं। दोनों पहली बार आमने-सामने हैं। ललित पांच बार के विधायक हैं। वर्ष 2019 में दरभंगा में गोपालजी ठाकुर ने राजद के पूर्व मंत्री अब्दुलबारी सिद्दिकी को हराया था।

### समस्तीपुर में दो मंत्रियों के बेटे-बेटी मैदान में

समस्तीपुर के चुनाव पर भी देश भर की निगाहें हैं। यहां जदयू के दो मंत्रियों के बेटे-बेटी चुनाव मैदान में आमने-सामने हैं। यहां से ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी की बेटी शांभवी चौधरी लोजपा (आर) तो सूचना एवं जनसम्पर्क मंत्री महेश्वर हजारी के पुत्र सनी हजारी कांग्रेस के प्रत्याशी हैं। इन दोनों ही युवा उम्मीदवारों का यह पहला चुनाव है। इस तरह इनका भी आमना-सामना पहली बार है।

### 55 उम्मीदवार हैं मैदान में

इस चरण में कुल 55 उम्मीदवारों में 51 पुरुष और 3 महिला प्रत्याशी हैं। दरभंगा में 8, उजियारपुर में 13, समस्तीपुर में 12, बेगूसराय में 10 और मुंगेर में 12 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

## यह चुनाव देश को बनाने एवं प्रधानमंत्री चुनने का चुनाव है : ऋतुराज सिन्हा



- **भाजपा का हर कार्यकर्ता नरेंद्र मोदी को पुनः तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित**

निज संवाददाता | पटना

भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने शुक्रवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित पटना साहिब लोकसभा के एनडीए उम्मीदवार श्री रविशंकर प्रसाद जी के नामांकन सह आशीर्वाद सभा में उपस्थित हुए। उक्त अवसर पर उन्होंने एनडीए के कार्यकर्ता से कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पुनः तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

उन्होंने कहा कि पटना साहिब की सीट हमेशा से भाजपा जीतती रही है, इसकी एकमात्र वजह यह है की यहां कोई उम्मीदवार नहीं बल्कि भाजपा का हर कार्यकर्ता, बूथ अध्यक्ष से मंडल अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष से जिला अध्यक्ष, ये सब मिलकर हर चुनाव को लड़ते है। इस बार भी ऐसा ही होगा और जिन्हे शक है वे 4 जून को अपना शक मिटा लेंगे। इस अवसर पर उन्होंने पटना महानगर के सभी पूर्वती अध्यक्षों को पार्टी के लिए दिए गए उनके दिए योगदानों के लिए याद किया।

## राज्य में अगलगी के समुचित रोकथाम के लिए सुरक्षा नियमों का पालन करना होगा अनिवार्य

- **अगलगी की घटनाओं से बचाव के लिए सभी भवनों में सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य है।**

निज संवाददाता | पटना

राज्य में अगलगी की समुचित रोकथाम के लिए सुरक्षा नियमों का पालन अनिवार्य होगा। अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बिहार फायर सर्विसेज एक्ट 2014 में अहम बदलाव की तैयारी हो रही है। मसौदे के मुताबिक अब फायर ऑडिट कराने तथा भवनों को सील करने का अधिकार सीधे अग्निशमन विभाग के पास होगा। इसके लिए किसी आवेदन या अनुमति अथवा किसी तरह की स्वीकृति की जरूरत नहीं पड़ेगी। जन सरोकार से जुड़े भवनों का फायर ऑडिट और अग्नि से बचाव के लिए सुरक्षा मानकों की जांच विभाग अपने स्तर पर कर सकेगा। पहले संबंधित भवन या किसी संस्थान या प्रतिष्ठान की तरफ से फायर ऑडिट से संबंधित आवेदन प्राप्त होने के बाद कार्रवाई शुरू की जाती थी। फायर सर्टिफिकेट प्राप्त करने के लिए आवेदन आने के बाद अधिकांश बार जांच की औपचारिकता की जाती थी। इसके मसौदे को अग्निशमन विभाग अंतिम रूप देने में जुटा हुआ है। इसे तैयार करने के बाद गृह विभाग को स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। इसके बाद सरकार के स्तर से इस पर अंतिम मुहर लगने के बाद यह लागू हो जाएगा। लोकसभा चुनाव को लेकर लागू आदर्श आचार संहिता के समाप्त होने के बाद इस पर व्यापक स्तर पर कार्रवाई होने और सरकार से स्वीकृति मिलने की संभावना है। नए प्रावधान में कार्रवाई करने का अधिकार सीधे अग्निशमन विभाग को मिल जाएगा। वर्तमान में भी जुर्माना लगाने, भवन सील करने समेत कई अधिकार विभाग के पास हैं लेकिन इनमें और वृद्धि की जाएगी। मानकों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ विभाग सख्त कार्रवाई कर सकेगा।

### 65 बिन्दुओं पर होगी फायर ऑडिट

सभी व्यवसायिक भवनों, होटलों, रेस्टोरेंट, मॉल, हॉस्पिटल, कोचिंग संस्थान, सिनेमा हॉल समेत ऐसे सभी भीड़-भाड़ या लोगों की निरंतर आवाजाही वाले भवनों की फॉयर ऑडिट 65 बिन्दुओं पर किया जाएगा। ऑडिट करने वाले पदाधिकारियों को इन सभी बिन्दुओं की जांच कर इसकी स्थिति का उल्लेख करना होगा, तभी ऑडिट मान्य होगा। अग्नि सुरक्षा से जुड़े इन मानकों पर ही इन भवनों को परखा जाएगा, तभी इन्हें फायर सर्टिफिकेट दिया जाएगा। ऑडिट की प्रक्रिया में भवन का पूरा विस्तृत विवरण से लेकर पानी के टैंक, आपात द्वार समेत अन्य सभी जरूरी बिन्दु शामिल हैं।

## केजरीवाल 39 दिन बाद तिहाड़ जेल से आए बाहर, एक जून तक मिली जमानत

एजेंसी | नई दिल्ली



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 39 दिन बाद शुक्रवार (10 मई) की शाम को 6 बजकर 55 मिनट पर तिहाड़ जेल से बाहर आए। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें एक जून तक के लिए अंतरिम जमानत दी है। उन्हें 2 जून को हर हाल में सरेंडर करने को कहा गया है। रिहाई के बाद केजरीवाल ने कार्यकर्ताओं से कहा कि आप से निवेदन है हमें सबको मिलकर देश को तानाशाही से बचाना है। मैं तन मन धन से लड़ रहा हूं। तानाशाही के खिलाफ संघर्ष कर रहा हूं। आज आपके बीच आके अच्छा लग रहा है। कल सुबह 11 कनॉट प्लेस हनुमान जी के मंदिर में मिलेंगे। हनुमान जी का आशीर्वाद लेंगे। 1 बजे पार्टी ऑफिस में प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। केजरीवाल दिल्ली शराब नीति मामले में 1 अप्रैल (39 दिन) से तिहाड़ जेल में बंद थे। अदालत ने आज दोपहर 2 बजे एक लाइन में फैसला सुनाया। हालांकि, उनके वकील ने 5 जून तक की रिहाई का अनुरोध किया था, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि चुनावी प्रक्रिया एक जून को खत्म हो जाएगी। जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि अगस्त 2022 में ईडी ने केस दर्ज किया। उन्हें मार्च (2024) में गिरफ्तार किया गया। डेढ़ साल तक वे कहां थे? गिरफ्तारी बाद में या पहले हो सकती थी। 22 दिन इधर या उधर से कोई फर्क नहीं पड़ना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि गिरफ्तारी के खिलाफ केजरीवाल की याचिका पर बहस अगले सप्ताह जारी रहेगी।

## हमारे मतदान से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण होता है : डॉ. अजय प्रकाश

निज संवाददाता | पटना



भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था है, इसी व्यवस्था के अंतर्गत संविधान हमें मतदान करने का अधिकार देता है। हमारा मतदान राष्ट्र के व्यवस्था को सशक्तता प्रदान करता है, हमें निश्चित रूप से मतदान देना चाहिए। उक्त बातें अजेय रामदूत फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय प्रकाश ने 12 मई को आयोजित होने वाले चलो चलें मतदान करें कार्यक्रम के अंतर्गत पटना सिटी चौक से गायघाट तक मतदाता जागरूकता यात्रा जो प्रातः 6:00 बजे प्रारंभ होगी हेतु प्रचार रथ रावाना कार्यक्रम में कहीं।

कार्यक्रम में प्रसिद्ध चिकित्सक एक्युप्रेशर महागुरु स्वास्थ्य जागरूकता मिशन के अध्यक्ष डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त जी ने हरी झंडी दिखाकर रथ को रवाना किया। 12 मई को पटना सिटी की 35 संस्थाओं के सदस्य, पदाधिकारी, कई विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, समाजसेवी , बुद्धिजीवी इस मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में सहयोग देंगे। रास्ते में जल, शरबत, लस्सी आदि का प्रबंध भी किया गया है। मनोज कुमार गुप्ता, विजय कुमार गुप्ता,वीणा प्रकाश, मनोज शर्मा, शाहिद अंसारी, विकास कुमार मौडीवाल, राजेश पांडे, गौरव अग्रवाल, प्रियंका रॉय, अमित कुमार पांडे, अमित कुमार, मुकेश ठाकुर, मुन्ना सरकार, प्रीति गोयल, गौरव कुमार, शांभवी प्रकाश, आदित्य प्रकाश, अभव्या, प्रमोद कुमार सर्व प्रकाश, जितेंद्र कुमार, श्रुति कुमारी, मिंटू जायसवाल आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

## सूबे के अस्पतालों में पिछले माह रोज 82 हजार मरीज पहुंचे

**पटना (नि.सं.)।** राज्य के सभी सरकारी अस्पतालों में अप्रैल में कुल 24 लाख 82 हजार 57 मरीज इलाज कराने पहुंचे। यानी रोजाना 82 हजार 735 मरीज अस्पताल पहुंचे। निबंधित मरीजों में ऑनलाइन कंसल्टेशन लगभग एक तिहाई है। अप्रैल में ऑनलाइन कंसल्टेशन 67 हजार 9 हजार 513 दर्ज किया गया। यानी रोजाना कंसल्टेशन 22 हजार 650 ही हुआ। राज्य के अस्पतालों में इस साल मार्च की तुलना में अप्रैल में एक लाख 27 हजार कम मरीज इलाज कराने पहुंचे। सभी जिलों के सभी अस्पातालों में मार्च में 26 लाख 9 हजार 113 मरीजों ने निबंधन कराए गए थे। अप्रैल में सबसे अधिक पटना जिला के अस्पतालों में एक लाख 70 हजार 834 मरीजों ने निबंधन कराया।

## जीपीएस के प्रयोग से 30 जून तक गन्ना रकबे का होगा सर्वे

निज संवाददाता | पटना



चीनी मिलों में पेराई सत्र 2024-25 के लिए गन्ना रकबा सर्वे का काम शुरू हो गया है। सर्वे का काम 20 अप्रैल से 30 जून तक चलेगा। ईंखायुक्त अनिल कुमार झा की ओर से इसके लिए गन्ना सर्वेक्षण नीति जारी की गई है। सर्वे में जीपीएस प्रणाली का प्रयोग हो रहा है। इसके लिए टीम जीपीएस युक्त हैंडहेल्ड टर्मिनल (एचएचटी) खेत पर लेकर जाएगी।

बिचौलिए से किसानों को बचाने और पारदर्शिता लाने के लिए गन्ना उद्योग विभाग ने यह निर्णय लिया है। चीनी मिलवार टीमें बनाई गई हैं। सर्वे के आधार पर ही पर्ची वितरण की व्यवस्था की जाएगी। सर्वे के दौरान गन्ने की प्रजाति, बुवाई की विधि ट्रेंच या सह फसली, खेती सिंचाई का साधन आदि का विवरण अंकित किया जाएगा। सर्वे के बाद राज्य की 13 चीनी मिलों का आच्छादन क्षेत्र और उत्पादन का आकलन किया जाएगा।

विभाग की ओर से जारी निर्देश के अनुसार, इस बार सर्वे में विशेष सख्ती बरती जा रही है। विभाग के पदाधिकारी खेतों पर भी सर्वे देखने जाएंगे। हर शनिवार को वे समीक्षा करेंगे। सर्वे के समय किसानों द्वारा पूर्व में दिए गए घोषणापत्र का सत्यापन किया जाएगा। ईंखायुक्त ने कहा है कि जो किसान घोषणापत्र उपलब्ध नहीं कराएंगे, उनका गन्ना आगामी पेराई सत्र में नहीं लिया जाएगा।

### किसान को भेजी जाएगी सूचना

गन्ना सर्वेक्षण के लिए संयुक्त दल का गठन किया गया है। इस दल में चीनी मिल के कर्मियों के साथ सहायक निदेशक, ईंख विकास उपनिदेशक और अन्य कर्मचारी होंगे। सर्वे टीम में उन्हीं कर्मचारियों को रखा गया है जो गन्ना सर्वेक्षण की पूरी जानकारी रखते हैं। सर्वेक्षण की सूचना संबंधित किसान को पहले से एसएमएस के जरिए देनी होगी। रकबे की जानकारी भी उन्हें दी जाएगी।

BAYC Institute
स्थापित : 1972
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7



नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन

DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Theapy | DAYS Acupressure Yoga Science | DY Yoga — अवधि : 02 वर्ष, योग्यता : 10th | DEMS Electrohomeopathy Medicine Science — अवधि : 02 वर्ष, योग्यता : 10th

DEGREE COURSE: MBBA Bachelor of Magnet & Acupressure | BAYS Bachelor of Acupressure Yoga Science — अवधि : 03 वर्ष, योग्यता : 10+2 | BEMS Bachelor of Electrohomeopathy Medicine Science | MBAS Bachelor of Medicine in ALT. Science — अवधि : 4½ वर्ष, योग्यता : 10+2
MD (Acu Yoga) | MD (TM) — अवधि : 01 वर्ष, योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | MD (EH) — अवधि : 02 वर्ष, योग्यता : BEMS
BA (Yoga) | MA (Yoga) | Yoga Teacher Course

PROFESSIONAL: BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL: BA | MA — HINDI | POLITICAL SCIENCE | SOCIOLOGY | HISTORY



Proposed Campus

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

Direct Admission | Regular Classes | Online Classes | Experienced Faculties

» एक्यूप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि |



डॉ. अजय प्रकाश
सचिव

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं|

Apply Online : www.bayc.in



डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

9572607696, 9304942855, 9334278279

परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारम्भ होने वाली है| सम्बंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में संपर्क करें|

Email : baycpatna@gmail.com | Website : www.indianacupressure.com

# अखण्ड कीर्तन को लेकर निकाली गई कलश यात्रा, 101 महिला और कन्याओं ने लिया भाग

निज संवाददाता। नालंदा

बिहारशरीफ नगर निगम के वार्ड नं-51 में बड़ी तकिया कला मोहल्ले में शुक्रवार को 24 घंटे के अखंड कीर्तन के मौके पर 101 महिलाओं और कन्याओं ने भव्य कलश शोभायात्रा निकाली। ढोल-नगाड़े के साथ निकली यह शोभायात्रा तकिया कला से श्री श्री 108 बाबा रघुनंदन स्वामी की कुटिया से निकलकर पूरे नगर का भ्रमण करते हुए बाबा मणिराम अखाड़ा पहुंची। जहां से कलश में जलभरी कर महलपर होते हुए बड़ी तकिया कला मोहल्ला स्थित बाबा रघुनंदन स्वामी की कुटिया के पास पहुंचकर शोभायात्रा सम्पन्न हुई। इस दौरान श्रद्धालुओं के जयकारों से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया।

**कलश यात्रा के बाद 24 घंटे का अखंड कीर्तन प्रारंभः** कलश यात्रा के समापन के बाद पूरे वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पुरोहितों ने कलश की स्थापना की। कलश स्थापना के बाद 24 घंटे का अखंड कीर्तन पाठ शुरू हो गया। इस अवसर पर ग्रामीण रामदास केवट ने बताया कि कलश शोभायात्रा के बाद 24 घंटे का अखंड कीर्तन पाठ शुरू किया गया है। अखंड-कीर्तन में काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं।

**♦ कल संध्या आरती और प्रसाद का वितरण होगा**



**स्थानीय युवाओं का भरपूर सहयोग मिल रहाः** इस अखंड कीर्तन को सफल बनाने में स्थानीय युवाओं का भरपूर सहयोग मिल रहा है। वहीं, कीर्तन को सफल बनाने को लेकर स्थानीय ग्रामीण भी तन-मन से सहयोग करते नजर आए। ग्रामीणों ने बताया कि गांव की सुख-शांति के लिए 24 घंटे का अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया है। शनिवार के दिन अखंड कीर्तन का समापन होगा। तत्पश्चात प्रसाद का वितरण किया जाएगा और संध्या में आरती का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन को सफल बनाने में कामेश्वर केवट, अर्जुन केवट, राम केवट, सुजीत केवट, कपिल केवट, रंजीत केवट, विकास कुमार, नीतीश कुमार, प्रशांत साहनी, प्रदूम साहनी, सुजीत कुमार साहनी, के अलावा काफी संख्या में ग्रामीण लगे हुए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### गया व्रजपात से महिला की मौत, बच्ची भी झुलसी, पिछले 48 घंटे में 3 लोगों की हुई मौत

**गया**। गया जिले के फतेहपुर प्रखंड क्षेत्र में गुरुवार को वज्रपात से एक महिला जमुनी देवी की मौत हो गई। वहीं एक बच्ची भी मामूली रूप से जख्मी हो गई है। घटना फतेहपुर प्रखंड क्षेत्र के छतरपुर रक्सी गांव की है। महिला किसी काम से घर के बाहर निकली थी। घर से वह 400 मीटर की दूरी पर गई ही थी कि तेज आवाज के साथ बिजली कड़की और महिला के एकदम पास ही गिरी। वह वज्रपात की चपेट में आ गई और वह बुरी तरह से झुलस गई। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई है। बावजूद इसके महिला को लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पिछले 48 घंटे में फतेहपुर थाना क्षेत्र में अब तक तीन लोगों की मौत आकाशीय बिजली गिरने से हो चुकी है। यह घटना मृतका की पहचान जमुनी देवी पति बालेसर मांझी के रूप में हुई है। इस घटना से रक्सी गांव में मातम पसरा है। वहीं इलाके में बीते 48 घंटे में 3 लोगों की हुई मौत को लेकर न केवल लोग भयभीत हैं। भय की वजह आकाशीय बिजली बनी हुई है। गांव गांव में इस बात को लेकर चर्चा जोरों पर है। मौके पर सीओ राहुल कुमार पहुंच कर घटना की जानकारी ली। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। गौरतलब है कि बीते मंगलवार को फतेहपुर प्रखण्ड के गुरिसर्वे गांव में लगने हाट बाजार में शाम के वक्त आकाशीय बिजली के गिरने से 10 लोग जख्मी हो गए थे जिसमें से एक कि मौत हो गई थी। उसी दिन शाम के वक्त प्रखण्ड के डंगरा में बिजली के गिरने से एक पुरुष की मौत हो गई थी। अब तक तीन लोगों की मौत हो चुकी है।

### दो शराब धंधेबाज धराए

**बांकेबाजार**। थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों से महिला समेत दो शराब कारोबारियों को पुलिस ने शराब के साथ गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद जेल भेज दिया। नौआखाप गांव से 6 लीटर शराब के साथ बेबी देवी एवं सैफगंज गांव से 40 लीटर शराब के साथ सुनील चौधरी को गिरफ्तार किया गया।

### चार अभियुक्तों के घर चस्पा इश्तेहार

**टनकुप्पा**। टनकुप्पा पुलिस ने थाना क्षेत्र के करहनीबाग व इचोई टोला लक्ष्मीपुर में चार फरार अभियुक्तों के घर गुरुवार को इश्तेहार चस्पाया। इस दौरान चारों अभियुक्तों को 30 दिनों के भीतर पुलिस के समक्ष या कोर्ट में सरेंडर करने की चेतावनी दी गई। सरेंडर नहीं करने पर कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। चारों अभियुक्तों के विरुद्ध टनकुप्पा थाना में पूर्व से मारपीट के आरोप में मामला दर्ज है। एसआईं कन्हैया कुमार ने बताया कि करहनीबाग गांव निवासी सरयू सिंह के तीन पुत्रों अवध सिंह, विनोद सिंह व मनोज सिंह के घर इश्तेहार चस्पाया गया है। इसके अलावा इचोई टोला लक्ष्मीपुर गांव निवासी शत्रुघ्न यादव के पुत्र इंदल यादव के घर भी इश्तेहार चस्पाया गया है।

### फतेहपुर में पूर्व शिक्षक के निधन पर शोक

**फतेहपुर**। फतेहपुर नगर पंचायत निवासी पूर्व शिक्षक अंगीरा पांडेय (80) का बुधवार को निधन हो गया। वे कई दिनों से बीमार चल रहे थे। इलाज के लिए पटना ले जाने के दौरान रास्ते में ही उनका निधन हो गया। पूर्व शिक्षक अंगिरा पांडेय जी के निधन पर बिहार पेंशनर समाज कार्यालय में शोकसभा का आयोजन किया गया। इसमें उपस्थित समाज के लोगों ने गहरा शोक व्यक्त की।

### स्वास्थ्य केंद्र में 167 गर्भवती की हुई प्रसव पूर्व जांच

**मानपुर**। प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 167 गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच हुई। गुरुवार को 9बजे से ही जांच के लिए महिलाओं की भीड़ उमड़ने लगी।जहा सभी 167गर्भवती महिलाओं को जांच कर आवश्यक दावा दी।इस दौरान गर्भवती महिलाओं का हिमोग्लोबिन, एचआईवी, एचबीएसएजी , टायफड शुगर, बीपी आदि की जांच हुई।साथ ही महिलाओं को आवश्यक दिशा निर्देश के साथ कैल्सियम,आयरन की दवा दी।बता दे कि प्रत्येक महीने के 9तारीख को सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत एएनसी जांच किए जाते है।

### निष्पक्ष चुनाव को लेकर नालंदा DM ने की कार्रवाई, 28 आरोपियों को किया गया थाना बदर

**नालंदा**। लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए आरोपितों के खिलाफ लगातार जिला प्रशासन के द्वारा कार्रवाई की जा रही है। सीसीए के तहत 28 आरोपितों को थानाबदर किया गया है। जिला दंडाधिकारी के न्यायालय में सुनवाई के दौरान डीएम शशांक शुभंकर ने यह निर्णय लिया है। इससे पहले भी करीब 200 आरोपितों के खिलाफ यह कार्रवाई की जा चुकी है। इन्हें दूसरे थानों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का निर्देश दिया गया है।

### आपत्तिजनक कमेंट का आरोपी नाबालिग निरुद्ध

**बिहारशरीफ**। पावापुरी थाना पुलिस ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक कमेंट करने के आरोपी किशोर को निरुद्ध कर, उसे जेजेबी के सुपुर्द कर दिया गया। एसपी अशोक मिश्रा ने बताया कि बुधवार को पुलिस के संज्ञान में आया कि इंस्टाग्राम पर एक आपत्तिजनक कमेंट किया गया है। जिससे धर्म विशेष की धार्मिक भावना आहत हो रही है। जांच से पता चला कि उक्त कमेंट पावापुरी थाना क्षेत्र के एक गांव के नाबालिग द्वारा किया गया है।

### बहू ने लाठी से पीटकर सास का पैर तोड़ा

**बिहारशरीफ**। सोहसराय थाना क्षेत्र के एतबारी बाजार मोहल्ला में गुरुवार को घरेलू विवाद में बहू ने लाठी से पीटकर सास का पैर तोड़ दिया। जख्मी कुसुम देवी को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। बुजुर्ग महिला ने बताया कि बहू उनसे अलग रहती है। घरेलू विवाद में वह घर आकर लाठी से उनकी पिटाई कर दी।

### घर से बाहर बकरी लाने गई महिला की वज्रपात से मौत, किशोरी घायल

**फतेहपुर**। फतेहपुर फतेहपुर प्रखंड की उत्तरी लोधवे पंचायत के छतरपुर रक्की गांव में हल्की बारिश के दौरान हुई वज्रपात की चपेट में आने से घर से बाहर बकरी लाने गई एक महिला की मौत हो गई। जबकि वज्रपात के झटका से एक किशोरी भी घायल हो गई। यह घटना गुरुवार को 11:30 बजे दिन की है। बताया गया है कि छतरपुर रक्की गांव निवासी बालेश्वर मांझी की पत्नी जमुनी देवी (55) बारिश शुरू होने पर बाहर बंधी बकरी को लाने गई। इसी दौरान महिला पर ही अचानक वज्रपात हो गई। इसमें महिला बुरी तरह से झुलस गई। परिजन उसे इलाज के लिए सीएचसी फतेहपुर लाये। यहां चिकित्सकों ने देखने के बाद



महिला को मृत घोषित कर दिया। बताया गया है कि गांव के ही स्व. कैलाश रविदास की पुत्री नीतू कुमारी 17) भी घटना के समय मृतक महिला से कुछ ही दूरी पर खड़ी थी। वह भी वज्रपात के झटका लगने से घायल हो गई। उसे स्थानीय स्तर पर ही इलाज कराया गया है। उसकी स्थिति सामान्य व खतरे से बाहर रहना बताया गया है। इधर, घटना की खबर पाकर फतेहपुर सीओ राहुल के साथ ही थाने की पुलिस भी तत्काल अस्पताल पहुंच गई। सीओ ने परिजनों व चिकित्सकों से घटना के बारे में पूरी जसनकारी ली। इसके बाद उन्होंने डीएम को घटना से अवगत कराया। वहीं पुलिस ने जांच व कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल गया भेज दिया। पोस्टमार्टम हो जाने के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया।

# नालंदा से विदेश में सामान भेजना हुआ आसान, प्रधान डाकघर में खोला गया डाक निर्यात केंद्र

निज संवाददाता। नालंदा

डाक विभाग नालंदा मंडल ने छोटे व्यवसाईयों के लिए विदेश में सामान निर्यात करने का रास्ता साफ कर दिया है। जिससे लघु एवं मंझीले वर्ग के व्यापारी अपने सामानों को विदेश निर्यात कर सकेंगे एवं लाखों रुपया मुनाफा कमा सकेंगे। इसके लिए डाक विभाग ने डाक निर्यात केंद्र बिहार शरीफ प्रधान डाकघर में खोला है, जिससे व्यापारियों को अपने वस्तुओं को विदेशों में निर्यात करना आसान होगा। इसके लिए व्यापारियों के पास जीएसटी रजिस्ट्रेशन सहित इंपोर्ट एक्सपोर्ट कोड,बैंक डिटेल्स,आधार कार्ड एवं पैन कार्ड को डाक निर्यात केंद्र के पोर्टल के माध्यम से रजिस्टर करना होगा।इसके बाद ग्राहक पोर्टल के माध्यम से अपने वस्तुओं को विदेश निर्यात कर सकेंगे।





**अमेरिका, दुबई और हांगकांग भेजा गया खाजाः** इसकी जानकारी देते हुए नालंदा के डाक अधीक्षक कुंदन कुमार ने बताया कि छोटे वर्ग के व्यापारियों को प्रोत्साहित करने सहित नालंदा जिले के व्यापारियों को डाक निर्यात केंद्र से जोड़ने की पहल की जा रही है। साथ ही उन्होंने बताया की कस्टम्स क्लियरेंस भी डाकघर के अधिकारियों द्वारा कराया जाएगा। इस पहल में सिलाव के मां काली साह खाजा अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त सिलाव डाक निर्यात केंद्र के पहले ग्राहक बन गए हैं और उनके द्वारा अमेरिका, दुबई और हांगकांग के लिए स्वादिष्ट खाद्य पदार्थ निर्यात किया जा रहा है। जिससे व्यापारियों एवं विदेशों में रहने वाले लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। इस मौके पर श्री काली साह के संचालक संदीप कुमार सहित सचिन कुमार गोल्डफिश फैबिरिकेशन ने डाक विभाग का आभार व्यक्त करते हुए अपने जिले के लोगो को डाक विभाग से जुड़ने की अपील की है।

**♦ सिलाव का खाजा भेजा गया विदेश**

# अस्पताल में लगी आग, स्लाइन लेकर भागे लोग

निज संवाददाता। नालंदा

सदर अस्पताल के डीएस चैंबर में गुरुवार की देर शाम अचानक आग लग गई। जिससे पूरे अस्पताल में भगदड़ मच गई। इमरजेंसी समेत अन्य वार्डों के ज्यादातर मरीज बाहर निकल गए। बहुत सारे मरीज हाथ में सलाइन सेट लेकर भागे। ड्यूटी पर तैनात गार्ड ने अग्निशमन यंत्र की मदद से आग पर काबू पाया। घटना के बाद एहतियातन अस्पताल की बिजली 15 मिनट के लिए गुल कर दी गई थी। अंदेशा जताया जा रहा है कि एसी चालू रहने के कारण घटना हुई। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि देर शाम डीएस चैंबर से धुआं निकलने लगा। चेम्बर का ताला बाहर से बंद था। ताला खोलकर देखा गया तो अंदर बिजली बोर्ड में आग लगी थी। आग तेजी से फैल रहा था। चेम्बर व बालकॉनी में



धुआं भर गया। जिससे पूरे अस्पताल में भगदड़ मच गई। इमरजेंसी समेत अन्य वार्डों के ज्यादातर मरीज भागकर बाहर निकल गए। कुछ परिजन सलाइन सेट हाथ में लेकर मरीज के साथ भागे। ड्यूटी पर तैनात गार्ड ने अग्निशमन यंत्र की मदद से आग पर काबू पा लिया। एहतियातन अस्पताल की विद्युत आपूर्ति बाधित कर दी गई थी। जिसे 15 मिनट बाद सुचारू कर दिया गया। अंदेशा जताया जा रहा है कि एसी चालू थी। जिससे घटना हुई। रात में ज्यादातर पदाधिकारियों के चैंबर की बिजली जलती रहती है।

# भाकपा माले प्रत्याशी 23 लाख की संपत्ति के हैं मालिक

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा लोकसभा क्षेत्र से गुरुवार को भाकपा माले के प्रत्याशी संदीप सौरभ ने नामांकन दाखिल किया। नामांकन पर्चा में उन्होंने अपनी संपत्ति का ब्योरा दिया गया है, जिसके अनुसार घर, वाहन, बैंक खाता और नगद मिलाकर उनके पास करीब 23 लाख की संपत्ति है। वे पालीगंज के मोलानीपुर गांव के रहने वाले हैं तथा वर्तमान में मनेर विधानसभा क्षेत्र से भाकपा-माले के विधायक भी हैं। जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली से पीएचडी डिग्रीधारक हैं। संपत्ति के दिये गये ब्योरा के अनुसार उनके पास स्कार्पियो वाहन है। पटना के बैंक खाता में एक लाख 40 हजार 598 रुपये जमा है। साथ ही चुनाव के दौरान बड़ी पहाड़ी एसबीआई में खोले गये खाते में एक लाख रुपये



जमा है। इसके अलावा पालीगंज में 18 सौ वर्गफुट में मकान है, जिससकी कीमत तीन लाख रुपया है। उनके पास एक लाख 63 रुपए का एक बीमा है। वाहन खरीदने के लिए 11 लाख 29 हजार 483 रुपया बैंक से लोन लिया है।

नामांकन के दौरान दिये गये हलफनामा के अनुसार उनपर एक आपराधिक मामला पालीगंज थाना में दर्ज है। डॉ. संदीप सौरव छात्र जीवन से ही राजनीति में सक्रिय रहे हैं। साल 2013 में जेएनयू छात्र संघ के चुनाव में महासचिव चुने गये थे।

# नकली नोट का बंडल थमा ठगी करने वाला गिरफ्तार

## भीड़ ने की पिटाई, कपड़े में लपेटा हुआ कागज का मिला बंडल, जांच में जुटी नालंदा पुलिस

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा के हिलसा शहर के पटेल नगर में नकली नोट और कागज का बंडल थमाकर भोले भाले लोगो से गहना, रुपए ठगी करने बाले गिरोह के दो सक्रिय सदस्य गुरुवार को भीड़ के हत्थे चढ़ गया। दोनो शातिर बदमाशों की लोगो ने जमकर खातिरदारी की इसके बाद पुलिस को सौंप दिया। पकड़े गए ठग के पास से नकली नोट और कागज का बंडल बरामद हुआ है। दरअसल सालभर पूर्व ठगी की घटना शहर के एक शिक्षिका के साथ हुई थी। शिक्षिका से करीब डेढ़ लाख रुपये कीमत की जेवर नकली नोट के बंडल थमाकर ठगों के द्वारा ठग लिया गया था। इसके बाद पीड़ित शिक्षिका ने थाना में कांड दर्ज भी कराई थी। घटना के एक साल बाद पुलिस के द्वारा कोई कार्रवाई नही की गई थी। लेकिन यह



घटना उस शिक्षिका को चुभ रहा था।

**लोगों ने खदेड़कर पकड़ाः** हुआ यूं कि पीड़ित शिक्षिका रेणु वर्मा गुरुवार को स्कूल से ड्यूटी कर ई रिक्शा से हिलसा पटेल नगर बस स्टैंड पहुँची। ई रिक्शा से उतरते ही शिक्षिका की नजर अचानक बगल के एक होटल में लिट्टी खाते उस ठग पर पड़ी जिसने एक साल पूर्व नकली नोट का बंडल थमा लाखो रुपये के जेवर ठग लिया था। शिक्षिका ने उसे पहचान लिया। ठग को जब यह आभास होने लगा की महिला उसे घूर रही तो वह बिना पूरा नाश्ता खत्म किए ही वहां से खिसकने लगा। उसके बाद शिक्षिका ने चोर चोर का शोर मचा उसे पकड़ने के लिए आवाज लगाई। जहाँ होटल संचालक और अन्य लोगो ने बिना कुछ सोचे समझे खदेड़कर दोनों ठग को दबोच लिया।

**पिटाई के बाद पुलिस को सौंपाः** इसके बाद भीड़ जुट गई और दोनों ठगों की भीड़ खातिरदारी में जुट गई। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौका ए वारदात के पास पहुँची और दोनो ठग को भीड़ के चंगुल से छुड़ाकर थाने ले गई। हिलसा थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि बाजार वासियों की सूचना पर ठगी करने के आरोप में दो लोगों को पकड़कर लाया गया है। उसके पास से कपड़ा में लपेटा हुआ कागज का बंडल मिला है। दोनों से गहन पूछताछ की जा रही है।

# 22 से 24 मई तक मनाया जाएगा बुद्ध जयंती समारोह

निज संवाददाता। गया

23 मई को बुद्ध पूर्णिमा के मौके पर बोधगया स्थित महाबोधि मंदिर में बुद्ध जयंती मनाई जाएगी। यह तीन दिवसीय समारोह है। 22 से लेकर 24 तक यह समारोह मनाया जाएगा। समारोह को भव्य तरीके से मनाए जाने की तैयारी शुरू हो गई है। समारोह की सफलता के लिए गुरुवार को डॉ० त्यागराजन एसएम की अध्यक्षता में नव निर्मित बीटीएमसी बोधगया के सभागार में बैठक भी की गई। बैठक में बीटीएमसी के सचिव डॉ० महास्वेता महारथी ने बताया कि बुद्ध जयंती समारोह के दूसरे दिन 23 मई को बिहार के राज्यपाल बोधगया आएंगे। महाराष्ट्र एवं देश के अन्य राज्यों से तथा विदेशों से भी भारी संख्या में श्रद्धालु आएंगे। इस वर्ष लगभग 10 हजार श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। इस अवसर पर बीटीएमसी द्वारा गया रेलवे स्टेशन से बोधगया तक दो वातानुकूलित बस रिंग सेवा के तहत तीर्थ यात्रियों के लिए उपलब्ध करायी जायेगी। गया रेलवे स्टेशन एवं बोधगया व एयरपोर्ट पर बीटीएमसी के दो प्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन गया के एक प्रतिनिधि दोनों जगहों पर प्रतिनियुक्त रहेंगे। साथ ही दोनों जगहों पर हेल्प डेस्क का काउंटर लगाया जायेगा ताकि यात्रियों को बोधगया जाने के लिए संबंधित जानकारी सही ढंग से प्राप्त हो सके। उनके रहने के लिए कालचक्र मैदान में टेंट लगवाया जाएगा, जिसमें लगभग 10 हजार बौद्ध भिक्षु के रहने की व्यवस्था की जायेगी।

**23 मई को शांति जुलूस से कार्यक्रम की शुरुआतः** जिला पदाधिकारी के आदेशानुसार किसी भी स्थिति में कोई भी श्रद्धालु, यात्री रोड पर न सोए। यह सुनिश्चित किया जायेगा। उनको ठहरने के लिए मोनेस्ट्री में भी पर्याप्त व्यवस्था की जाएगी। 23 मई को शांति जुलूस से



कार्यक्रम की शुरुआत होगी। जिसमें विभिन्न मोनेस्ट्री, विद्यालय एवं आम जनता भाग लेगी। इस मौके पर डीएम ने कहा कि विश्व के अनेक देश से तीर्थयात्री इस अवसर पर आएंगे। उन्हें बेहतर सुविधा प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि बौद्ध भिक्षुओं के लिए आवासन, शौचालय, पेयजल एवं प्रकाश की बेहतर व्यवस्था रखनी होगी। उन्होंने आगे कहा कि तीन दिनों तक पानी एवं विद्युत की निर्बाध आपूर्ति की जाएगी। हीट वेब एव गर्मी को देखते हुए सभी प्रकार के प्रिकॉशन लिए जाएंगे। अग्निशाम की व्यवस्था को लेकर कहा कि कालचक्र मैदान, दोमुहान पर एवं जहां जहां किचन रूम रहेंगे। वहां वहां पर अग्निशामक वाहन की व्यवस्था सुनिश्चित करें। दोमुहान से लेकर महाबोधि मंदिर तक प्रकाश की व्यवस्था की जाएगी। तोरण द्वार बनाए जाएंगे, कोई भी आदमी सड़क पर न सोने पाए इसके लिए अलग से व्यवस्था करनी होगी। उन्होंने आयोजक एवं विभिन्न मोनेस्ट्री के प्रतिनिधियों को इसके लिए व्यवस्था करने का सुझाव दिया।

**♦ 10 हजार से अधिक जुटेंगे श्रद्धालु, कालचक्र मैदान में लगवाया जाएगा टेंट**

**'श्रद्धालुओं को ना हो असुविधा':** ज़िला पदाधिकारी ने कहा कि हमारी कोशिश होगी कि जो भी तीर्थयात्री आएंगे, उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। लेकिन महाबोधि मंदिर की सुरक्षा भी पहली प्राथमिकता में है। उन्होंने बीटीएमसी को कालचक्र मैदान में पर्याप्त सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएंगे।इस अवसर पर कई प्रतिनिधियों ने मंदिर के अंदर भिखारी एवं कुत्ते के रहने के कारण कभी-कभी अप्रिय घटना घटने की जानकारी दी। जिलाधिकारी ने बीटीएमसी के सचिव को इसे देखने का निर्देश दिया। बैठक में सभी बौद्ध मंदिरों के प्रतिनिधि, चीफ मोंक महाबोधि मंदिर,अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था,अनुमण्डल पदाधिकारी सदर, पुलिस उपाधीक्षक बोधगया, ज़िला जन सम्पर्क पदाधिकारी, सिविल सर्जन, एनडीसी, ज़िला आपूर्ति पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# जबतक जिंदा हूं कोई भी आरक्षण नहीं छीन सकता : चिराग पासवान

निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के आरक्षण वाले बयान पर लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने पलटवार किया है। चिराग ने कहा कि अपने पिता रामविलास पासवान के संघर्ष की कसम खा कर कहता हूं, जब तक चिराग पासवान जिंदा है कोई आरक्षण नहीं छीन सकता। दरअसल, पिछले दिनों चिराग पासवान ने कहा था कि मोदी के नेतृत्व में आरक्षण को मजबूत किया गया है। इसके जवाब में तेजस्वी ने कहा था इस पर ज्यादा टिप्पणी करने की जरूरत नहीं है, लेकिन आरक्षण के बारे में चिराग पासवान को पूरी जानकारी नहीं है और ना ही आरक्षण के इतिहास के बारे में जानते हैं। चिराग पासवान काराकाट लोकसभा क्षेत्र से एनडीए के प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा के नामांकन सभा में पहुंचे थे। वहां सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने 1975 में आपातकाल लगाकर लोकतंत्र की हत्या की, वो लोकतंत्र को संकट में बता रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने देश की अर्थव्यस्था को विश्व में 5वें नंबर पर पहुंचाया है और 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनवाया है। कश्मीर में धारा 370 हटाया है। चिराग ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि तीन चरण के चुनाव हो चुके हैं। स्पष्ट है कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। तेजस्वी यादव ने चिराग पर जमकर हमला किया। उन्होंने कहा कि पीएम ने चिराग पासवान के पिताजी की मूर्ति फेंकवा दी। उनसे घर खाली करवाया और पार्टी का सिंबल छीन लिया। चिराग खुदगर्ज होते तो पीएम मोदी के साथ नहीं रहते। उनके घर में चाचा-भतीजे के बीच लड़ाई लगवाई। फिर भी चिराग पासवान मोदी जी के हनुमान बने हुए हैं। तेजस्वी ने आगे कहा कि चिराग को आरक्षण और आरएसएस का ज्ञान नहीं हैं। उनको अपने पिता रामविलास पासवान जी का भाषण सुनना चाहिए। काराकाट लोकसभा क्षेत्र से एनडीए के प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा के नामांकन सभा का आयोजन सुअरा हवाई अड्डा के पास किया गया। जिसमें एनडीए के सभी दिग्गज पहुंचे।



## शिवेश राम ने लोकसभा के लिए किया नॉमिनेशन

निज संवाददाता



**सासाराम (रोहतास)।** सासाराम संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी शिवेश राम ने समाहरणालय भभुआ में नॉमिनेशन पर्चा दाखिल किया है। नॉमिनेशन के बाद समाहरणालय के मुख्य द्वार पर समर्थकों का भारी हुजूम जमा हो गई। शिवेश राम के मुख्य गेट के पास पहुंचते ही समर्थकों ने जमकर नारेबाजी की और खुली जीप में भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज जायसवाल सहित दर्जनों लोग शहर घूमते हुए चुनावी सभा में गुलजार वाटिका पहुंचे। बीजेपी की सभा में गुलजार वाटिका भभुआ सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा, चिराग पासवान, और जीतन राम मांझी सासाराम संसदीय क्षेत्र के बीजेपी प्रत्याशी शिवेश राम के पछ में जन सभा को संबोधित कर रहे हैं। शिवेश राम ने कहा कि अभी मैं सासाराम संसदीय क्षेत्र का प्रत्याशी हूं। अगर जनता का प्यार आशीर्वाद मुझे मिलता है, मैं चुनाव जीत जाता हूं तो बेशक इस क्षेत्र की जनता के हितों के लिए मैं काम करूंगा। किसान, युवा, बुजुर्ग, शिक्षा सभी के हितों का ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि सासाराम संसदीय क्षेत्र के लिए मैंने नॉमिनेशन फाइल कर दिया है। पूरे देश में मोदी ने जो विकास किया है उन विकास को मुझे जमीन पर उतारना है। मैं पहले भी विधायक रह चुका हूं। अपने क्षेत्र में मैंने काफी विकास किया है। मैं भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता हूं। मैं जनता का सेवा करूंगा इस क्षेत्र के मुद्दे बहुत सारे हैं। कहा कि किसानों के मुद्दे और गरीबी के मुद्दों को प्राथमिकता दूंगा। नरेंद्र मोदी ने बहुत से रोजगार दिए हैं। आने वाले समय में विकसित भारत के साथ मजबूती के साथ 2047 में दुनिया में श्रेष्ठ भारत बनाने के सपनों को सरकार किया जाएगा। मैं मुन्नीलाल का पुत्र हूं, उनके लिए मैं भगवान का आभार प्रकट करता हूं। उनके घर में मेरा जन्म हुआ।

## सांस्कृतिक और खेल प्रतियोगिता अनुगूंजम व स्पोर्टिकॉम के सफल प्रतिभागियों को किया गया पुरूस्कृत

निज संवाददाता



**सासाराम (रोहतास)।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, जमुहार के अंतर्गत संचालित वाणिज्य संकाय के तत्वावधान में दो दिवसीय सांस्कृतिक और खेल प्रतियोगिता अनुगूंजम व स्पोर्टिकॉम के सफल आयोजन के उपरांत प्रतिभागी व विजयी छात्र-छात्राओं के लिए पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बी.कॉम द्वितीय सेमेस्टर, चतुर्थ सेमेस्टर और छठे सेमेस्टर तथा एमकॉम द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस गतिविधि में दस से अधिक खेल और सांकृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ महेंद्र कुमार सिंह ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ समग्र विकास हेतु विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इस प्रकार के कार्यक्रमों के महत्व पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि के रूप में परीक्षा नियंत्रक कुमार आलोक प्रताप, एकेडमिक डायरेक्टर सुदीप कुमार सिंह और प्रबंधन संकाय के अधिष्ठाता प्रोफेसर विवेक शर्मा रहे। वाणिज्य संकाय के अधिष्ठाता प्रोफेसर डॉ आशुतोष द्विवेदी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि संकाय के सभी शिक्षकों डॉ विशाल कुमार, डॉ मयंक कुमार राय, डॉ. नवेंदु निधान और सुश्री चित्रा राव का कार्यक्रम को सफल बनाने में महती भूमिका रही।

## आंगनबाड़ी सेविका की संदिग्ध हालत में मौत

निज संवाददाता

**मुंगेर।** अंतर्गत तारापुर थाना क्षेत्र की लौना पंचायत अंतर्गत सेहरा बिंद टोला केंद्र संख्या-39 की सेविका रीना कुमारी मृत अवस्था में अपने घर के रसोई घर के पास मिली है। सुबह जब उसके ससुर की नींद खुली तो देखा कि बहू रसोई घर के सामने गिरी पड़ी है। जब उन्होंने आस पास लोगों को बुलाया तो सभी लोगों ने देखा कि सेविका रीना कुमारी की गला दबाकर किसी ने उसकी हत्या कर शव को रसोई घर के पास रख दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद तारापुर डीएसपी सिंधु शेखर थानाध्यक्ष सहित पुलिस बल के साथ मौके वारदात पर पहुंचे। जहां उन्होंने मृतका के ससुर से पूछताछ की और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मुंगेर सदर अस्पताल भेज दिया। महिला ने 10 साल पहले अपने ही गांव के मांझी जाति के युवक से शादी की थी। पति नागेंद्र मांझी मुंबई में काम करता है और सेविका अपने 8 वर्षीय बच्चे और ससुर के साथ लौना गांव में रहती है।ससुर विरो मांझी ने बताया कि मेरा किसी से दुश्मनी नहीं है। घटना कैसे हुई हमें मालूम नहीं है। कुछ स्थानीय ग्रामीणों ने स्थल पर दबी जुबान से महिला के अवैध संबंध के कारण हत्या होने की आशंका जताई है। तारापुर एसडीपीओ सिंधु शेखर सिंह ने बताया कि महिला लौना गांव की रहने वाली थी। आंगनबाड़ी में सेविका के पद कार्यरत थी। शव को देख कर ऐसा लगता है कि सेविका की गला दबाकर हत्या कर शव को घटनास्थल पर लिटा दिया गया है। उन्होंने कहा कि महिला के शरीर पर कोई जख्म के निशान नहीं है। उन्होंने कहा कि मामला दर्ज कर लिया गया है। एफएसएल की टीम को बुलाया गया है। हत्या का कारण अस्पष्ट है।

## स्मैक तस्करी से जुड़ रहे युवा कोतवाली पुलिस ने तीन युवक को किया गिरफ्तार

**मुंगेर (नि.सं.)।** जिले में स्मैक का कारोबार बढ़ रहा है। स्मैक की लत युवाओं को लग रही है। हाल के दिनों में स्मैक की बरामदगी और तस्करों की गिरफ्तारी हुई है। कोतवाली पुलिस ने गुप्त सूचना पर बुधवार को भी छोटी केलाबाड़ी में वाहन चेकिंग के दौरान 5 ग्राम के तीन पुड़िया में मादक पदार्थ (स्मैक) के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। सदर डीएसपी राजेश कुमार ने प्रेस वार्ता में जानकारी दी। पुलिस ने आरोपी के साथ चोरी की दो बाइक, नकद 2400 रुपए भी बरामद किए।

## उपेंद्र कुशवाहा ने काराकाट लोकसभा के लिए किया नामांकन

निज संवाददाता



**सासाराम (रोहतास)।** में चौथे दिन आज राष्ट्रीय लोक मोर्चा के सुप्रीमो सह काराकाट से एनडीए प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा ने नामांकन दाखिल कर दिया है। इसके पहले उपेंद्र कुशवाहा का काफिला डेहरी स्थित उनके कार्यालय से रवाना हुआ। सबसे पहले वे ताराचंडी धाम पहुंचे, जहां पूजा-अर्चना के बाद उपेंद्र कुशवाहा पायलट बाबा धाम पहुंचे। वहां पूजा और जल अर्पण के बाद उनका काफिला सासाराम शहर में प्रवेश कर गया। सबसे पहले बौलिया चौक पर बाबू जगदेव प्रसाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद धर्मशाला चौक स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर उनके द्वारा माल्यार्पण किया गया। समाहरणालय के मेन गेट पर बने डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद नामांकन करने चले गए। इसके बाद नेहरू पार्क के सामने शहीद भगत सिंह की प्रतिमा का माल्यार्पण किया। जीटी रोड के किनारे स्थित बीपी मंडल की प्रतिमा, सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा और शहीद निशान सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। नामांकन के लिए समाहरणालय पहुंचे। काराकाट संसदीय क्षेत्र से उपेंद्र कुशवाहा से पहले 6 लोगों ने नामांकन किया है। माले उम्मीदवार सह इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी राजा राम सिंह ने 8 मई और निर्दलीय प्रत्याशी पवन सिंह ने नौ मई को नामांकन किया है। इसके अलावा चार निर्दलीय उम्मीदवारों ने भी नामांकन किया है। बता दें कि पवन सिंह मैदान में आने के कारण काराकाट हॉट सीट बन गया है। अब यहां मुकाबला त्रिकोणीय माना जा रहा है। एनडीए प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा, इंडिया गठबंधन के राजा राम सिंह के साथ अब निर्दलीय पवन सिंह की चर्चा पूरे क्षेत्र में हैं।

## स्कूल किट का इस्तेमाल नहीं होने पर नपेंगे एचएम

**भभुआ (कैमूर) (नि.सं.)।** एफएलएन किट का इस्तेमाल नहीं करने पर स्कूल के प्रधानाध्यापकों पर कार्रवाई होगी। बता दें कि कक्षा चार एवं पांच का एफएलएन स्कूल किट कैमूर के 1202 विद्यालयों को उपलब्ध कराया गया है। इस बारे में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समग्र शिक्षा अभियान अमरेंद्र पांडेय ने सभी स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को निर्देशित किया है। एफएलएन स्कूल किट का प्रयोग बच्चों को पढ़ने में प्रतिदिन किया जाना है। एफएलएन स्कूल किट के उपयोग का अनुश्रवण राज्य एवं जिला स्तर पर वीसी के माध्यम से प्रतिदिन किया जा रहा है। इस मामले में निर्देश दिया गया है कि छात्रों के बीच किट का उपयोग करते हुए फोटोग्राफ ग्रुप में शेयर करना सुनिश्चित करेंगे। किट का उपयोग नहीं करने पर अनुशासनिक कार्वाई की जाएगी।

## लालटेन को हमलोग मिलकर बुझा देंगे, तभी बिहार आगे बढ़ेगा

निज संवाददाता



**सासाराम (रोहतास)।** सासाराम संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी शिवेश राम ने समाहरणालय भभुआ में नॉमिनेशन फाइल किया। उसके बाद गुलजार वाटिका भभुआ में जनसभा हुआ। जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, विजय सिंहा, मंगल पांडे और चिराग पासवान मौजूद रहे। मंच से जय श्रीराम का नारा गूंजा और मंगल पांडे ने भोजपुरी में लोगों को संबोधित किया। पूर्व मुख्यमंत्री जीतन मांझी ने कहा प्रधानमंत्री के हाथो में देश सुरक्षित है। जब भारत में G 20 का सम्मेलन हुआ तो देखने में आया कई नेता अन्य देशों के आए जो प्रधानमंत्री के पैर छुए। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि हमारा भारत आज कहां पहुंच गया है। वहीं जब यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध चल रहा था उस समय यूक्रेन में फंसे भारतीय छात्रों को प्रधानमंत्री ने दोनों देशों से बात कर निकलवाया। जहां भारत के साथ पाकिस्तान और बांग्लादेश के छात्र भी भारत का झंडा लेकर सुरक्षित निकल गए। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा जब सोनिया गांधी के राज में मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे। जब तक उनका इशारा नहीं मिलता था तो वह कुछ बोलते नहीं थे। आज दुनिया में मोदी का डंका बज रहा। अंग्रेजों को हराकर 12वीं से पांचवें स्थान पर हमारी अर्थव्यवस्था पहुंच गई है। इस बार तीसरे स्थान पर अर्थव्यवस्था होगी। पहले भारत को सोने की चिड़िया कहा जाता था लेकिन मोदी जी ने सोने का शेर बनाया जो दुनिया में दहाड़ेगा। प्रधानमंत्री ने कहा है जो भ्रष्टाचारी होगा वह जेल में जाएगा। केजरीवाल और हेमंत सोरेन जेल में है। डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने कहा जिसने बिहार को बदनाम किया, अपराधियों को संरक्षित किया, उस लालटेन को हम लोग मिलकर बुझा देंगे तभी बिहार आगे बढ़ेगा। चिराग पासवान ने कहा प्रधानमंत्री ने महिलाओं के सम्मान के लिए शौचालय बनवाया, मुफ्त इलाज का व्यवस्था कराया, सरहद सुरक्षित किया। अगर विपछ सत्ता में आया तो प्रधानमंत्री की योजनाएं गरीबों तक पहुंच रही है वह सब बंद कर देगा।

## एसपी जैन कॉलेज इग्नू में का इंडक्शन मीट

निज संवाददाता



**सासाराम (रोहतास)।** जिला मुख्यालय स्थित शांति प्रसाद जैन महाविद्यालय के प्रांगण में अवस्थित इग्नू अध्ययन केंद्र पर गुरुवार को जनवरी 2024 सत्र के लिए नामांकित छात्र-छात्राओं की "प्रेरणा बैठक" आयोजित की गई, जिसमें करीब 350 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य सह इग्नू अध्ययन केन्द्र के निदेशक प्रो. डॉ नवीन कुमार ने की। सर्वप्रथम उन्होंने इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र,पटना से पधारे पदाधिकारी डॉ आसिफ इकबाल को बुके देकर सम्मानित किया और अपने अध्यक्षीय भाषण में इग्नू की छात्र- छात्राओं को संबोधित करते हुए दूरस्थ शिक्षा की महत्ता पर प्रकाश डाला और उन्हें महाविद्यालय में अवस्थित अध्ययन केन्द्र का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने के लिए बच्चों को प्रेरित किया। जनवरी 2024 के विद्यार्थियों के लिए आयोजित इस कार्यक्रम को प्राचार्य के बाद हिंदी, स्नातकोत्तर विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो०(डॉ) राजेन्द्र प्रसाद सिंह ने अपने संवाद में विद्यार्थियों को बताया कि इग्नू का "स्टडी मटेरियल" देश के बड़े-बड़े विद्वानों के सहयोग से तैयार किया जाता है। इन पुस्तकों को गंभीरता से पढ़ कर विद्यार्थी गुढ ज्ञान अर्जित कर बेहतर अंको से परीक्षा पास कर सकते हैं। इग्नू अध्ययन केन्द्र के छात्र- छात्राओं को संबोधित करते हुए समन्वयक प्रो.(डॉ) राजेश कुमार सिन्हा ने छात्र- छात्राओं को आश्वस्त किया कि इग्नू भारत सरकार द्वारा संचालित दूरस्थ शिक्षा के लिए सबसे विश्वसनीय विश्वविद्यालय है। इसकी डिग्री की मान्यता सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि ग्लोबल स्तर पर है क्योंकि भारत के बाहर करीब तीस बड़े- बड़े देशों में इग्नू का अध्ययन केन्द्र है और वहां विदेशी बच्चे भी इसका लाभ उठाते हैं। मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए इग्नू के क्षेत्रीय सहायक निदेशक डॉ आसिफ इक़बाल ने सर्वप्रथम विधार्थियों का "प्रेरणा बैठक" में स्वागत किया और नव नामांकित विधार्थियों को "एसाइनमेंट" बनाने का तरीका बताया। उन्होंने बताया कि इग्नू के विद्यार्थी स्नातकोत्तर करके 'नेट' की परीक्षा देकर व्याख्याता बन सकते हैं। पूरे कार्यक्रम का संचालन इग्नू अध्ययन केन्द्र का सहायक समन्वयक डॉ. रणजीत पाण्डे ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ अतिबला सिंह ने किया।

## गोली लगने से 20 वर्षीय युवक घायल

**चैनपुर (कैमूर) (नि. सं.)।** गुरुवार को चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बबुरहन गांव निवासी एक युवक गोली लगने से घायल हो गया। गोली से घायल युवक चैनपुर थाना क्षेत्र के बबुरहन गांव निवासी दीनानाथ सिंह का पुत्र प्रभात कुमार (20) बताया गया है। घटना चैनपुर थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर-बबुरहन रोड के समीप की बताई गई है। इस घटना के बाद किसी के द्वारा इसकी सूचना चैनपुर थाना पुलिस को दी। थाना के पुलिस अफसर मनीष कुमार के नेतृत्व में गई पुलिस टीम ने घायल को पुलिस गाड़ी से ही इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, चैनपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार बाद घायल को सदर अस्पताल रेफर कर दिया।


" सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता "

चुनाव का पर्व DESH KA GARV LOK SABHA ELECTION 2024

कार्यालयः– जिला निर्वाचन पदाधिकारी – सह– उपायुक्त, पलामू

Ten No. (Election Office) – 06562-231046
E-mail ID- electionpalamau1@gmail.com

**आदेश**

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा निर्गत द्वारा निर्गत प्रेम नोट संख्या– ECI/PN/23/2024 दिनांक 16.03.2024 के आलोक में आयोग द्वारा निर्धारित तिथि 13.05.2024 एवं 20.05.2024 प्रातः 07:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक मतदान निर्धारित है। उक्त के आलोक में पलामू जिला अन्तर्गत पड़ने वाले 75–पांकी, 76–डालटनगंज, 77–विश्रामपुर, 78–छत्तरपुर (अ0जा0) एवं 79–हुसैनाबाद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए अवस्थित सभी मतदान केन्द्रों में मतदान कराया जाना है।

अतः उपरोक्त के आलोक में, मैं शशि रंजन (भा0प्र0से0), जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह– उपायुक्त, पलामू, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 160 (क) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पलामू जिला अन्तर्गत पड़ने वाले सभी मतदान केन्द्रों को निर्वाचन कार्य समाप्ति तक अधिगृहित करता हूँ।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह– उपायुक्त, पलामू।

PR 324677 Palamu(24-25)D


## 20.2 एमएम बारिश के

**मुंगेर (नि.सं.)।** तपती धरती को इन दिनों लगातार हो रही बारिश की बूंदों ने पूरी तरह तर कर दिया है। बीते मंगलवार की देर शाम हुई मूसलाधार बारिश ने जहां मौसम के मिजाज को एकाएक पूरी तरह बदल दिया है। वहीं मंगलवार कि बारिश के 34 घंटे बाद गुरूवार को फिर से जिला में झमाझम बारिश हुई। गुरूवार कि सुबह से ही आसमान में घने काले बादल छाए रहे जो सुबह 8 बजे बरसना शुरू हुआ जो दोपहर करीब डेढ़ बजे तक बदस्तूर जारी रहा। मौसम विभाग के अनुसार गुरूवार को 20.2 एमएम बारिश जिले में दर्ज कि गयी है। हालांकि दोपहर बाद हल्की निस्तेज धूप निकली बावजूद पूरे दिन आसमान में बादलों का जमावड़ा लगा रहा। इस बीच गुरुवार को अधिकतम तापमान


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

**सूचना सं. 03 ऑफ 2024–25/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू**
मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है।

**निविदा सं.–01–डीडीयू–व.मं.इंजी.–1–24–25**
**1. कार्य का नाम एवं लोकेशन:** सहायक मंडल इंजीनियर/बिक्रमगंज के अधीन आरा–सासाराम सेक्शन में लेवल क्रॉसिंग के ट्रैक और संपर्क रोड के बीच की सतह में सुधार, **2. कार्य का अनुमानित लागत:** रु. 3140016.59, **3. धरोहर राशि:** रु. 62800.00, **4. ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय:** 30.05.2024 को 12:00 बजे तक, **5. वेबसाइट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी:** www.ireps.gov.in **नोट:** विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

**कृते मंडल रेल प्रबन्धक / पूर्व मध्य रेल, डीडीयू**
पीआर/00252/डीडीयू/ईएनजीजी/टी/24–25/32



सं. ए-12019/11/2023-वि.सा.प्र.- (प्रशा)

**भारत सरकार**
**विधि एवं न्याय मंत्रालय**
**विधि साहित्य प्रकाशन**

**भारतीय विधि संस्थान भवन,**
**भगवान दास मार्ग, नई दिल्ली-110001**
**तारीख - 24, अप्रैल, 2024**

**रिक्ति सूचना**

विधि साहित्य प्रकाशन, विधायी विभाग, विधि एवं न्याय मंत्रालय, भारत सरकार निम्नलिखित पदों को प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा/आमेलन के आधार पर नियुक्ति भी है) पर भरने के लिए आवेदनों को आमंत्रित करता है :- (i) सहायक संपादक - 07 (सात) (ii) आशुलिपिक (निजी सहायक) - 05 (पांच) और (iii) लेखापाल - 01 (एक)। पात्रता मानदंड और अन्य संबंधित जानकारी के ब्योरों के लिए कृप्या https://legislative.gov.in/hi/documents-category/आदेश-और-परिपत्र वेबसाइट पर उपलब्ध ब्योरेवार परिपत्र को निर्दिष्ट करें। आवेदनों को प्राप्त करने की अंतिम तारीख, रोजगार समाचार, और पैन इंडिया में प्रकाशित अन्य समाचार पत्र (हिन्दी संस्करण) में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 30 (तीस) दिन तक होगी।

**(उत्तम प्रकाश)**
**उप सचिव, भारत सरकार**
**दूरभाष : 011- 23383248**

CBC 24304/12/0002/2425



चुनाव का पर्व DESH KA GARV LOK SABHA ELECTION 2024

**समाहरणालय, गढ़वा**
**(जिला निर्वाचन शाखा)**
(E-mail ID – dep-eo-gar@gov.in / electiongarhwa1950@gmail.com)

**आम–सूचना**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी –सह– सचिव, मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, रॉची के पत्रांक 2965 दिनांक 06.05.2024 के द्वारा 13–पलामू (अ0जा0) संसदीय निर्वाचन क्षेत्रान्तर्गत गढ़वा जिला के प्रशासनिक क्षेत्र में अवस्थित 76–डाल्टनगंज (पार्ट भण्डरिया एवं बड़गड़ प्रखण्ड) के 04 मतदान केन्द्रों के Relocation संबंधी इस कार्यालय के पत्रांक 1125 दिनांक 03.05.2024 द्वारा प्रेशित प्रस्ताव पर भारत निर्वाचन आयोग के पत्रांक 64/ES-I/JKD-HP/2024 दिनांक 06.05.2024 के द्वारा सहमति प्रदान किये जाने की सूचना संसूचित की गई है।

अनुमोदित Relocated मतदान केन्द्रों की विवरणी निम्नवत् हैः–

| क0 | विधानसभा क्षेत्र | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र का संख्या एवं नाम | मतदान केन्द्र का नाम जहॉं Relocate किया गया है |
|---|---|---|---|
| 1 | 076–डाल्टनगंज (पार्ट भण्डरिया एवं बड़गड़ प्रखण्ड | 372. उत्क्रमित मध्य विद्यालय, हरता | उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बिजका |
| 2 | | 421. रा0 प्रा0 वि0 तुरेर | उ0 उच्च विद्यालय, मदगड़ी "च" |
| 3 | | 425. उत्क्रमित प्रा0 वि0, कुटकू | उ0 उच्च विद्यालय, मदगड़ी "च" |
| 4 | | 426. उत्क्रमित प्रा0 वि0 खटाई टोला, सनेया | उ0 उच्च विद्यालय, मदगड़ी "च" |

एतद् द्वारा उक्त क्षेत्र के सभी मतदाताओं को सूचित किया जाता है कि मतदान दिवस दिनांक 13.05.2024 को प्रातः 7:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे के बीच Relocated मतदान केन्द्र पर उपस्थित होकर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह– उपायुक्त, गढ़वा

PR 324643 Election(24-25)#D

### 45 साल की महिला को पति समेत ले गई

# दिल्ली पुलिस ने महिला चोर को किया गिरफ्तार

- थाना से जुड़े सूत्रों ने बताया कि दिल्ली में दर्ज कांड संख्या 220/24 धारा 38/411/34 में उक्त महिला की तलाश थी।

निज संवाददाता




**जमुई।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में हुई एक चोरी के सिलसिले में अनुसंधान के लिए क्राइम ब्रांच दिल्ली से आई टीम गिद्धौर थाना पहुंची। जहां गिद्धौर पुलिस के सहयोग से एक शातिर महिला को गिरफ्तार कर अपने साथ दिल्ली ले गई। मामले के संदर्भ में बताया गया कि दिल्ली में बेशकीमती सामान, जेवरात आदि की चोरी हुई थी। इस घटना के बाद वहां की क्राइम ब्रांच दिल्ली पुलिस की निशानदेही पर अनुसंधान करते हुए गिद्धौर थाना पहुंची। यहां गिद्धौर थाना क्षेत्र अंतर्गत पतसंडा पंचायत के सोनार टोला अपने पिता कारू सोनार के घर से सुल्तानगंज निवासी 45 वर्षीय रूपा देवी, पति संजय सोनार को गिरफ्तार कर लिया। थाना से जुड़े सूत्रों ने बताया कि दिल्ली में दर्ज कांड संख्या 220/24 धारा 38/411/34 में उक्त महिला की तलाश थी। महिला रूपा देवी मूल रूप से सुल्तानगंज के आदर्श नगर बस्ती की रहने वाली है। दिल्ली में हुए बेशकीमती सामान, जेवरात आदी की चोरी की घटना में उसकी तलाश थी। दिल्ली से आई टीम गिद्धौर पुलिस के सहयोग से उक्त महिला को रूपा देवी को पुलिस पूछताछ हेतु ट्रांजिट रिमांड पर गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई। गिद्धौर थानाध्यक्ष रीता कुमारी ने बताया कि दिल्ली से आई पुलिस टीम ने एक चोरी के मामले में छिपकर थाना क्षेत्र के सोनार टोला में रह रही महिला को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि दिल्ली में चोरी की घटना घटी थी, जिसमें उक्त महिला शामिल थी। वहीं छापेमारी टीम के साथ गिद्धौर थानाध्यक्ष रीता कुमारी, राजेश्वर साव, दिल्ली से आए एसआई शुभम कुमार के अलावे कई जवान मौजूद थे।

# परशुराम जयंती पर भंडारे का आयोजन

निज संवाददाता



**नारदीगंज (नवादा)।** परशुराम जयंती के अवसर पर शुक्रवार को प्रखंड के ओड़ो गांव स्थित परशुराम मंदिर में परशुराम सेवा समिति के द्वारा पूजा का आयोजन किया गया। पूजा के पहले मंदिर परिसर से भव्य शोभा यात्रा निकाला गया। शोभा यात्रा गांव का परिभ्रमण करते हुए बस्ती बिगहा बाजार तक गया उसके बाद पुनः मंदिर परिसर में जाकर समाप्त हुआ। शोभा यात्रा के बाद वाराणसी से आए गोपाल जी महाराज के द्वारा विधि विधान से भगवान परशुराम की पूजा की गई। यह जानकारी परशुराम सेवा समिति के अध्यक्ष गिरधारी कुमार ने दिया।उन्होंने कह कि पूजा समाप्त होने के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। उसके बाद शाम में भंडारे का आयोजन हुआ। पूजा में सेवा समिति के सचिव राजीव कुमार, कोषाध्यक्ष संजीव कुमार, लक्ष्मी कला परिषद के अध्यक्ष संजय कुमार, चुन्नी लाल, अजीत कुमार समेत सभी ग्रामीणों का सहयोग मिला। इधर, पेंशनर भवन नारदीगंज में पेंशनर समाज प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद की अध्यक्षता में भगवान परशुराम जी की जयंती मनाई गई। मौके पर समाज सचिव श्रीकांत सिंह,परमेश्वर राम, सियाशरण दास, रामशरण सिंह, कामता प्रसाद सिंह ने उनके तैलचित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।

# पशु तस्कर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

निज संवाददाता



**वारिसलीगंज (नवादा)।** गुरुवार की देर रात विश्व हिंदू परिषद तथा बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने दो दर्जन गायों से भरे ट्रक को पशु तस्करों समेत पकड़कर स्थानीय पुलिस के हवाले कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार वारिसलीगंज बाजार के पकरीबरावां-बरबीघा बस स्टैंड स्थित सरदार पटेल चौक के पास गुरुवार की रात्रि लगभग 9 बजे विहिप तथा बजरंग दल के कुछ कार्यकर्ता अपने घर जा रहे थे। इस दौरान प्लास्टिक से ढके एक ट्रक को तेज गति से सड़क होकर गुजरते देखा। लोगों की नज़र प्लास्टिक के फटे छेद पर पड़ी तो उसमें मवेशी पर नजर पड़ गई। कार्यकर्ताओं ने ट्रक को रोकना रोकना चाहा तो वाहन चालक रोकने से इंकार कर दिया। लोगों ने प्रयास करके जब ट्रक को रोका तो देखा कि उसने गाय भरा हुआ है। इसकी सूचना थानाध्यक्ष रूपेश कुमार सिन्हा को दी गई। पुलिस ने गाय से भरे ट्रक को जब्त कर लिया। जबकि पशु तस्करी में लिप्त चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। वहीं दो दर्जन गाय को वारिसलीगंज गौरक्षणी उचित देख भाल के लिए भेज दिया गया। गिरफ्तार लोगों में 1. वाहन चालक मो. सलाहुद्दीन उर्फ सोनू 36 वर्ष, हलसी, लक्खीसराय 2. खलासी रसीद मियां 51 वर्ष, बलियाडीह, झाझा, जमुई 3. पंकज कुमार, 29 वर्ष, पिता - अयोध्या प्रसाद यादव, झाझा, जमुई तथा 4. नौशाद अंसारी, 40 वर्ष, धनियांडीह, गिद्धौर, जमुई शामिल हैं। गिरफ्तार पशु तस्करों ने बताया कि इन गायों को लेकर गिरियक, नालंदा से कोलकाता ले जा रहा था।

## प्रेमी जोड़े का थाने में आत्मसमर्पण थानेदार पर पिटाई का आरोप

**जमुई (नि.सं.)।** बटिया थानाध्यक्ष नीतू कुमारी पर एक प्रेमी युवक के परिजनों ने पिटाई करने का आरोप लगाया है। इससे वह बेहोश हो गया, जिसे थानाध्यक्ष नीतू कुमारी ने खुद एक प्राइवेट डॉक्टर से इलाज भी कराया है। फिलहाल युवक पुलिस कस्टडी में है। दरअसल, जमुई जिले के बटिया थाना क्षेत्र के दहियारी गांव के सचिन कुमार (19) पिता ईश्वर पासवान और अंजली कुमारी (18) पिता उमेश ठाकुर एक दूसरे से पांच साल से प्यार करते थे। दोनों एक ही गांव के रहने वाले हैं और पड़ोसी भी हैं। दोनों 7 मई को घर से फरार हो गए और देवघर में शादी कर लिया। लड़की के फरार होने के बाद परिजनों के द्वारा मामले की जानकारी बटिया थाना पुलिस को दी गई। पुलिस की दबिश सचिन के घर पर बढ़ने के कारण लड़के के परिवार वाले ने दोनों को बुधवार शाम पुलिस के हवाले कर दिया। लड़के के परिवार वाले को लगा कि पुलिस की सुरक्षा में दोनों सलामत रहेंगे।

## भारत गैस एजेंसी गोदाम से 25 हजार रुपए की चोरी

**जमुई (नि.सं.)।** सिकंदरा थाना क्षेत्र के कुंवार इलाके में गुरुवार की रात भारत गैस एजेंसी के गोदाम से 25 हजार रुपए की चोरी अज्ञात चोरों के द्वारा कर ली गई है। चोर का चेहरा सीसीटीवी कैमरे मैं कैद हो गया है। भारत गैस एजेंसी के मालिक के द्वारा इस मामले की जानकारी सिकंदरा पुलिस थाना को देने की बात कही है। घटना के बारे में भारत गैस एजेंसी के मालिक धर्मवीर सिंह ने बताया की डिलेवरी मैन के द्वारा दिन भर का गैस सिलेंडर का वितरण करने के बाद गाड़ी को गोदाम में लगा दिया था। ड्राइवर गाड़ी लगाकर खाना खाने के लिए चला गया, गार्ड भी खाना खाने गया हुआ था। तभी रात करीब 10.30 बजे चोर पीछे का बाउंड्री वॉल फांदकर अंदर प्रवेश किया और गोदाम में लगे गाडी का शीशा तोड़कर गाड़ी में रखे हुए दिनभर के सेल का पैसा निकाल लिया। मालिक ने बताया की 20 से 25 हजार नगदी की चोरी की गई है। उन्होंने बताया कि इस मामले की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। इधर गैस गोदाम में चोर के द्वारा चोरी की घटना को अंजाम देने का एक वीडियो भी सामने आया है। जिसमें चोर का चेहरा सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है।

# जनता दरबार में कई मामलों का हुआ ऑन स्पॉट निष्पादन

- प्रखंड नवादा ग्राम आनंदपुर के संजय सिंह ने भूमि से संबंधित शिकायत दर्ज किया। प्रखंड वारसलीगंज ग्राम खानपुर के रोहित राज ने जल संकट से संबंधित आवेदन दिया।

निज संवाददाता




**नवादा।** चंद्रशेखर आजाद, अपर समाहर्ता नवादा ने आज समाहरणालय सभागार में जनता दरबार कार्यक्रम का आयोजन किये। अपर समाहर्ता के द्वारा आम जनता से साक्षात्कार कर उनकी समस्याओं का सुनवाई/निराकरण किया गया। उन्होंने कुछ आवेदनों को ऑन स्पॉट निष्पादन किया और शेष आवेदनों का निपटारा करने को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। आज जनता दरबार में कुल 56 आवेदनों की सुनवाई की गयी। जनता दरबार में भूमि विवाद, कृषि, प्रधानमंत्री आवास योजना, नल-जल, राजस्व, विवाह, अनुकम्पा एवं अन्य समस्याओं से संबंधित मामले की सुनवाई की गई। जनता दरबार में आज प्रखंड रजौली के कृष्ण मिस्त्री ने शिकायत कि उनके गांव का चापाकल सूख गया है कृपया इसे बनवाने की कृपा करें। प्रखंड नवादा ग्राम आनंदपुर के संजय सिंह ने भूमि से संबंधित शिकायत दर्ज किया। प्रखंड वारसलीगंज ग्राम खानपुर के रोहित राज ने जल संकट से संबंधित आवेदन दिया। इसी तरह अन्य आवेदनों को अपर समाहर्ता ने स्वयं संबंधित पदाधिकारियों से बात कर शिकायत का निपटारा कराने का निर्देश दिया साथ ही निष्पादन प्रतिवेदन मुख्यालय में भेजने को कहा गया। निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। सभी संबंधित विभाग को एक सप्ताह के अन्दर समस्याओं का समाधान कर प्रतिवेदित करने का निर्देश दिया गया। पिछले सप्ताह दिनांक 03.05.2024 (शुक्रवार) को जनता दरबार में कुल 43 आवेदन आये थे, जिसमें 31 आवेदनों का निष्पादन हो चुका है एवं शेष 12 आवेदनों को संबंधित अधिकारी को अविलंब निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। जनता दरबार में राजीव कुमार गोपनीय प्रभारी नवादा, शशांक राज वरीय उप समाहर्ता नवादा, अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी नवादा के साथ-साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## आईसक्रीम फैक्ट्री में तीन घंटे बंधक बनाकर नाबालिग को पीटा जख्मी

**जमुई (नि.सं.)।** झाझा थाना क्षेत्र के केशोपुर गांव में एक 14 वर्षीय नाबालिग के साथ आईसक्रीम फैक्ट्री के मालिक ने तीन घंटे तक बंधक बनाकर बेरहमी से मारपीट की घटना को अंजाम दिया। जिसके बाद युवक के परिजनों ने उसे जख्मी अवस्था में इलाज के लिए झाझा रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर नौशाद ने बच्चे का इलाज किया और उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए उसे जमुई सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घायल बच्चे की पहचान केशोपुर गांव के रहने वाले मनोज यादव का छोटा पुत्र सुमन कुमार (14) के रूप में हुई है। घायल युवक के पिता ने बताया कि लगभग दो बजे रात मेरा बेटा पेशाब करने के लिए घर से निकला था। तभी गांव के रहने वाले आईसक्रीम फैक्ट्ररी मालिक शत्रुधन यादव ने मेरे बेटे को पकड़कर अपने साथ आईसक्रीम फैक्ट्री में ले गया और रस्सी से बांधकर अपने उसे एक सहयोगी के साथ बेरहमी से पीटा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

# भगवान परशुराम जी के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

निज संवाददाता




**नारदीगंज (नवादा)।** परशुराम विचार ब्राह्मण एकता मंच नारदीगंज द्वारा नारदीगंज बाजार में शुक्रवार को निजी कोचिंग सेंटर में भगवान परशुराम जयंती समारोह मनाई गई। अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष सुबोध कुमार पांडेय व संचालन नंदलाल पांडेय ने की । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता सह ओड़ो पंचायत के पूर्व मुखिया अरविंद मिश्र रहे। आयोजित कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता सह पूर्व मुखिया अरविंद मिश्रा, राजकुमार पांडेय, किशोरी पांडेय, कृष्णा देव पांडेय, सतीश कुमार मिश्र, शंकर तिवारी, त्रिपुरारी पांडेय, प्रेम पांडेय, नीरज पांडेय मतलू मिश्रा, संजय पांडेय समेत अन्य ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने भगवान परशुराम जी के तैल चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डालें। मुख्य अतिथि श्री मिश्रा ने कहा भगवान परशुराम जी भगवान विष्णु के छठे अवतार हैं। ये हमारे पूर्वज हैं, इनके आदर्शों पर चलने से समाज का उत्थान होगा।

सभी लोग एकजुट हो, आपसी सहयोग भाई चारे व सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाकर रहिए,जो भी ब्राह्मण परिवार जिस क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं, उन्हें सहयोग कीजिए। उन्हें आगे बढ़ाने का कार्य कीजिए। हमारे पूर्वजों ने इस विश्व के कल्याण के लिए त्याग व तपस्या की है,बस उनके आदर्श को अपनाने की जरूरत है। भगवान परशुराम जी की एक आदमकद प्रतिमा प्रखंड मुख्यालय में भी स्थापित करना है, इसके लिए अभी से इसके तैयारी में सभी को जुट जाना है। धन्यवाद ज्ञापन मंच के अध्यक्ष सुबोध कुमार पांडेय ने की।

# लोहिया स्वच्छता अभियान के तहत बने शौचालयों की बीडीओ ने की जांच

निज संवाददाता



**रजौली (नवादा)।** प्रखण्ड क्षेत्र के बहादुरपुर पंचायत में शुक्रवार को बीडीओ अनिल मिस्त्री एवं बीपीआरओ राजन कुमार ने लोहिया स्वच्छता अभियान के तहत बने शौचालयों का भौतिक निरीक्षण किया गया। बीडीओ ने कहा कि गांव स्वच्छ व सुंदर रहे, स्वच्छ जीवन जीने के लिए साफ-सफाई का जीवन में अति महत्वपूर्ण स्थान है। सरकार का निर्देश है कि जिस प्रकार शहर में साफ-सफाई की व्यवस्था रहती है उसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में भी साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था हो। इसीलिए सरकार ने लोहिया स्वच्छता अभियान के तहत वार्ड और पंचायत स्तर पर स्वच्छता कर्मियों को बहाल किया है। जो सूखे एवं गीले कचरों का निस्तारण करते हैं। वहीं पंचायतों को खुले में शौच से मुक्त करने को लेकर जरूरतमंदों के घरों में शौचालयों का निर्माण करवाया जा रहा है। वहीं कुछ लोगों की शिकायतें थी कि एक ही परिवार के कई लोगों ने शौचालय का लाभ उठाकर पैसों का गबन कर लिया है। जिसको लेकर बहादुरपुर पंचायत में बने शौचालयों का निरीक्षण किया गया। साथ ही लोगों से अपील किया गया कि सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं का गलत उपयोग नहीं करें। अन्यथा जानकारी होने पर झूठे लाभार्थियों से सूद समेत दिए गए पैसे वसूल की जाएगी। वहीं बीडीओ ने लाभार्थियों से अपील किया है कि जो लोग शौचालय का निर्माण करवा लिए हैं। वे आवेदन को कार्यालय में जमा कर दें ताकि समयानुसार उनके खाते में पैसे ट्रांसफर हो पाए।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगा आरओ फिल्टर

निज संवाददाता




**नारदीगंज (नवादा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शीतल पेय जल उपलब्ध कराने के लिए आरओ फिल्टर लगा दिया गया है। यह आरओ फिल्टर सीएचसी के सौजन्य से हुआ है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. नवीन कुमार ने कहा भीषण गर्मी से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। आये दिन स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। गर्मी से लोगों का हलक सुख रहा है। पानी के लिए मरीजों व आम लोगों को भटकना पड़ता था। ऐसे में इस केंद्र में शीतल पेयजल उपलब्ध करा दिया गया है। आरओ फिल्टर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगा दिया गया है, ताकि लोगों को शीतल पेयजल मिल सके। केंद्र में शीतल पेयजल आपूर्ति होने से लोगो मे खुशी की लहर दौड़ पड़ी। वैसे इस केंद्र में दो चापाकल भी है। यह आरओ फिल्टर से केवल पानी पीने के लिए है, अन्य कार्य चापाकल से उपयोग करने का निर्देश दिया गया है।

## हरला का स्कूल एक हफ्ते बाद खुला, नहीं पहुंचे बच्चे

**जमुई (नि.सं.)।** सदर प्रखंड क्षेत्र के यूएमएस विद्यालय हरला में बीते एक सप्ताह से ताला लगा था। पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को शिक्षा से वंचित होना पड़ रहा था। विद्यालय के प्रधानाध्यापक चमक लाल पासवान और शिक्षिका सरिता कुमारी के बीच आपसी विवाद था। दोनों ने एक-दूसरे पर कई गंभीर आरोप लगाए थे। इसको लेकर प्रधानाध्यापक चमक लाल पासवान के द्वारा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। वहीं सरिता कुमारी ने भी प्रधानाध्यापक के खिलाफ थाने में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

# जमीन विवाद को लेकर महिला के साथ मारपीट

निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** थाना क्षेत्र के जोगियामारण पंचायत के करमाकला गांव में जमीन विवाद को लेकर दो लोगों ने एक महिला के साथ मारपीट किया। घटना को लेकर पीड़ित महिला करमाकला गांव निवासी कमलेश मिस्त्री की पत्नी ललिता देवी ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर लगभग एक बजे बैरिया मोड़ के समीप खेत में अरहर पिटवा रही थी। इसी बीच गांव के ही वासो चौधरी के पुत्र मुसाफिर चौधरी एवं बीरेंद्र चौधरी दोनों लोग खेत पर आए एवं जमीन विवाद को लेकर गाली-गलौज करने लगे। महिला द्वारा विरोध किये जाने पर मुसाफिर चौधरी एवं बीरेंद्र चौधरी ने लाठी-डंडे से मारपीट करते हुए कपड़ा फाड़ दिया है। वहीं महिला को बचाने आये उसके भाई अजय मिस्त्री के साथ भी मारपीट किया गया। साथ ही धमकी दिया कि थाना जाकर केस करोगी तो पूरे परिवार के साथ मारपीट करेंगे। इस बाबत पर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि मामले को लेकर पीड़ित महिला द्वारा लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांचोपरांत पुलिस अग्रतर कानूनी कार्रवाई करेगी।

## अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, चालक गिरफ्तार

**कौआकोल (नवादा) (नि.सं.)।** कौआकोल पुलिस ने शुक्रवार को थाना क्षेत्र के सेखोदेवरा मोड़ पर से अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। साथ ही मौके पर से ट्रैक्टर चालक को भी गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए कौआकोल थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि बालू माफिया द्वारा अवैध रूप खनन कर एक ट्रैक्टर बालू लेकर सेखोदेवरा के रास्ते जोरावरडीह के तरफ निकल रहा है। सूचना के आलोक में त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को पकड़ने के लिए कौआकोल पुलिस सेखोदेवरा मोड़ पर अपना जाल बिछा दिया। और जैसे ही वहां बालू लदा ट्रैक्टर पहुंचा उसे जब्त कर लिया गया तथा मौके पर से ट्रैक्टर चालक कौआकोल थाना क्षेत्र के धमनी गांव निवासी ललन कुमार पिता महेंद्र प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया गया।

# ध्वजारोहण को लेकर दो पक्षों में मारपीट, 8 घायल

- जबकि दूसरे पक्ष से घायल की पहचान बिंदेश्वरी ठाकुर बेटा पप्पू ठाकुर, प्रर्मीला देवी के रूप में हुई है।

निज संवाददाता



**जमुई।** जमुई जिले के झाझा थाना क्षेत्र के धमना गांव में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई है। घटना की जानकारी दोनों पक्षों के द्वारा झाझा पुलिस को दी गई है। इस मारपीट की घटना में दोनो पक्षों के तरफ से आठ लोग घायल हो गए। जिसमें दो महिला भी शामिल है। घायलों में दो की स्थिति गंभीर होने के कारण बेहतर इलाज के लिए जमुई सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायलों ने एक पक्ष से विनय कुमार, द्वारिका यादव, भीम यादव, अनिता देवी भतीजा सुदामा के रूप में हुई है। जबकि दूसरे पक्ष से घायल की पहचान बिंदेश्वरी ठाकुर बेटा पप्पू ठाकुर, प्रर्मीला देवी के रूप में हुई है। सभी घायलों का इलाज परिजनों के द्वारा झाझा रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां डॉक्टर के द्वारा इलाज किया जा रहा है। एक पक्ष से घायल विनय यादव ने बताया कि घर के पास एक हनुमान मंदिर है। रामनवमी में किसी कारणवश ध्वजारोहण नही कर सके थे। जिसे लेकर शुक्रवार को अक्षय तृतीया के दिन पूजा पाठ करके ध्वजारोहण करने के लिए मंदिर के पास साफ-सफाई कर रहे थे। तभी दूसरे पक्ष के बिंदेश्वरी ठाकुर, पप्पू ठाकुर सहित आधा दर्जन से अधिक लोगो ने लाठी डंडे से हमला कर घायल कर दिया। वहीं दूसरे पक्ष से घायल बिंदेश्वरी ठाकुर ने बताया कि पहले पक्ष से विनय कुमार, द्वारिका यादव, भीम यादव, सहित कई लोगो के द्वारा घर में घुसकर मारपीट किया और सैलून दुकान को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। इस मामले को लेकर झाझा प्रभारी थाना अध्यक्ष कौशलेंद्र कुमार ने बताया कि दोनो पक्षों के द्वारा आवेदन दिया गया है। पुलिस आवेदन के आधार पर मामला दर्ज आगे की कार्रवाई कर रही है।

## मारपीट मामले का आरोपी को भेजा गया जेल

**कौआकोल (नवादा) (नि. सं.)।** कौआकोल पुलिस ने मारपीट के एक मामले में फरार चल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया है। इसकी जानकारी देते हुए कौआकोल थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के मधुरापुर के पास आम ग्रामीणों के साथ मारपीट कर उनमें दहशत फैलाने के मामले में पुलिस की पकड़ से फरार चल रहे कौआकोल थाना क्षेत्र के मधुरापुर गांव से मनीष कुमार पिता महेश यादव, समीर विश्वकर्मा पिता गुग्लू विश्वकर्मा तथा राहुल कुमार पिता कम्मू यादव को गिरफ्तार किया गया है। और शुक्रवार को जेल भेज दिया गया है। सभी आरोपी कौआकोल थाना क्षेत्र के मधुरापुर गांव के निवासी हैं।

# मृतक के माता के बयान पर कौआकोल थाना में 9 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

निज संवाददाता

**कौआकोल (नवादा)।** कौआकोल थाना क्षेत्र के महुडर पंचायत के उग्रवाद प्रभावित जंगली इलाका रानीगदर गांव में एक युवक को बाइक समेत जिंदा जला दिए जाने की घटना में काफी मशक्कत के बाद आखिरकार गुरुवार की देर शाम घटना की प्राथमिकी कौआकोल थाना में दर्ज की जा सकी। मृतक 22 वर्षीय युवक मुकेश कुमार की माता व झारखंड के गिरिडीह जिला के गांवा थाना के डुमरझारा गांव निवासी सोमर साव की पत्नी दरवा देवी के लिखित आवेदन पर 9 नामजद लोगों के विरुद्ध कौआकोल थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। प्राथमिकी में मृतक की माता द्वारा उल्लेखित किया गया है कि 08 मई बुधवार को ढाई बजे दोपहर में जब उनका पुत्र मुकेश दनियाँ गांव में उनके गोतिया का चल रहे ट्रैक्टर के पास डीजल लेकर जा रहा था,तभी रानीगदर के पास पूर्व से घात लगाए 9 नामजद एवं अन्य बदमाशों ने उनके पुत्र को रोककर मारपीट करने लगा। पीछे से मुकेश का छोटा भाई छोटू कुमार भी बाइक से जा रहा था। अपने भाई को पिटता देख वह पीछे रुक गया। जिसके बाद बदमाशों द्वारा उसे देख लेने के बाद उसे भी जान से मार देने की बात कही। तब वह वहां से जान बचाकर भागा और घर जाकर अपने परिवार को सूचना दिया। बाद में मृतक के घरवालों के घटनास्थल पर पहुंचने पर तथा खोजबीन करने पर बाइक समेत अर्धजला शव बरामद किया गया। जिसके बाद घटना की सूचना कौआकोल पुलिस को दी गई। वहीं गुरुवार को घटना की सूचना के बाद कौआकोल पुलिस बिहार-झारखंड की दो थाना के सीमा के विवाद में घण्टों मृतक के स्वजनों को उलझाती रही। अंततः पुलिस के वरीय अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद घटना की प्राथमिकी गुरुवार की देर शाम दर्ज कराकर शव को पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेजा जा सका। पोस्टमार्टम के बाद शव को मृतक के स्वजनों को सौंप दिया गया है। यहां बता दें कि घटनास्थल के पास अंग्रेजी शराब की कई जली हुई बोतल भी बरामद की गई है। जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि सम्भवतः शराब विवाद भी उक्त घटना का एक कारण हो सकता है। बरहाल घटना का कारण चाहे जो भी हो, इस घटना ने एक बार फिर इलाके में दहशत फैला दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### वीकेएसयू में योग पर हुई कार्यशाला और संगोष्ठी

**आरा।** आरा वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग में योग पर कार्यशाला एवं संगोष्ठी हुआ।प्रशिक्षण में सेमेस्टर-टू एवं सेमेस्टर- फोर के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रोफेसर लतिका वर्मा ने किया। कार्यशाला में विभाग के शिक्षक डॉ लाल बाबू सिंह ने विभिन्न योग के माध्यम से प्रशिक्षण दिया। प्राणायाम आसन के बारे में छात्र-छात्राओं को जानकारी दी।सर्वप्रथम संगोष्ठी की मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता जयप्रकाश विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर पूनम सिंह थी। इन्होंने योग के विभिन्न आयामों को जैसे कर्म योग, ज्ञान योग, हठयोग, राजयोग एवं भक्ति योग की उपयोगिता तथा महत्व को बताया। प्रोफेसर लतिका वर्मा ने दैनिक जीवन में योग्य के महत्व पर बल दिया। बताया कि यदि हम नियमित रूप से अपनी दिनचर्या में योग को शामिल करेंगे तो मानसिक तथा शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। हम विभिन्न रोगों से भी मुक्ति पा सकते हैं। विभिन्न आसनों के द्वारा तथा प्राणायाम के द्वारा व्यक्ति रोग मुक्त रह सकता है। धन्यवाद ज्ञापन डॉ प्रियंका पाठक ने किया। उन्होंने पूनम सिंह को छपरा से आकर योग के विभिन्न महत्व को समझाने के लिए तथा छात्रों को प्रेरित करने के लिए ताकि वह अपने जीवन में योग का स्थान बना सके और उसके महत्व को समझ सके उसके लिए धन्यवाद दिया। डॉ लाल बाबू सिंह जिन्होंने प्रशिक्षण दिया उन्हें भी धन्यवाद ज्ञापित किया। मौके पर डॉक्टर संगीता सिन्हा, प्रोफेसर मंजू सिंह, नीरज सहित अन्य की उपस्थिति रही।

### सदर अस्पताल में गुणवत्तायुक्त सेवा के लिए असेसमेंट ऐसेसर ने किया निरीक्षण

**आरा।** सदर अस्पताल में गुणवत्तायुक्त सेवा नियमित करने के लिए एसेसमेंट ऐसेसर ने शुक्रवार को सदर अस्पताल का भ्रमण किया। इस दौरान एसेसमेंट के लिए आये राजाराम व प्रमोद कुमार ने सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड, ओपीडी , महिला वार्ड, समेत समेत सदर अस्पताल में संचालित होने वाली कई सेवाओं को देखा और उसकी गुणवत्ता की जांच की। ऐसेमेन्ट की लिए आए अधिकारी ने सदर अस्पताल के माइनर ओटी में निरीक्षण के क्रम में कहा कि माइनर ओटी हमेशा तैयार रहना चाहिए। अचानक कोई बड़ी घटना हो जाये और ज्यादा मरीज एक साथ आ जाय, तो परेशानी हो सकती है। डिजास्टर प्लान का ध्यान रखे। उन्होंने इमरजेन्सी वार्ड में भर्ती कई मरीजों से बात भी की और उनको मिलने वाली चिकित्सीय सेवा के बारे में जाना। इस दौरान उन्होंने मॉडल सदर अस्पताल के इमर्जेसी वार्ड के ट्रायएज, ऑब्जर्वेशन वार्ड, मॉडल ऑपरेशन थियेटर को भी देखा और काफी संतुष्ट दिखे।

### कर्मचारियों की कमी से कार्यों पर पड़ रहा है असर

**आरा।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय सहित इसके अंतर्गत अंगीभूत कॉलेजों में कर्मचारियों की कमी से काम पर काफी असर पड़ रहा है। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय सहित कॉलेजों में करीब 1100 कर्मचारियों का पद रिक्त है लेकिन वर्तमान में केवल 383 कर्मचारी ही विश्वविद्यालय एवं कॉलेजों में कार्यरत है। कर्मचारियों की कमी से विभागीय कार्यों पर काफी असर पड़ रहा है। कई कॉलेजों में लाइब्रेरियन एवं लैब बॉय तक नहीं है। हालाकि विश्वविद्यालय फाइलों के निष्पादन में तेजी लाने और अन्य कार्यों में सहयोग के लिए आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की मदद लेता है।

### मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए पिछले 6 माह का पीडीएस लाभुकों का डाटाबेस करें तैयार

**बक्सर।** बक्सर एसडीओ धीरेंद्र मिश्रा ने गुरुवार को शहरी क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर सभी नगर परिषद क्षेत्र के जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के साथ बैठक की। उन्होंने मतदाता जागरुकता अभियान से संबंधित गतिविधि जैसे हर घर दस्तक आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया गया। बता दें कि 1 जून को बक्सर लोकसभा क्षेत्र में मतदान सम्पन्न होगा। मतदान की अवधि 07 बजे सुबह से 06 बजे शाम तक निर्धारित है। बैठक में सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं को एक प्रपत्र दिया गया। जिसमें पिछले 6 महीने का लाभुकों का डाटाबेस उपलब्ध कराना है। एसडीओ ने निर्देश दिया कि घर-घर दस्तक के तहत यह ध्यान दिया जाए कि किस घर में कितने लोग बाहर अथवा अन्यत्र शहरों में रहते हैं। विक्रेताओं को बीएलओ से समन्वय स्थापित कर यह सुनिश्चित करने एवं मतदाता के बीच जागरुकता पैदा करने का निर्देश दिया गया कि शहरी क्षेत्र में मतदान की पात्रता रखने वाले सभी मतदाता मतदान की तिथि अर्थात 01 जून को निश्चित रूप से मतदान करें। जानबूझकर मतदान के प्रति उदासीनता नही बरतें। बैठक में बीडीओ रोहित मिश्रा, सीओ प्रशांत शांडिल्य, नगर कार्यपालक पदाधिकारी अमित कुमार समेत सभी आपूर्ति पदाधिकारी, अनुमण्डल, नगर परिषद कर्मी उपस्थित रहे।

### कोईलवर में बालू लदे वाहन नो एंट्री में प्रवेश कर लगा रहे हैं जाम, लोग परेशान

**कोईलवर।** कोईलवर नगर पंचायत क्षेत्र में नो एंट्री के आदेश के बावजूद भी ओवरलोड बालू लदे वाहनों का परिचालन जारी है। गुरुवार को नगर पंचायत में भारी भीड़ के बीच घुसे ट्रक बड़े खतरे का संकेत देते रहे थे। गुरुवार को यह नजारा सुबह से ही देखी गई जो दोपहर तक बनी रही। बता दें प्रखंड क्षेत्र के चालू बालू घाटों से होते हुये कोईलवर नगर पंचायत में प्रवेश कर कपिलदेव चौक से कोईलवर चौक फिर झलकु नगर तक नो एंट्री में एंट्री कर बालू लदे ट्रक चालक कोईलवर थाना को चुनौती दे रहे हैं। वहीं कोईलवर से होते हुवे सकड्डी पहुँचकर खाली वाहन चाँदी पहुँचकर बालू घाटों पर बेटोक आ-जा रहे हैं और चाँदी थाना को चुनौती दे रहे हैं। दिन हो या रात यह सिलसिला जारी है। इसमें प्रशासन भी रुचि लेता नही दिख रहा है। नो एंट्री में एंट्री से त्रिराहे और चौराहे पर हर दिन जाम की समस्या होती है जिससे बाजार के लिए निकले लोगों में भय व्याप्त रहता है। यहीं नही कपिलदेव चौक, कोईलवर चौक, कोईलवर स्टेशन के समीप बाजार, लिंक रोड के जोड़ने वाली सड़को पर ट्रक चालकों की रफ़्तार की गति तेज ही रहती है। जिससे कोई बड़ी दुर्घटना घटित होने की सम्भावना बनी रहती है। ट्रकों की तेज गति, ट्रैफिक नियमों का उलंघन और जाम की समस्या देख लोग घरों में ही दुबके रहना ही मुनासिब समझते हैं जिससे बाजारों की रौनक भी फीकी पड़ रही है। यह समस्या किसी एक दिन की नहीं है।

### बसपा को मिल रहा सर्वजन महिलाओं का समर्थन

**बक्सर।** बसपा प्रत्याशी अनिल चौधरी ने कहा कि बक्सर में बहुजन समाज पार्टी को सर्वजन महिलाओं का समर्थन मिल रहा है, जिसके तहत आज जीविका कार्यालय बक्सर में आयोजित मिलन समारोह में उपस्थित सैकड़ों महिलाओं ने बसपा को समर्थन दिया। इस दौरान दूसरे विभिन्न दलों की महिलाओं ने भी पार्टी का दामन थामा और केंद्र की मोदी सरकार को महिला विरोधी बताया। महिलाओं ने कहा कि बसपा सुप्रीमो मायावती एक महिला हैं और वे महिलाओं के मान-सम्मान और दुःख-दर्द को समझ सकती हैं। शहर स्थित गोलंबर पर आयोजित समरोह में महिलाओं के सवाल पर बसपा के प्रत्याशी अनिल चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर हमला बोला। मोदी सरकार में महिलाओं पर हमले बढ़े हैं। उनके मान-सम्मान को अच्छे दिन के नाम पर रौंदा गया है। वही हाल बिहार में भी है। यहां सरकार में रहने वाले लोग ने जीविका दीदी हो या आंगनबाड़ी की महिलाएं, सबों पर लाठी बरसाई है। सुशासन के राज में उन्हें न्याय तक नहीं मिला। उन्होंने महिलाओं से अपील किया कि आप इस बार लोकसभा चुनाव में महिला विरोधी लोगों के खिलाफ एक जुट होकर अपना मतदान करें। बसपा के हाथों को मजबूत करें। मिलन समारोह में हनी जायसवाल, रुबी श्रीवास्तव, रीना खरवार समेत सैकड़ों जीविका दीदियां एवं आजीविका समूह की महिलाएं बहुजन समाज समाज पार्टी में शामिल हुईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोज कुमार सिंह एवं संचालन संगीता कुमारी ने किया। कार्यक्रम का संयोजन गुप्तेश्वर पटेल ने किया। मौके पर रमेश पांडेय, रोहित प्रधान, अमित कुमार, जीविका संयोजक गणेश पांडेय, मुकेश राय, अकालु पांडेय आदि बसपा में शामिल हुए। समारोह में स्वेता पाल, आरती देवी, मीरा देवी, आजीविका की संगीता देवी, निशा यादव, रिया देवी, सुनीता देवी, विशाखा सिंह, नेहा कुमारी, संध्या सिंह समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# अक्षय तृतीया पर लोगों की उमड़ी भीड़, कई रास्ते ब्लॉक

## घाट की तरफ जाने वाले चार पहिया वाहन पर रोक, गंगा में भक्तों ने लगाई डुबकी

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के विभिन्न घाटों पर अक्षय तृतीया पर पवित्र स्नान के लिए गंगा के किनारे सुबह से ही श्रद्धालु पहुंचने लगे है। पुण्य और पाप दोनों को अक्षय रखने वाली अक्षय तृतीया पर गंगा नदी में डुबकी लगाकर दान पुण्य कर परिवार की सलामती की दुआ मांग रहे हैं। इस स्नान पर उमड़ने वाली अनुमानित भीड़ को लेकर जिला प्रशासन पहले से ही तैयारी कर चुका है। गंगा घाट की तरफ जाने वाले रास्ते में चार पहिया वाहनों को आज दोपहर तीन बजे तक रोक लगा दी गई है। श्रद्धालुओ को बक्सर गोलंबर, इटाढी रेलवे फाटक और मठिया मोड़ से पैदल ही गंगा घाट तक पहुंचना होगा।



रामरेखा घाट पर मौजूद पंडित लाला बाबा ने बताया कि भगवान राम को जन्म देने वाली त्रेता युग का शुभारंभ अक्षय तृतीया को ही हुआ था। अक्षय तृतीया ऐसा पर्व है, जिस पर कोई भी मांगलिक कार्य बगैर सुझाए किया जा सकता है। शुक्रास्त होते हुए भी इस दिन देश में हजारों विवाह होंगे। बक्सर में अपने बच्चो के मुंडन संस्कार के लिए भी काफी संख्या में लोग पहुंच रहे है।यह ऐसा दिन है,कि पंडित से किसी मांगलिक कार्य की तिथि निकालने की आवश्यकता नहीं पड़ती। यह दिन देव और पितृ दोनों संतुष्टि का दिन है। इस दिन विष्णु पूजन कर विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करना चाहिए। ऐसा करने से देव और पितृ दोनों के ऋणों से मुक्ति मिलती है। इस स्नान के लिए लोग विभिन्न साधनों से बक्सर पहुंच रहे हैं। बक्सर के रामरेखा घाट पर बक्सर जिले के आलवे रोहतास, कैमूर,और भोजपुर से लोग पहुंच रहे है। बस , ट्रैक्टर, कार के साथ पैसेंजर ट्रेन से भारी संख्या में श्रद्धालु बक्सर स्टेशन पर उतर बक्सर के रामरेखा घाट, सती घाट, जहाज घाट, नाथ बाबा घाट पर पहुंच गंगा में डुबकी लगा दान पुण्य कर रहे हैं।

# बक्सर मॉल में लगी आग, लाखों का नुकसान

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर जिले के चरित्रवन स्थिति विशाल मेगा मार्ट मॉल में आग लगने से अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया। पूरा इलाका धुएं से भर गया । हालांकि स्थानीय लोगो के सूचना पर मौके बिना समय गवाए तीन अग्निशमन की गाड़िया मौके पर पहुंच आग पर काबू पाने में कामयाब हुई है। बताया गया की यह घटना मॉल बंद होके के घटी है।जिससे कोई हताहत नहीं हुआ।मॉल में रखे लाखों रुपए का सामान जल कर राख हो गया है। बताया गया की मॉल में अग्निशमन सिस्टम लगाया गया था लेकिन वह काम नहीं किया। अनुमान लगाया गया की यह आग शॉर्ट सर्किट से लगी है।

**पास के होटल को कराया गया खाली:** बता दें कि मेगा मार्ट के ठीक पीछे आकर्षक हेरिटेज होटल है। आग से होटल आकर्षक हेरिटेज को नुकसान न पहुंचे इसके लिए दमकलकर्मी पूरी तत्परता के साथ प्रयास करते रहे। एहतियात के तौर पर होटल में रुके हुए अथितियों को



बाहर निकाला गया। प्रत्यक्षदर्शियों से मिली जानकारी का मुताबिक रात तकरीबन 11 बजे स्टोर में अचानक आग लग गई। आग किन कारणों से लगी यह तो पता नहीं चल सका है।लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट से आग लगने की वजह हो सकती है। अग्निशमन के पदाधिकारी सत्यदेव सिंह ने बताया की सूचना मिलते ही अग्नि शमन की टीम मौके पर पहुंच गया।और एक घंटे के कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया है।मॉल बंद हो जाने के कारण कोई हताहत तो नहीं हुआ है, लेकिन मॉल का काफी सामान जल जाने से लाखों का नुकसान हुआ है। हालांकि नुकसान कितना हुआ है इसका आकलन अभी किया जा रहा है।

# हथियार के साथ बदमाश गिरफ्तार

◆ घटना को अंजाम देने के फिराक में था, पुलिस की छापेमारी में कट्टा और कारतूस बरामद

निज संवाददाता। आरा

तरारी थाना क्षेत्र के जेठवार गांव में पुलिस ने छापेमारी कर एक वांछित को कट्टा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपित सिकरहटा थाना के सिकरौल गांव निवासी लड्डु उर्फ ब्रजेश है। जानकारी पीरो एसडीपीओ राहुल सिंह ने दी। पकड़े गए आरोपित के पास से एक कट्टा और एक कारतूस बरामद किया गया है। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी की है। पकड़े गए आरोपित की पुलिस को हत्या के प्रयास व आर्म्स एक्ट के मामले में तलाश थी। उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कांड



में वांछित आरोपित अवैध हथियार के साथ जेठवार दुर्गा मंदिर के पास खड़ा है और किसी घटना को अंजाम देने के प्रयास में है।

**प्राथमिकी दर्ज कराई थी:** थानाध्यक्ष प्रदीप भास्कर के नेतृत्व में प्रशिक्षु दारोगा रामाशंकर बैठा, हरेराम राम और एएसआई अभिषेक आनंद ने सशस्त्र बल के साथ छापेमारी की और लड्डु उर्फ ब्रजेश को पकड़ लिया। तलाशी पर पिस्तौल और गोली बरामद हुई। मालूम हो कि 8 अप्रैल 2024 को लड्डु उर्फ ब्रजेश अपने गांव के प्रकाश कुमार को झांसा देकर जेठवार ले गया था और उसे गोली मार दी थी। जिसमें वह घायल हो गया था। इसे लेकर घायल सिकरौल निवासी प्रकाश ने नामजद प्राथमिकी कराई थी।

# सड़क हादसे में युवक की मौत, 20 दिन पहले गर्भवती पत्नी से मिलने आया था गांव, बालू लदे ट्रैक्टर ने रौंदा

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के तेलाढ़ गांव के नईकी पुलिया के समीप गुरुवार की रात शौच करने गए एक युवक को बेलगाम बालू लदे ट्रैक्टर ने रौंद दिया। हादसे में उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। इसके बाद ग्रामीणों ने घटना की सूचना परिजनों को दी।

**मृतक की पत्नी गर्भवती है:** मृतक अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के तेलाढ़ गांव निवासी सरवन कुमार पासवान का 24 वर्षीय पुत्र सन्नी कुमार पासवान है। वह गोआ में रहकर प्राइवेट कंपनी में काम करता था। इधर मृतक के भाई मनीष रंजन ने बताया कि इनकी पत्नी गर्भवती है। वो अपने परिवार से मिलने के लिए 20 दिन पहले गोवा से गांव आया हुआ था। गुरुवार की देर शाम अपने घर से कुछ ही दूरी पर बधार में शौच करने गया था। लौटने के दौरान बेलगाम बालू लदे ट्रैक्टर ने रौंद दिया है।

**डेढ़ साल की बेटी के सिर से उठा पिता का साया:** ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों ने घटना की सूचना परिजनों को दी। हादसे के बाद परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना मिलने के बाद



स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव का आरा सदर अस्पताल में पोस्टमॉर्टम करवाया। मृतक के घर में पत्नी शोभा देवी, एक डेढ़ वर्षीय बेटी अंशिका कुमारी है। सन्नी अपने तीन भाई गंगासागर, अमरनाथ और राधेश्याम एवं दो बहन कल्याणी देवी और मुस्कान से चौथे स्थान पर था।

## माले प्रत्याशी सुदामा प्रसाद ने किया नामांकन

# कहा- नहरों का सौंदर्यीकरण होना था, पर नहीं हुआ, 2024 में मोदी की विदाई तय है

निज संवाददाता। आरा

इंडिया गठबंधन समर्थित भाकपा माले के उम्मीदवार सुदामा प्रसाद अपने समर्थकों के साथ आरा शहर के वीर कुंवर सिंह पार्क में बाबू वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद अपना नामांकन पत्र दाखिल करने को समाहरणालय पहुंचे। जहां उन्होंने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। सुदामा प्रसाद ने डीएम महेंद्र कुमार के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल कर डीएम को पत्र सौंपा। पत्र दाखिल करने के बाद वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में जनसभा को संबोधित करने पहुंचे। सुदामा प्रसाद ने कहा कि नॉमिनेशन हो गया है। अब हम सभा में जाएंगे। हमें किसान, मजदूर, जो दुकानदार हैं



चाहे वह फुटपाथ के दुकानदार हो या रिक्शा-टमटम चलने वाले हो तमाम लोगों का समर्थन मिल रहा है। इस बार भोजपुर का बेटा जरूर जीतेगा। यहां की बच्चों की पढ़ाई-लिखाई सब कुछ कृषि पर निर्भर है और खेती हमारे किसनों के घाटे में जा रही है। इसको फायदेमंद बनाने के लिए नहरों का सौंदर्यकरण करना जरूरी था, लेकिन नहीं किया गया। 2024 में सत्ता से मोदी की विदाई तय हो गई है। तीन चरणों के चुनाव में यह तय कर दिया है।

**भाजपा वाले बौखला गए हैं:** इस वजह से भाजपा वाले बौखला गए हैं। इस वजह से अनाप-शनाप बोल रहे हैं। सुदामा प्रसाद ने कहा कि जिनके नेतृत्व में 1857 में पूरे शाहाबाद ने लड़ाई लड़ी आज सोन नदी उसी लड़ाई की देन है। यहां अमित शाह आते हैं शहिद कुंवर सिंह की प्रतिमा पर माला चढ़ाते हैं। कुंवर सिंह के परिवार के एक युवक की हत्या हो गई और यह लोग खामोश रह गए। उनकी पुतोह पुष्पा सिंह न्याय के लिए दर-दर भटकती रही और अभी तक उनको न्याय नहीं मिला।

# बक्सर लोकसभा सीट से सुधाकर सिंह ने किया नामांकन

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर में शुक्रवार राजद उम्मीदवार सुधाकर सिंह ने अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। किला मैदान से अपने कुछ समर्थकों के साथ बक्सर समहरणालय परिसर में पहुंचे। बता दे की सुधाकर सिंह का नामांकन कार्यक्रम बक्सर के ऐतिहासिक किला मैदान में आयोजित किया गया है। जहां लोगो को संबोधित करने के लिए पूर्व उपमुख्य तेजस्वी यादव , वीआईपी प्रमुख मुकेश साहनी,और कांग्रेस के मोहन प्रकाश भी पहुंचने वाले है।

**बक्सर में विकास की गति को बढ़ाएंगे:** सुधाकर सिंह ने कहा की बक्सर के लिए नई उम्मीद होगा बक्सर के विकास के लिए पहिए लगेगे। मेरी उम्मीदवारी से राजनीतिक आजादी हासिल होगा देश में किसानों की लड़ाई धारदार होगी। साथ ही कहा के की मेरे साथ लड़ाई में कोई



नहीं है सभी उम्मीदवार का जमानत जब्त होगा। सभी लोग मेरे से लड़ रहे है मैं किसी से नहीं लड़ रहा। साथ अपने एजेंडे को बता ते हुए कहा की सामाजिक आर्थिक न्याय की जो लड़ाई है उसको तेज करेंगे। बक्सर की विकास की गति को बढ़ाएंगे। बता दे नामांकन के दौरान कुछ लोग अपने अनूठे तौर तरीके से चर्चित होना चाहते है।वही राजद के प्रत्यासी सुधाकर सिंह के द्वारा भी नामांकन के दौरान एक समर्थक अपने शरीर को पेंट कर पहुंचा हुआ था। जो अपने शरीर के पेट और पीठ पर लालटेन लिए राजद के झंडा को फहराते हुए नारे बाजी करता दिखाई दिया।

# पवन सिंह का दिव्यांग फैन बक्सर से सासाराम पहुंचा

## नामांकन में अंदर गए तो उनकी कार से लिपट खड़ा रहा, कहा-भैया के पैर छूने आए हैं

निज संवाददाता। सासाराम

पवन सिंह के नामांकन के दौरान उनके फैन की भारी भीड़ जुटी थी। उनमें एक दिव्यांग फैन बक्सर से सासाराम पहुंचा। वह देख नहीं सकता। युवक ने पवन सिंह की फोटो वाली टी शर्ट पहन रखी थी। उसका कहना था कि वह पवन भैया का पांव छूने के लिए बक्सर के गांव से आया है। पवन सिंह जब नामांकन के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय के अंदर गए थे, तब यह दिव्यांग उनकी गाड़ी से लिपटकर तब तक खड़ा रहा जब तक भोजपुरी अभिनेता वापस नहीं लौटे। युवक ने पूछने पर अपना नाम पप्पू यादव बताया और कहा कि वह बक्सर के नावानगर के समोसर गांव से आया है। बताया कि वह पहले भी पवन



सिंह से दो बार मिल चुका है, लेकिन आज नामांकन के दिन उनका पैर छूने आया है। बताया कि वह भी गायक है और पवन भैया का गाना गाकर अपने इंस्टाग्राम पर लोड करता है। मौके पर पवन सिंह के लिए याद रखिह पवन सिंह के नमवा, नइखे सोचे कि इ होइवे नेता, इ बनकर रहीहन भाई और बेटा, गली-गली करीहे सगरे कमवा, याद रखीय पवन सिंह के नमवा। बेटा बनकर रहीह देलन बचनवा याद रखिह पवन सिंह के नमवा गाना गाया।

# सड़क हादसे में ससुर-दामाद समेत चार जख्मी, नतनी की शादी के लिए लड़का देखने जा रहे थे

## रास्ते में सामने से आ रहे बाइक सवार ने मार दी टक्कर

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के आरा–बक्सर फोरलेन पर दो बाइक की सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे में ससुर दामाद समेत 4 लोग बुरी तरह जख्मी हो गए। इसके बाद ससुर दामाद को इलाज के लिए आनन-फानन में आरा सदर अस्पताल लाया गया। जबकि दो लोगों का इलाज निजी अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मियों में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पिरौटा गांव निवासी स्वर्गीय अनंत साव के 60 वर्षीय पुत्र रघु साव उनके दामाद कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के नथमलपुर गांव निवासी शिवकुमार समेत चार लोग शामिल हैं। जख्मी राघव साव ने बताया कि उनके दामाद शिवकुमार की बेटी रिंकू की



शादी ठीक करने के लिए बक्सर जिले के रहियासोया जा रहे थे।

**दो को गंभीर चोट लगी है:** इसी बीच शाहपुर फोरलेन पर सामने से आ रहे बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में सभी जख्मी हो गए। इनके पास सभी जख्मियों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। ऑन ड्यूटी चिकित्सक ने बताया कि दो को काफी गंभीर चोटे आई है। इलाज कराया जा रहा है।

**आरा में ट्रेन से गिरकर अज्ञात युवक की मौत:** दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर आरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक डाउन लाइन पर गुरुवार ट्रेन से गिरकर एक अज्ञात 40 वर्ष से युवक की मौत हो गई। लोगों ने इसकी सूचना आरा रेल पुलिस को दी गई। सूचना पाकर रेल पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। पुलिस शव की पहचान करने में जुट गई है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : ई-पेपर www.sonvarshavani.com sonvarshavani.com/epaper



## संक्षिप्त समाचार

### एआईसीटीई अब नए सत्र में फंड मुहैया करायेगी

**भागलपुर।** इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों का स्टार्टअप में रुचि बढ़ाने के लिए कदम उठाया जा रहा है। सभी कॉलेजों से प्रोजेक्ट की रूपरेखा तैयार कर उसे एआईसीटीई को भेजने के लिए कहा गया है। बीसीई में एमएसएमई (माइक्रो स्माल मीडियम इंटरप्राइजेज) के तहत स्टार्टअप प्रोजेक्ट लगाने के लिए एआईसीटीई (अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद) अब नए सत्र में फंड मुहैया करायेगी। इसके लिए भागलपुर कॉलेज और इंजीनियरिंग कॉलेज को पत्र लिखा गया है। बीसीई से भी प्रोजेक्ट तैयार कर भेजा जायेगा। एआईसीटीई ने कहा कि एमएसएमई के अलावा रिसर्च एंड डेवलपमेंट से जुड़े प्रोजेक्ट भी स्वीकार किये जाएंगे। एआईसीटीई ने इंजीनियरिंग कॉलेजों को कहा है कि वह स्टार्टअप प्रोजेक्ट बनाने के लिए प्रोत्साहित करें। एआईसीटीई स्टार्टअप प्रोजेक्ट के लिए कई संस्थानों से बात करेगी और वहां से फंड कॉलेजों को भेजवाएगी। बीसीई के प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने कहा कि एमआईटी में राज्य के विज्ञान व तकनीकी शिक्षा विभाग से भी कई प्रोजेक्ट मिल रहे हैं।

### जिस स्कूल से मैट्रिक किया, उसी में इंटर में नामांकन

**भागलपुर।** जिस स्कूल से मैट्रिक किया है। उसी में इंटर में नामांकन लिया जाएगा। इंटर में नामांकन को लेकर शिक्षा विभाग के माध्यमिक शिक्षा निदेशक कन्हैया प्रसाद श्रीवास्तव ने निर्देश जारी किया है। ओएफएसएस से इंटर में नामांकन लेने की प्रक्रिया चल रही है। निदेशक ने निर्देश दिया है कि विशेष परिस्थिति में ही दूसरे स्कूल में 11वीं में नामांकन का मौका मिलेगा। इसके लिए डीईओ की ओर से जारी ट्रांसफर सर्टिफिकेट को दिखाना होगा। माध्यमिक, उच्च माध्यमिक विद्यालयों में करीब एक लाख शिक्षकों की नियुक्ति हो गई है।

### जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट

**टेटिया बंबर।** गंगटा थाना क्षेत्र अंतर्गत घुघलाडीह गांव में जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना घटी। एक पक्ष के धनसी देवी एवं दूसरे पक्ष से अंजनी देवी जख्मी हो गई। दोनों का इलाज सीएचसी हवेली खड़गपुर में कराया गया। जख्मी धंसी देवी एवं अंजनी देवी ने गंगटा थाना में अलग-अलग आवेदन दिया है। दोनों ओर से पांच-पांच लोगों को नामजद किया गया है। थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने करते हुए कहा कि आवेदन के आलोक में जांच पड़ताल की जा रही है।

### 2 व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**हवेली खड़गपुर।** फरार चल रहे 2 व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि न्यायालय मामले में फरार चल रहे नगर क्षेत्र के आईबी रोड निवासी विजय सिंह तथा रानी सागर गांव निवासी लक्ष्मण मांझी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### पांच प्रत्याशियों की दावेदारी खारिज

**भागलपुर।** जिला विधि संघ (डीबीए) के 18 मई को होने वाले चुनाव के लिए नामांकन पर्चों की हुई जांच के बाद पांच प्रत्याशियों की दावेदारी खारिज कर दी गई। अब 114 मैदान में रह गए। निर्वाची अधिकारी मो. शमसुद्दीन ने पर्चे खारिज होने के कारण का उल्लेख करते हुए 114 प्रत्याशियों के नाम की सूची गुरुवार को जारी की है। गुरुवार को नाम वापसी की भी प्रक्रिया थी। एक उम्मीदवार ने नाम वापस लिया, लेकिन बताया गया कि स्क्रूटनी में पहले ही उनका पर्चा खारिज हो गया था। उपाध्यक्ष पद के लिए ओम प्रकाश तिवारी और कार्यकारिणी सदस्य के लिए दिलीप कुमार मिश्रा के एक ही प्रस्तावक राम कुमार मिश्रा थे। दोनों का पर्चा खारिज किया गया। निगरानी समिति के लिए प्रशांत रंजन और कार्यकारिणी समिति के लिए पिंकी कुमारी को पांच वर्ष के न्यूनतम अनुभव से कम पाया गया। सहायक सचिव के लिए अजीत कुमार का नामांकन पर्चा स्टेट बार काउंसिल की सदस्यता नहीं रहने के कारण रिजेक्ट किया गया।ओम प्रकाश तिवारी ने पर्चा रद्द करने को चुनौती दी है। निर्वाची अधिकारी को पत्र देकर कहा है कि नियम में यह जिक्र भी नहीं है कि एक व्यक्ति कितने प्रत्याशियों का प्रस्तावक हो सकता है। उनकी उम्मीदवारी बरकरार रखी जाए।

### 693 मतदान केंद्रों के लिए ईवीएम का रेंडमाइजेशन

**मुंगेर।** उप निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि मुंगेर लोकसभा-28 के लिए डिस्पैच सेंटर आरडी एंड डीजे कॉलेज में ईवीएम रेंडमाइजेशन का कार्य गुरुवार से शुरू किया गया, जिसे शुक्रवार तक पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सुबह 10.30 बजे डीजे कॉलेज में ईवीएम यूनिट का रेंडमाइजेशन कार्य शुरू किया गया। मालूम हो कि मुंगेर लोकसभा सीट के लिए 2029 मतदान केंद्रों पर 13 मई को चुनाव होगा। मुंगेर लोकसभा क्षेत्र में कुल 6 विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। 6 विधानसभा क्षेत्र में मुंगेर जिले के मुंगेर व जमालपुर विधानसभा क्षेत्र, लखीसराय जिले के लखीसराय व सूर्यगढ़ा विधानसभा क्षेत्र और पटना के बाढ़ व मोकामा विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। मालूम हो कि डीजे कॉलेज ईवीएम रेंडमाइजेशन का कार्य मुंगेर विधानसभा के 347 और जमालपुर विधानसभा 346 मतदान केंद्रों के लिए कुल 693 वीवी पैट, 693 पीयू व 693 सीयू ईवीएम यूनिट का रेंडमाइजेशन होना है। गौरतलब है कि मुंगेर विधानसभा क्षेत्र में 1 लाख 82 हजार 554 पुरुष मतदाता व 1 लाख 61 हजार 103 महिला मतदाता हैं। जहां तक जमालपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 1 लाख 80 हजार 166 पुरुष मतदाता और 1 लाख 53 हजार 365 महिला मतदाता शामिल हैं।

### स्मैक तस्करी से जुड़ रहे युवा, कोतवाली पुलिस ने तीन युवक को किया गिरफ्तार



**मुंगेर।** जिले में स्मैक का कारोबार बढ़ रहा है। स्मैक की लत युवाओं को लग रही है। हाल के दिनों में स्मैक की बरामदगी और तस्करों की गिरफ्तारी हुई है। कोतवाली पुलिस ने गुप्त सूचना पर बुधवार को भी छोटी केलाबाड़ी में वाहन चेकिंग के दौरान 5 ग्राम के तीन पुड़िया में मादक पदार्थ (स्मैक) के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। सदर डीएसपी राजेश कुमार ने प्रेस वार्ता में जानकारी दी। पुलिस ने आरोपी के साथ चोरी की दो बाइक, नकद 2400 रुपए भी बरामद किए। आरोपी की पहचान कोतवाली थाना क्षेत्र लाल दरवाजा निवासी इंद्रदेव यादव के पुत्र विक्की कुमार, शंकर यादव के पुत्र गुड्डू यादव और कासिम बाजार थाना क्षेत्र के मंसरी तल्ले निवासी सुभाष यादव के पुत्र राज के रूप में हुई है। पुलिस तीनों से पूछताछ कर रही है। सदर डीएसपी ने बताया कि स्मैक कहां से लाया जा रहा था और कहां ले जाना था, इस बारे में पूछताछ की जा रही है। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस इसकी जांच में जुटी है। मुख्य तस्कर पुलिस की पकड़ से बाहर है। डीएसपी ने बताया कि गिरफ्तार गुड्डू कुमार मुख्य सरगना है, जो मादक पदार्थ को मंगवाता था। जबकि विक्की कुमार के द्वारा सप्लाई की जाती थी। वहीं गिरफ्तार राज इसका सेवन करता था। तीनों युवक एक साथ ही था, जिस कारण सभी की गिरफ्तारी की गई।

# भागलपुर में हाइवा से टकराई कार, 3 दोस्तों की मौत

## स्पीड इतनी थी कि गाड़ी की छत उड़ गई, साथ चलाते थे ढाबा, घर लौट रहे थे

**निज संवाददाता। भागलपुर**



भागलपुर के नवगछिया में शुक्रवार सुबह करीब 4 बजे भीषण सड़क हादसा हुआ। इस हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई है। हादसा गोपालपुर थाना इलाके के कटिहार से बेगूसराय जाने वाली NH- 31 पर हुआ है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंची। इसके बाद कार में फंसे शव को निकाल कर नवगछिया अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया। मृतकों की पहचान नवगछिया के भवानीपुर निवासी सनोज यादव (30) केपिस्टन यादव (32) और खगड़िया निवासी प्रभाकर यादव (28) के रूप में की गई है। तीनों दोस्त थे और पूर्णिया में NH के किनारे एक ढाबा चलाते थे। बताया जा रहा है कि शुक्रवार की अहले सुबह करीब 4 बजे तीनों एक कार से अपने घर भागलपुर के लिए निकले थे। रास्ते में मकनपुर के पास हादसा हुआ है। घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई।

**लोगों ने सोचा टायर फटा, आकर देखें तो एक्सीडेंट हुआ था: प्रत्यक्षदर्शीः-** मौके पर मौजूद सुजय कुमार साव ने बताया कि सुबह करीब साढ़े 3 बजे बहुत तेज आवाज हुई। सबने कहा कि टायर फटा है, लेकिन मौके पर पहुंचने पर पता चला कि एक्सीडेंट हुआ है। गाड़ी में 3 लोग थे, जिनकी हादसे के बाद मौत हो गई थी। सुजय ने बताया कि कार ने खड़ी गाड़ी में टक्कर मार दी थी। लोगों ने गोपालपुर थाना को सूचना दी। उसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस सभी को अस्पताल लेकर चली गई। सुजय का पास ही में लाइन होटल है।

# राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक पहुंचे भीम बांध

## शिक्षा व्यवस्था का जाना हाल



**निज संवाददाता। टेटिया बंबर**

गंगटा थाना क्षेत्र के नक्सल प्रभावित भीम बांध में राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक कार्तिकेय धनजी के आगमन को लेकर जहां जनप्रतिनिधि उत्साहित थे। उन्होंने भीम बांध के रमणीक स्थल का अवलोकन किया। जहां जनप्रतिनिधि पूर्व मुखिया प्रतिनिधि संजय कुमार एवं कई वार्ड सदस्यों ने परियोजना निदेशक से मिलकर भीम बांध में उच्च विद्यालय स्थापित करने की मांग की। पूर्व मुखिया प्रतिनिधि ने बताया कि यह नक्सल प्रभावित इलाका काफी पिछड़ा हुआ है। यहां उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए काफी दूर बच्चों को जाना होता है। वहीं उनकी बातों को गंभीरता से सुनते हुए राज परियोजना निदेशक ने आश्वासन दिया कि जल्द ही भीम बांध में उच्च शिक्षा की व्यवस्था की जाएगी। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी असगर अली, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी विनय कुमार सुमन, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी माध्यमिक शिक्षा आनंद वर्मा, प्रधानाध्यापक अमित मानकर थे।

# 20.2 एमएम बारिश के साथ मौसम के बदले तेवर

**निज संवाददाता। मुंगेर**

तपती धरती को इन दिनों लगातार हो रही बारिश की बूंदों ने पूरी तरह तर कर दिया है। बीते मंगलवार की देर शाम हुई मूसलाधार बारिश ने जहां मौसम के मिजाज को एकाएक पूरी तरह बदल दिया है। वहीं मंगलवार कि बारिश के 34 घंटे बाद गुरूवार को फिर से जिला में झमाझम बारिश हुई। गुरूवार कि सुबह से ही आसमान में घने काले बादल छाए रहे जो सुबह 8 बजे बरसना शुरू हुआ जो दोपहर करीब डेढ़ बजे तक बदस्तूर जारी रहा।

मौसम विभाग के अनुसार गुरूवार को 20.2 एमएम बारिश जिले में दर्ज कि गयी है। हालांकि दोपहर बाद हल्की निस्तेज धूप निकली बावजूद पूरे दिन आसमान में बादलों का जमावड़ा लगा रहा। इस बीच गुरुवार को अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं हवा कि रफ्तार 14 किमी प्रति घंटा दर्ज की गई। वैज्ञानिक मुकेश कुमार की मानें तो आने वाले तीन दिनों तक जिले का मौसम सुहाना बना रहेगा। वहीं शुक्रवार को जिले में 8 एमएम बारिश का अनुमान है जबकि शनिवार को 5 एमएम और रविवार को भी हल्की बारिश का पूर्वानुमान है। इस बीच चालू सप्ताह में अधिकतम तापमान 35-36 डिग्री व न्यूनतम तापमान 20-22 डिग्री तक रहने की उम्मीद है। वहीं इस दौरान हवा कि गति 14-18 किमी रहेगी।

धान की नर्सरी के लिए खेत तैयार करें केवीके के वरीय वैज्ञानिक मुकेश कुमार ने बताया कि भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार मौसम पूर्वानुमानित अवधि में वर्षा की संभावना को देखते हुए मक्का एवं सब्जियों में सिंचाई स्थगित करने की सलाह दी गई है। कीटनाशक दवा एवं खाद का छिड़काव मौसम साफ रहन पर ही करने की हिदायत दी गई है। धान की नर्सरी के लिए खेत की तैयारी करें। देर से पकने वाली किस्मों की नर्सरी 25 मई से लगा सकते हैं। एक हेक्टेयर क्षेत्रफल में रोपाई के लिए 800-1000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में बीज गिराएं।

## मंत्री मदन सहनी ने विपक्ष पर साधा निशाना

# मुंगेर में कहा-लालू-राबड़ी के 15 वर्षों के शासनकाल में बिहार में 118 नरसंहार हुआ

**निज संवाददाता। मुंगेर**



मुंगेर लोकसभा क्षेत्र से जदयू प्रत्याशी राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह के समर्थन में जनसंपर्क करने पहुंचे राज्य के कैबिनेट मंत्री मदन सहनी ने कहा कि देश की जनता एक बार फिर से नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनना चाहती है। इसके लिए जनता बढ़कर एनडीए का समर्थन कर रही है। केंद्र एवं राज्य सरकार ने मिलकर बिहार के विकास के लिए हर क्षेत्र में काम किया है। विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि लालू-राबड़ी के 15 वर्षों के शासनकाल में बिहार में 118 नरसंहार हुआ। जबकि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 18 वर्ष के कार्यकाल में एक भी नरसंहार नहीं हुआ। केंद्र की सरकार कोरोना काल के बाद से लगातार देश के 80 करोड़ गरीब परिवारों के बीच पांच किलोग्राम मुफ्त अनाज का वितरण कर रही है। इसके अलावा गरीब परिवारों के लोगों के इलाज के लिए पांच लाख तक के मुफ्त इलाज की व्यवस्था आयुष्मान भारत योजना के तहत किया है। गांव की गरीब महिलाओं को उज्ज्वला योजना का लाभ देकर उन्हें धुएं से बचाया गया। इसके अलावा देश के हर कोने में हर बसावट तक बिजली एवं सड़क पहुंचाया गया। मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के माध्यम से पिछड़े एवं अति पिछड़े जाति के युवाओं को रोजगार का अवसर दिया गया। उन्होंने कहा कि 8 लाख लोगों को नीतीश कुमार के शासनकाल में सरकारी नौकरी दी गई। चतुर्थ कृषि रोड मैप के माध्यम से कृषि को बढ़ावा दिया गया है। हर खेत तक पानी पहुंचाने के लिए कृषि फीडर की व्यवस्था की गई। लालू परिवार पर हमला करते हुए मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री आरक्षण का दायरा बढ़ा रहे, विपक्ष लोगों को आरक्षण खत्म करने की बात कह भ्रमित कर रहा है। अपने 15 साल के शासनकाल में लालू राबड़ी सरकार ने पंचायत में भी पिछड़ों व महिलाओं को कोई आरक्षण नहीं दिया। विकासशील इंसान पार्टी के अध्यक्ष मुकेश साहनी पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि मुकेश सहनी ने किसी निषाद को टिकट नहीं दिया।

गठबंधन के तहत मुकेश साहनी को तीन लोकसभा क्षेत्र और 11 विधानसभा क्षेत्र दिया गया। इसमें एक भी निषाद को उन्होंने टिकट नहीं दिया। मुकेश सहनी ने सहनी समाज को आरक्षण देने वालों का साथ देने की बात कही थी। अभी राजद के साथ। उन्होंने कहा कि राजद कभी गरीबों का हितैषी नहीं हो सकता।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. एफ–वैगन–बीआरएनबल्कहेड 23–24, दिनांक 08.05.2024,** उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (वैगन), पूर्व रेलवे, जमालपुर वर्कशॉप, जिला–मुंगेर, बिहार–811214 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम :** लोकोमोटिव वर्कशॉप, जमालपुर में कार्य अनुसूची के अनुसार 200 अदद बीआरएन/बीआरएनए/बीआरएनएएचएस/बीआरएन22.9टी वैगनों में फिक्स्ड बल्कहेड से फोल्डेबल बल्कहेड (मुड़ने वाले प्रकार) में परिवर्तन। **मात्रा:** 200 अदद वैगन। **कार्य स्थल:** लोकोमोटिव वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, जमालपुर। **निविदा मूल्य:** रु. 2,67,35,836.17 (रुपये दो करोड़ सड़सठ लाख पैंतीस हजार आठ सौ छत्तीस और पैसे सत्रह मात्र)। **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 10,000/– (रुपये दस हजार मात्र)। **प्रस्ताव की वैधता :** 90 दिन। **बोली प्रारंभ होने की तिथि :** दिनांक 17.05.2024, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 31.05.2024 को 15.00 बजे। **समापन अवधि:** 24 माह। **विवरण यहाँ उपलब्ध है: www.ireps.gov.in**

MISC-49/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# एरियर मांगने पहुंचे रिटायर्ड कर्मचारियों से घिरे रजिस्ट्रार, जमकर लगे मुर्दाबाद के नारे

**निज संवाददाता। मुंगेर**



मुंगेर विश्वविद्यालय में गुरूवार को काफी गहमागहमी रही। एक तरफ पीजी सेम-3 के प्रोन्नत छात्रों ने दर्जनों की संख्या में परीक्षा नियंत्रक कार्यालय पहुंचकर रिजल्ट के जांच की मांग की। उनका आरोप था कि सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राओं के रिजल्ट में गड़बड़ी हुई है। उन्हें प्रोन्नत कर दिया गया है। यह उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ है। उधर रिटायर्ड कर्मियों ने बकाए एरियर के भुगतान की मांग को लेकर रजिस्ट्रार कर्नल विजय कुमार ठाकुर को घेरा। घंटों रजिस्ट्रार कर्नल विजय कुमार ठाकुर रिटायर्ड कर्मचारियों के बीच फंसे रहे। इस दौरान माहौल में तल्खी भी देखी गई। जिससे भड़के कर्मचारियों ने जमकर मुर्दाबाद के नारे लगाए। रिटायर्ड कर्मी वकील महतो, रविन्द्र कुमार, विलायती सिंह सहित अन्य ने कहा कि 24 महीने से एरियर का भुगतान लंबित है। केवल 08 कॉलेजों के गिने-चुने हुए कर्मियों के एरियर भुगतान का उन्होंने आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यहां अधिकारी भेदभाव करते हैं। बहुत बार आवेदन देने के बावजूद काम नहीं होने पर आजीज आकर हमलोगों को यहां आना पड़ा। उन्होंने कहा कि दो दिनों के अंदर हमलोगों को एरियर का भुगतान नहीं किया गया, तो हमलोग फिर रजिस्ट्रार कार्यालय का अनिश्चितकालीन घेराव करेंगे। रजिस्ट्रार कार्यालय के घेराव में रिटायर्ड कर्मियों के साथ अनुकंपा आश्रित भी शामिल हुए। जिन्होंने नियुक्ति में जानबूझकर अनावश्यक विलंब का आरोप लगाया। उनका कहना है कि समझ में नहीं आ रहा है कि आखिर नियुक्ति के नाम पर इतने दिनों से हो क्या रहा है।

> पूछने पर रजिस्ट्रार कर्नल विजय कुमार ठाकुर ने बताया कि घेराव की कोई सूचना उन्हें नहीं थी। कोई मांग पत्र उन्हें नहीं दिया गया है। वैसे एरियर भुगतान एवं अनुकंपा आश्रितों की नियुक्ति की दिशा में कार्य चल रहे हैं। जल्द ही इसके परिणाम भी सामने आएंगे।
>
> **- कर्नल विजय कुमार ठाकुर**
>
> रजिस्ट्रार

# प्री-मानसून की पहली बारिश में ही सड़कें कीचड़मय

**मुंगेर।** प्री-मानसून की पहली बारिश ने ही शहर की सड़कों को गड्ढे में तब्दील कर दिया। मंगलवार रात की मूसलाधार बारिश ने कई जगहों पर जलजमाव के अलावा सड़कों की स्थिति को जर्जर कर दिया। खासकर बिंदवारा मोड़ से बड़ी मिर्जापुर, पूरबसराय रेल अंडरब्रिज आदि इलाकों में बारिश के बाद पानी जमा हो जाने से लोगों को आवाजाही में काफी परेशानी उठानी पड़ी। वहीं गुरुवार को भी लगातार बारिश ने भी खासकर कस्तूरबा वाटर वर्क्स से लेकर कौड़ा मैदान चौक, राजीव गांधी चौक से लेकर आजाद चौक होते हुए केनरा बैंक तक और बेकापुर बाजार जर्जर रोड पर लोगों को आवाजाही में काफी परेशानी उठानी पड़ी। बेकापुर की सड़कों पर जर्जर स्थिति के कारण गुरुवार को ई-रिक्शा पलट गया।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या: ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-21-23, दिनांक 08.05.2024।** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी), पूर्व रेलवे, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा संख्या: ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-21-23। कार्य का नाम सहित उसका स्थान:** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में सेवड़ाफुली-तारकेश्वर खंड में डीसी ओएचई अनरेगुलेटेड का रेगुलेटेड ओएचई में बदली के सम्बन्ध में 25 केवी एसी ओएचई की आपूर्ति, स्थापना, जांच एवं शुरुआत (क्रॉसओवर एवं टर्न आउट्स सहित 41.8 टीकिमी.)। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 17,43,11,168। **जमा की जाने वाली बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** ₹10,21,600। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य। **कार्य पूरा करने की अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी किये जाने की तारीख से 24 (चौबीस) महीना। **निविदा बंद करने की तारीख एवं समय:** 03.06.2024 को अपराह्न 3.00 बजे। **निविदा का खुलना:** निविदा बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदाओं के सम्पूर्ण विवरण/ब्योरे/स्पेसिफिकेशन के लिए निविदादाता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं तथा अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा कोई भी मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर उसे स्वीकार नहीं किया जायेगा तथा सीधे रद्द कर दिया जायेगा।

(HWH-51/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या: ईएल-11-24; दिनांक 09.05.2024।** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी), पूर्व रेलवे, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य को आर्थिक रूप से पूरा करने में सक्षम तथा वैध विद्युतीय ठेकेदार का लाइसेंस रखने वाले सम्माननीय निविदादाताओं से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम सहित उसका स्थान:** (क) आसनसोल मंडल : लिफ्ट कार्य के लिए - सुगम्य भारत के अधीन आसनसोल में डीआरएम बिल्डिंग में लिफ्ट का प्रावधान। (ख) आसनसोल मंडल : विद्युत आपूर्ति कार्य के लिए - सुगम्य भारत के अधीन आसनसोल में डीआरएम बिल्डिंग पर लिफ्ट का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** ₹ 17,58,737.42। **बयाना राशि:** ₹ 35,200। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 6 महीना। **निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख एवं समय :** 05.06.2024 को सुबह 11.00 बजे। सम्पूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखे जा सकेंगे।

(ASN-46/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# आंगनबाड़ी सेविका की संदिग्ध हालत में मौत

**निज संवाददाता। मुंगेर**



मुंगेर अंतर्गत तारापुर थाना क्षेत्र की लौना पंचायत अंतर्गत सेहरा बिंद टोला केंद्र संख्या-39 की सेविका रीना कुमारी मृत अवस्था में अपने घर के रसोई घर के पास मिली है। सुबह जब उसके ससुर की नींद खुली तो देखा कि बहू रसोई घर के सामने गिरी पड़ी है। जब उन्होंने आस पास लोगों को बुलाया तो सभी लोगों ने देखा कि सेविका रीना कुमारी की गला दबाकर किसी ने उसकी हत्या कर शव को रसोई घर के पास रख दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद तारापुर डीएसपी सिंधु शेखर थानाध्यक्ष सहित पुलिस बल के साथ मौके वारदात पर पहुंचे। जहां उन्होंने मृतका के ससुर से पूछताछ की और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मुंगेर सदर अस्पताल भेज दिया। महिला ने 10 साल पहले अपने ही गांव के मांझी जाति के युवक से शादी की थी। पति नागेंद्र मांझी मुंबई में काम करता है और सेविका अपने 8 वर्षीय बच्चे और ससुर के साथ लौना गांव में रहती है।ससुर विरो मांझी ने बताया कि मेरा किसी से दुश्मनी नहीं है। घटना कैसे हुई हमें मालूम नहीं है। कुछ स्थानीय ग्रामीणों ने स्थल पर दबी जुबान से महिला के अवैध संबंध के कारण हत्या होने की आशंका जताई है। तारापुर एसडीपीओ सिंधु शेखर सिंह ने बताया कि महिला लौना गांव की रहने वाली थी। आंगनबाड़ी में सेविका के पद कार्यरत थी। शव को देख कर ऐसा लगता है कि सेविका की गला दबाकर हत्या कर शव को घटनास्थल पर लिटा दिया गया है। उन्होंने कहा कि महिला के शरीर पर कोई जख्म के निशान नहीं है। उन्होंने कहा कि मामला दर्ज कर लिया गया है। एफएसएल की टीम को बुलाया गया है। हत्या का कारण अस्पष्ट है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रखंड कार्यालय का एसडीओ ने किया निरीक्षण

**भागलपुर/ सबौर, एजेंसी।** प्रखंड कार्यालय सबौर का एसडीओ धनंजय कुमार ने गुरुवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी विभागों को कामकाज में अपडेट रहने का दिशा निर्देश दिया। अंचल प्रखंड कृषि कार्यालय, पशु चिकित्सा कार्यालय, मनरेगा भवन, खाद्य आपूर्ति कार्यालय, बाल विकास परियोजना कार्यालय सहित अन्य विभाग को उन्होंने कार्य पंजी तैयार कर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मनरेगा भवन में पीओ को फटकार लगाते हुए साफ-सफाई रखने एवं भवन में विभाग का नामकरण करने को लेकर निर्देश दिया। बीडीओ प्रभात रंजन ने कहा कि सदर अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण करने के दौरान प्रखंड क्षेत्र के संचालित सभी विभाग के कार्यालय को व्यवस्थित ढंग से रहकर कार्य कर निष्पादन करने को लेकर दिशा निर्देश दिया गया।

### छात्रों के नामांकन को लेकर डीएम को आवेदन

**भागलपुर/ सबौर, एजेंसी।** प्रखंड क्षेत्र के फरका पंचायत स्थित घोषपुर मध्य विद्यालय के अष्टम वर्ग उत्तीर्ण छात्राओं के नामांकन को लेकर फरका पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद मंडल ने डीएम को आवेदन दिया है। उन्होंने मांग की है कि घोषपुर व पंचायत के अन्य गांव के मध्य विद्यालय से अष्टम वर्ग उत्तीर्ण छात्रों का नामांकन फरका पंचायत स्थित हाई स्कूल में नहीं करवाना चाहता है। कारण सड़क गंगा कटाव में विलीन होने एवं दूर होने से परेशानी है। उन्होंने सबौर नगर पंचायत स्थित अन्य विद्यालय में नामांकन की मांग की है।

### गायघाट : महायज्ञ को लेकर निकाली कलश शोभायात्रा

**गायघाट , एजेंसी।** केवटसा पंचायत स्थित हरखौली में श्री विष्णु महायज्ञ व श्री भगवत प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर गुरुवार को कलश शोभायात्रा निकाली गई। बागमती नदी स्थित चंदौली घाट से कलश में जल भर कर श्रद्धालु यज्ञ स्थल पर पहुंचे। 19 मई तक चलने वाले इस महायज्ञ में श्रीरामचरित मानस पाठ, नवाह परायण, भजन संकीर्तन एवं राम कथा के साथ ही भागवत कथा, हवन, हनुमान चालीसा व भजन कार्यक्रम का आयोजन होगा। त्यागी बाबा विरेंद्र शरण के नेतृत्व में यज्ञ में अयोध्या व अन्य जगहों के संत महात्मा भाग लेंगे। शोभा यात्रा के दौरान राम नारायण राय, घनश्याम राय, नरेश राय, राम सुभक राय, ललित राय, संजय राय, रामनाथ राय, शिवचंद्र राय, उमेश राय, राम सुफल राय, फुलदेव राय व मिथिलेश राय मौजूद थे।

### बरारी वाटर वर्क्स रोड पर आज हटेगा अतिक्रमण, टूटेंगे अवैध मकान

**भागलपुर, एजेंसी।** बरारी वार्टर वर्क्स रोड पर बने अवैध मकान आज तोड़े जाएंगे। यहां नगर निगम की जमीन पर अतिक्रमण कर पांच लोगों ने मकान बना लिए हैं। हाईकोर्ट ने इन्हें अवैध मानते हुए इस अतिक्रमण को हटाने का आदेश दिया है। नगर निगम प्रशासन अनुसार जिन लोगों ने अतिक्रमण किए हैं, उनमें प्रमोद कुमार मंडल, रानी देवी, रुपा देवी, संजय कुमार पासवान और पुष्पलता कुमारी शामिल हैं। हाईकोर्ट के आदेश के क्रम में नगर निगम प्रशासन आज अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण ध्वस्त करेगा। अभियान के दौरान दंडाधिकारी और पुलिस बल की तैनाती की गई है।

# लोकसभा चुनाव: चौथे चरण में 2 केंद्रीय मंत्रियों की प्रतिष्ठा दांव पर



**बेगूसराय, एजेंसी।** बिहार में चौथे चरण के लोकसभा चुनाव पर देश-प्रदेश की नजरें टिकी हैं। इस चरण में भाजपा के फायरब्रांड नेता गिरिराज सिंह (बेगूसराय) और केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय (उजियारपुर) तथा जदयू के दिग्गज नेता राजीव रंजन सिर्फ उर्फ ललन सिंह की प्रतिष्ठा दांव पर है। चौथे चरण की सीटों पर चुनाव प्रचार के लिए महज 48 घंटे शेष रह गया है। चौथे चरण में पांच सीटों- मुंगेर, बेगूसराय, समस्तीपुर (सु.), उजियारपुर और दरभंगा में 13 मई को मतदान है। इस चरण में नीतीश कुमार की सरकार में दो मंत्री अशोक चौधरी और महेश्वर हजारी के बीच भी नाक की लड़ाई है। एक की बेटी तो दूसरे का बेटा समस्तीपुर से एक दूसरे के आमने सामने हैं। सभी सीटों पर एनडीए और महागठबंधन के उम्मीदवारों के बीच सीधी टक्कर है। पांच में से चार सीटों पर दोनों गठबंधनों के उम्मीदवार पहली बार आमने-सामने हैं। सिर्फ एक सीट उजियारपुर में भाजपा के नित्यानंद राय और राजद के आलोक कुमार मेहता के बीच दूसरी बार टक्कर है। इससे पहले भी 2014 में भी ये दोनों चुनाव मैदान में आमने सामने हुए थे। नित्यानंद राय की जीत हुई थी। नित्यानंद राय के सामने जीत बरकरार रखते हुए हैट्रिक लगाने की चुनौती है। गिरिराज सिंह ने 2014 का चुनाव नवादा से और 2019 का चुनाव बेगूसराय से जीता। पिछले चुनाव में गिरिराज सिंह ने भाकपा के कन्हैया कुमार को हराया था। इस बार बेगूसराय में उनके सामने भाकपा के अवधेश राय हैं। दोनों के बीच पहली बार मुकाबला हो रहा है। 2019 में मुंगेर से जीत चुके जदयू प्रत्याशी ललन सिंह की टक्कर राजद की अनीता देवी से है, जो पहली बार चुनाव मैदान में हैं। दरभंगा में भाजपा के मौजूदा सांसद गोपालजी ठाकुर के सामने राजद के पूर्व मंत्री ललित यादव हैं। दोनों पहली बार आमने-सामने हैं। ललित पांच बार के विधायक हैं। वर्ष 2019 में दरभंगा में गोपालजी ठाकुर ने राजद के पूर्व मंत्री अब्दुलबारी सिद्दिकी को हराया था।

### समस्तीपुर में दो मंत्रियों के बेटे-बेटी मैदान में

समस्तीपुर के चुनाव पर भी देश भर की निगाहें हैं। यहां जदयू के दो मंत्रियों के बेटे-बेटी चुनाव मैदान में आमने-सामने हैं। यहां से ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी की बेटी शांभवी चौधरी लोजपा (आर) तो सूचना एवं जनसम्पर्क मंत्री महेश्वर हजारी के पुत्र सनी हजारी कांग्रेस के प्रत्याशी हैं। इन दोनों ही युवा उम्मीदवारों का यह पहला चुनाव है। इस तरह इनका भी आमना-सामना पहली बार है।

### कल थम जाएगा चुनाव प्रचार, 55 उम्मीदवार है मैदान में

इस चरण में कुल 55 उम्मीदवारों में 51 पुरुष और 3 महिला प्रत्याशी हैं। दरभंगा में 8, उजियारपुर में 13, समस्तीपुर में 12, बेगूसराय में 10 और मुंगेर में 12 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। 11 (शनिवार) मई की शाम को 6 बजे चुनाव प्रचार समाप्त हो जाएगा।



# भागलपुर में हाइवा से टकराई कार, 3 दोस्तों की मौत

**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर के नवगछिया में शुक्रवार सुबह करीब 4 बजे भीषण सड़क हादसा हुआ। इस हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई है। हादसा गोपालपुर थाना इलाके के कटिहार से बेगूसराय जाने वाली एनएच- 31 पर हुआ है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंची। इसके बाद कार में फंसे शव को निकाल कर नवगछिया अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया। मृतकों की पहचान नवगछिया के भवानीपुर निवासी सनोज यादव (30) केपिस्टन यादव (32) और खगड़िया निवासी प्रभाकर यादव (28) के रूप में की गई है। तीनों दोस्त थे और पूर्णिया में एनएच के किनारे एक ढाबा चलाते थे। बताया जा रहा है कि शुक्रवार की अहले सुबह करीब 4 बजे तीनों एक कार से अपने घर भागलपुर के लिए निकले थे। रास्ते में मकनपुर के पास हादसा हुआ है। घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। मौके पर मौजूद सुजय कुमार साव ने बताया कि सुबह करीब साढ़े 3 बजे बहुत तेज आवाज हुई। सबने कहा कि टायर फटा है, लेकिन मौके पर पहुंचने पर पता चला कि एक्सीडेंट हुआ है। गाड़ी में 3 लोग थे, जिनकी हादसे के बाद मौत हो गई थी। सुजय ने बताया कि कार ने खड़ी गाड़ी में टक्कर मार दी थी। लोगों ने गोपालपुर थाना को सूचना दी। उसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस सभी को अस्पताल लेकर चली गई। सुजय का पास ही में लाइन होटल है।

# बेगूसराय में खेल-खेल में चली गोली..किशोर की मौत

**नाबालिग दोस्त पर फायरिंग का आरोप, पिस्तौल और चार कारतूस बरामद**



**बेगूसराय, एजेंसी।** बेगूसराय में गुरुवार की देर शाम गोली लगने से एक किशोर की मौत हो गई। घटना चेरिया बरियारपुर थाना क्षेत्र के बसही पंचायत के औरैय गांव की है। बताया जा रहा है कि दो दोस्त ऑनलाइन गेम खेल रहे थे। इसी दौरान एक ने दूसरे पर गोली चला दी। मृतक की पहचान श्रवण यादव के बेटे अर्जुन कुमार (12) के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि अर्जुन कुमार और उसका नाबालिग दोस्त दोनों पबजी खेल रहे थे। इसी दौरान नाबालिग दोस्त ने गोली चला दी। इसके बाद मौके से फरार हो गया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा है।

**खेल-खेल में घटी घटना :** घटना की सूचना मिलने के बाद थानाध्यक्ष विवेक भारती मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मौके से एक पिस्तौल और चार जिंदा कारतूस बरामद किया है। वहीं, शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना खेल-खेल में घटी है। हादसे के शिकार और आरोपी दोनों नाबालिग हैं। घटनास्थल से एक पिस्तौल और चार गोली बरामद किया है। घटना की छानबीन की जा रही है, जल्द ही दोषी को पकड़ लिया जाएगा।

### अस्पताल पहुंचने से पहले हुई मौत

एसपी मनीष ने बताया कि गोली लगने के बाद नाबालिग को तुरंत पीएचसी लाया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। एसपी ने बताया कि अर्जुन कुमार अपने नाबालिग दोस्त के साथ हकरू यादव के घर के बरामदे पर गेम खेल रहा था। इसी दौरान नाबालिग दोस्त ने गोली चला दी। घटनास्थल से एक देसी पिस्टल, एक मैगजीन और चार जिंदा कारतूस बरामद किया गया है।



**अब रेलवे को देना होगा 1.96 लाख मुआवजा**

# बुजुर्ग को खड़े-खड़े करवाया दरभंगा से दिल्ली तक 1200 किमी का सफर

**पटना, एजेंसी।** एक बुजुर्ग को रेलवे की लापरवाही भारी पड़ गई। सहूलियत से सफर के लिए एक महीने पहले उन्होंने टिकट आरक्षित कराई थी। बावजूद इसके उन्हें करीब 1200 किलोमीटर की यात्रा खड़े होकर करनी पड़ी। उपभोक्ता अदालत ने बुजुर्ग को हुई कठिनाई के लिए रेलवे को दोषी मानते हुए मुआवजा देने का आदेश दिया है। उद्योग सदन स्थित उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग की अध्यक्ष मोनिका श्रीवास्तव, सदस्य डॉ राजेन्द्र धर व सदस्य रश्मि बंसल की पीठ ने इस मामले में रेलवे पर जुर्माना लगाया है। इसके तहत ब्याज सहित शिकायतकर्ता को एक लाख 96 हजार रुपये मुआवजा देने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि कोई भी व्यक्ति सुविधाओं के साथ यात्रा करने के मकसद से ही महीनों पहले रेल का टिकट बुक कराता है, लेकिन यदि यात्रा वाले दिन कन्फर्म टिकट के बावजूद उसे हजारों किलोमीटर का सफर बगैर सीट के तय करना पड़े तो उसकी मुश्किलों का अंदाजा लगाया जा सकता है। पीठ ने इसे सरासर रेलवे अधिकारियों की सेवा में कोताही माना है। मुआवजा रकम में बुजुर्ग को हुई असुविधा के साथ-साथ मुकदमा खर्च भी शामिल है। मामले में सुनवाई के दौरान रेलवे की ओर से तर्क दिया गया कि बुजुर्ग ने 3 जनवरी 2008 को बिहार के दरभंगा से दिल्ली आने के लिए स्लीपर क्लास की एक टिकट बुक कराई थी।

बुजुर्ग को यह यात्रा 19 फरवरी 2008 को करनी थी। रेलवे ने इस बीच बुजुर्ग की सीट का अपग्रेडेशन कर उन्हें एसी कोच में एक सीट दी थी। हालांकि, रेलवे पीठ के समक्ष यह साबित करने में असफल रहा कि उन्होंने सीट अपग्रेडेशन की सूचना बुजुर्ग को दी थी। बुजुर्ग ने सुनाई व्यथा बुजुर्ग ने पीठ को दी शिकायत में बताया कि टिकट बुक कराते समय उन्हें कोच एस 4 में सीट नम्बर 69 आवंटित की गई थी। 19 फरवरी 2008 को वह ट्रेन के समय पर दरभंगा स्टेशन पहुंचे और कोच एस 4 में चढ़ गए। वहां पहुंचकर उन्होंने देखा की उनकी सीट पर कोई और व्यक्ति है। इस पर उन्होंने कोच के टीटीई से संपर्क किया। टीटीई ने बताया कि उनकी सीट का अपग्रेडेशन कर दिया गया है। वह बी 1 कोच की सीट नम्बर 33 में चले जाएं। जब वह छपरा स्टेशन पर बी 1 कोच में पहुंचे तो उन्होंने पाया कि यह सीट टीटीई ने किसी और व्यक्ति को दे दी है। इस पर उनका टीटीई से विवाद हुआ। रेलवे का पीठ के समक्ष तर्क था कि यात्री समय से सीट पर नहीं पहुंचे, इसलिए दूसरे यात्री का किराया बढ़ाकर यह सीट उन्हें दे दी गई थी।

# विश्वविद्यालयों में शिक्षकों के आधे से अधिक पद खाली

**अकेले बीआरएयू में 1000 पद रिक्त**

**पटना, एजेंसी।** राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों में आधे से अधिक शिक्षकों के पद खाली हैं। कई विषयों में एक भी नियमित शिक्षक कार्यरत नहीं हैं। विश्वविद्यालयों द्वारा राजभवन को इस संबंध में जानकारी दी गई है। पिछले दिनों राजभवन में हुई कुलपतियों की बैठक में यह जानकारी सभी ने दी है। कुलपतियों ने बताया कि जिन विषयों के शिक्षक नहीं हैं, वहां अतिथि शिक्षक कक्षा लेते हैं। अतिथि शिक्षकों को भुगतान करने के लिए लंबे समय से शिक्षा विभाग द्वारा राशि नहीं देने की शिकायत भी कइयों ने की। इसी क्रम में मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलपति ने राजभवन को बताया है कि उनके यहां स्नातकोत्तर में शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मियों का एक भी पद नहीं है। स्नातक के शिक्षक ही स्नातकोत्तर को पढ़ा रहे हैं। स्नातकोत्तर शिक्षक के पद की स्वीकृति अभी-तक नहीं मिली है। वहीं, बीएन मंडल मधेपुरा के कुलपति ने राजभवन को बताया है कि उनके यहां 14 विषयों में से 11 के शिक्षक ही नहीं हैं। पटना विश्वविद्यालय के कुलपति ने बताया कि उनके यहां सिर्फ बंगाली भाषा के शिक्षक नहीं हैं। ललित नारायण विश्वविद्यालय ने बताया कि उनके यहां शिक्षकों के 117 पद रिक्त हैं। 381 अतिथि शिक्षक हैं। बीआरए विश्वविद्यालय मुजफ्फरपुर में शिक्षकों का स्वीकृत पद 1690 है, जिनमें 637 ही नियमित शिक्षक हैं। 501 अतिथि शिक्षक रखे गये हैं। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में 965 स्वीकृत पदों के विरुद्ध 351 शिक्षक ही कार्यरत हैं। यहां 264 अतिथि शिक्षक हैं। इसी प्रकार पूर्णिया विश्वविद्यालय में 782 पदों के विरुद्ध 172 ही कार्यरत हैं। यहां अतिथि शिक्षक 60 हैं। तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय में 15 वैसे विषय हैं, जिनके एक भी नियमित शिक्षक नहीं हैं। जयप्रकाश विश्वविद्यालय छपरा में 11 विषयों के शिक्षक नहीं हैं।



### बीपीएससी में चल रही शिक्षक भर्ती

बिहार सरकार के शिक्षा विभाग ने सिमुलतला आवासीय विद्यालय, जमुई में माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षक के पदों पर भर्ती निकाली है जिसके लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया चल रही है। शिक्षा विभाग की इस भर्ती में आवेदन करने को इच्छुक अभ्यर्थियों को अब भी आवेदन करने का मौका है। जिन लोगों ने अभी तक फॉर्म भरना शुरू नहीं किया है, उन्हें सलाह है वे जल्द से जल्द आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर इस भर्ती में ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ध्यान रखें कि आवेदन फॉर्म भरने की आखिरी तारीख 16 मई, 2024 निर्धारित है। अधिक जानकारी के लिए आयोग की वेबसाइट पर जारी भर्ती विज्ञापन व नोटिफिकेशन भी देख सकते हैं।

# चिराग बोले-तेजस्वी को हार की चिंता इसलिए बौखला रहे



**हाजीपुर (वैशाली), एजेंसी।** हाजीपुर में पहुंचे चिराग पासवान ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर जोरदार हमला बोला। कहा कि जैसे-जैसे चरण समाप्त हो रहे, वैसे-वैसे लोगों में आक्रामक और बौखलाहट दिखाई देने लगती है। वह जान रहे हैं कि चुनाव हार जाएंगे इसी को लेकर शब्दों की मर्यादा को भी खोता जा रहे हैं। चिराग पासवान हाजीपुर के डिग्गी स्थित एक निजी होटल में कार्यकर्ताओं से मुलाकात करने पहुंचे थे। तभी मीडिया कर्मियों के सवालों को जवाब देते हुए कहा कि शब्दों की मर्यादा जिस तरह से इन लोगों का खोता रहा है, वह भी इसी तरह से खोती रहेगी। उन्होंने कहा कि 2014 में भी हम लोगों ने देखा और 2019 में भी हम लोगों ने देखा है कि जैसे-जैसे चरण बढ़ते जा रहे, वैसे-वैसे इनको हार का एहसास होने लगता और लोगों से इनको फीडबैक मिलते रहता है। कैसा प्रचार चल रहा है कैसा रिजल्ट आ रहा है, वैसे में स्वाभाविक है कि लोगों में आक्रामकता आएंगी ही।

# मुजफ्फपुर में हथियारों की होड़, एक और एके 47 का सुराग मिला

**इटली मेड पिस्टल बरामद**



**मुजफ्फपुर, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मुजफ्फरपुर और आस पास के इलाके में सुरक्षा जांच तेज कर दिया गया है। इस दौरान बड़े और घातक हथियार बरामद किए जा रहे हैं। जिले के फकुली थाना क्षेत्र के मनकौली से एके-47 बरामदगी मामले में जांच कर रही एसआईटी को जिले में एक और एके-47 का सुराग मिला है। जिसे दो बार में पार्ट्स-पार्ट्स करके असम से मुजफ्फरपुर लाया गया है। विकास के माध्यम से ही असम से यह एके-47 जिले में शराब धंधेबाजों ने मंगवाई है। बताया जा रहा है कि उसकी बरामदगी के लिए पुलिस टीम ताबड़तोड़ छापेमारी में जुटी है।

उधर बैरिया बस स्टैंड के पास स्थित एक होटल से इटली मेड विदेशी पिस्टल के साथ एक शख्स को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी मिल रही है कि दो खेप में पहुंची एके-47 को दो इलाके में छिपाकर रखा गया है। हथियार बरामदगी के लिए पहले उस बदमाश को पकड़ने की तैयारी है जिसके हाथ एके-47 बेची गई है। उसकी गिरफ्तारी के बाद हथियार छिपाने स्थलों की जानकारी मिलेगी। हालांकि पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इन हथियारों का कोई रिलेशन नहीं है। वहीं, मामले में शराब धंधेबाज देवमणि राय से पूछताछ में पुलिस को कई जानकारी मिली है। झारखंड, यूपी और पश्चिम बंगाल की सीमा से शराब लदे ट्रक की इंट्री होते ही एके-47 धारक बदमाश गाड़ी को स्कॉर्ट करके धंधेबाज के ठिकाने तक सुरक्षित पहुंचाते हैं।

प्रतिद्वंद्वियों से शराब लदे ट्रक को बचाने के लिए कई धंधेबाज एके-47 को भाड़े पर भी लेते हैं। शराब की मात्रा के अनुसार हथियार का भाड़ा तय होता है। आमतौर पर एक ट्रक शराब को सुरक्षित ठिकाने तक पहुंचाने के लिए एके-47 का भाड़ा एक लाख रुपये प्रति खेप तक होता है। पुलिस को यह सूचना मिलने के बाद अब शराब धंधेबाजों के सिंडिकेट को भी जांच के दायरे में रखा गया है। जिले के पश्चिमी इलाके के तीन शराब सिंडिकेट भाड़े पर एके-47 की सेवा लेते हैं। देवमणि खुद की खेप लाने के साथ भाड़े पर भी एके-47 दिया करता था।

**सोने की चेन की जब्ती नहीं बनाने का आरोप :** एके-47 के साथ गिरफ्तार देवमणि राय के परिजनों ने आरोप लगाया है कि पुलिस ने उसके पास से बरामद सोने की चेन को दबा लिया है। जब दिवमणि को गिरफ्तार किया गया तब उसके गले में सोने की चेन थी। इस चेन का जिक्र पुलिस ने अपनी जब्ती सूची में नहीं किया है, नहीं ही इसे लौटाया गया है। गुरुवार को देवमणि के परिजनों ने वकील के माध्यम से इसको लेकर कई वरीय पुलिस अधिकारियों से शिकायत की।

**पुलिस कर्मियों को मिलेगा गैलेंट्री अवार्ड :** जिले में एके-47 हथियार बरामद करने वाली टीम में शामिल पुलिस कर्मियों को गैलेंट्री अवार्ड मिलेगा। इसकी कवायद शुरू कर दी गई है। एसएसपी की ओर से आईजी के माध्यम से प्रस्ताव भेजा जाएगा। टीम में शामिल अधिकारियों को अवार्ड दिलाने के लिए एसएसपी ने गोपनीय कार्यालय प्रभारी को कागजात तैयार करने का निर्देश दिया है। टीम में शामिल 2018 बैच के दारोगा रंजीत कुमार, फकुली थानाध्यक्ष ललन कुमार, पीएसआई कुणाल कुमार कश्यप, पीएसआई भास्कर कुमार मिश्रा, पीएसआई अंजली कुमारी व पिंटू कुमार को शामिल दिखाया गया है। अवार्ड मिलने पर सभी को शीघ्र ही प्रोमोशन मिलेगा। इधर फकुली से एके-47 जब्ती में आरोपितों की ओर से बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने अब पुलिस की कार्रवाई में खामियां ढूंढ़नी शुरू कर दी है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने बताया कि नियम है कि जिस जगह हथियार या उसका कोई भी पार्ट्स जब्त होता है, उसी स्थल पर उसे सील करना है। इसके साथ ही इलाके के संबंधित थाने में इसकी एफआईआर भी दर्ज करानी है। पुलिस ने फकुली थाना में दर्ज एफआईआर में विकास और सत्यम को स्टेशन पर ही एके-47 के बट और इसमें फिट होने वाले लेंस के साथ हिरासत में लेने का जिक्र किया है, लेकिन इस संबंध में जीआरपी में इंट्री नहीं है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com
ई-पेपर sonvarshavani.com/epaper



## संक्षिप्त समाचार

### रिटायर रेलकर्मी अनुबंध पर होंगे नियुक्त

**जमशेदपुर।** रेलवे रिटायर कर्मचारियों के अनुभव का लाभ उठाएगा ताकि रेलवे में गति शक्ति योजना कार्यों को समय से खत्म कर सके। इससे रिटायर रेल कर्मचारियों को अनुबंध पर करने की तैयारी में है। रिटायरमेंट के बाद भी काम करने के इच्छुक कर्मचारियों से रेलवे ने 7 जून तक आवेदन मांगा गया है। रेलवे की नई योजना से दक्षिण पूर्व जोन व चक्रधरपुर मंडल में परिचालन व अन्य विभागों के दर्जनों रिटायर कर्मचारियों को अवसर मिलेगा। दरअसल रेलवे में विकास का दौर शुरू है। इससे एक-एक सिग्नल, प्वाइंट, लाइन, कलवट एवं केबल की सूचना रखने वाले कर्मचारियों के अनुभव का लाभ रेलवे पांच वर्ष तक उठाना चाहता है ताकि कम समय में योजना को पूरा कर सके। छह वर्ष पूर्व भी रेलवे में यह अवसर आया था।

### एशिया कप तीरंदाजी में भाग लेंगे लोहरदगा के कृष चंद्र देव

**लोहरदगा।** एशिया कप तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए लोहरदगा कुडू सुकुमार निवासी दिलीप कुमार साहू और अनिता साहू के पुत्र कृषचंद्र देव का चयन किया गया है। उनके चयन से जिले के खेल प्रेमियों में हर्ष का माहौल है। बताते चलें कि एशिया कप चार जून से कोरिया में आयोजित होना है। चयन प्रतियोगिता हरियाणा के सोनीपत में 20 से 25 अप्रैल तक आयोजित हुई थी। कृष चन्द्र देव महज आठ वर्ष की उम्र से तीरंदाजी का प्रशिक्षण ले रहे हैं है। अब तक वह अपने परिश्रम और कोच के दिशा निर्देश पर कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर नाम रौशन कर चुके हैं। उनके चयन पर रांची जिला तीरंदाजी संघ के मुख्य संरक्षक सह सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो और रांची जिला तीरंदाजी संघ की अध्यक्ष नेहा महतो, सचिव चंचल भट्टाचार्य, संयोजक जयपाल सिंह, अध्यक्ष सुनील सिंह, बृजेश प्रसाद, कोच शिशिर महतो सहित लोहरदगा जिले के खेल प्रेमियों ने बधाई दी है।

### देश को बचाने के लिए इंडिया गठबंधन को जिताएं- विधायक

**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा ने गुरुवार को प्रखंड के केशलपुर, टांगरटोली, नानेसेरा, पालेडीह, कैरबेड़ा, किनबिरा, बानाबीरा, बांझीकेंद में जनंसपर्क अभियान चलाकर कालीचरण मुंडा के पक्ष में वोट देने की अपील की। मौके पर सिमडेगा विस पर्यवेक्षक अजय नाथ शहदेव एवं प्रवक ?ता प्रभाकर तिर्की भी उपस्थित थे। विधायक ने कहा कि आज देश खतरे में है। देश को बचाने के लिए इंडिया गठबंधन प्रत ?याशी को भारी मतों से जीताना बहुत जरुरी है। उन ?होंने कहा कि खूंटी लोस में पिछले कई टर्म से भाजपा के सांसद हैं। लेकिन खूंटी संसदीय क्षेत्र एवं सिमडेगा में विकास की किरणें कोसो दूर है। उन ?होंने जनता से अपना प ?यार, समर्थन और आशिर्वाद कांग्रेस प्रत ?याशी कालीचरण मुंडा के पक्ष में बरसाने की अपील करते हुए भारी संख ?या में पंजा छाप ?में वोट करने की अपील की। मौके पर अजय नाथ शाहदेव ने भी बैठक को संबोधित किया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष अजीत लकड़ा, प्रभाकर तिर्की, विधायक प्रतिनिधि अख्तर खान, शीतल एक्का, शीतल लकड़ा आदि उपस्थित थे।

### बसिया में कोयल नदी पुल से बाईक टकराई, दो युवक नीचे नदी में गिरे, एक की मौत

**गुमला।** जिले के बसिया थाना क्षेत्र के कोयल नदी पुल से गिरने से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायलों में कुसुमटोली निवासी 25 वर्षीय सुजीत खड़िया व 30 वर्षीय पारसनाथ सिंह शामिल है। इलाज के क्रम में रांची रिम्स में 25 वर्षीय सुजीत खड़िया की गुरुवार को मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक दोनो सुजीत खड़िया व 30 वर्षीय पारसनाथ सिंह बाइक पर सवार हो कर कोनबीर के तरफ से अपने घर बसिया जा रहे थे। इसी दौरान कोयल नदी पुल के समीप अनियंत्रित हो कर पुल से टकरा कर नीचे नदी में गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनो घायलों को स्थानीय लोगो को मदद से नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र बसिया ले जाया गया। जहां से डॉक्टर ने उपचार कर सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया। सदर अस्पताल गुमला आने के बाद डॉक्टरों ने सुजीत खड़िया को रांची रेफर कर दिया गया था। रांची रिम्स में इलाज के क्रम में ही सुजीत ने दम तोड दिया। वहीं पारसनाथ उरांव को सदर अस्पताल में ही रख कर इलाज किया जा रहा है।

### झामुमो नेताओं ने गठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में चलाया जनसम्पर्क अभियान

**सिमडेगा।** झामुमो नेताओं ने गुरुवार को ठेठईटांगर प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में जनसम्पर्क अभियान चलाया। जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना के नेतृत्व में चलाए गए जनसम्पर्क अभियान में प्रखंड के बंबलकेरा, जोकबहार बेसराजरा चागुरबेरा, लुडगी, कमलापनी, गांगुटोली, पियोसोकरा, तिंगीना, लोम्बई आदि गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। मौके पर झामुमो नेताओ ने गठबंधन के प्रत्याशी कालीचरण मुंडा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। मौके पर झामुमो नेताओं ने लोकतंत्र को बचाने के लिए गठबंधन के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित किया। मौके पर जिला सचिव सफीक खान, नोवस केरकेट्टा, राजेश टोप्पो, अमजद ओहदार सहित कई झामुमो नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# रांची में 15 मिमी बारिश में ही सड़कें जलमग्न, नाली में गिरे बाइक सवार, बाजार में भरा पानी



**बोकारो।** राजधानी में गुरुवार की दोपहर में हुई झमाझम बारिश और तेज हवा के झोंके से जहां मौसम सुहाना हो गया, वहीं बैसाख माह में पहली बारिश ने ही नगर निगम की अव्यवस्था की पोल खोल कर रख दी। मात्र 15 मिमी बारिश से शहर की सड़कें जलमग्न हो गईं। कई मोहल्ले की घरों में भी पानी घुस गया। डेली मार्केट व अपर बाजार में बारिश के साथ नाली का कचरा प्रवेश कर गया। सड़कों व बाजार में नाले का गंदा पानी जमा होने के कारण लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया। साथ ही कई सड़कों पर नाली जाम होने से घुटने तक पानी भर गया।

बारिश और तेज हवा से पारा 7 डिग्री गिरा

गुरुवार को झमाझम बारिश हुई। 30 किमी की रफ्तार से हवा भी चली। इससे रांची का पारा 7 डिग्री तक गिर गया। मई माह में पारा 41 डिग्री पहुंच गया था, वहीं अब पारा 34.4 डिग्री पहुंच गया है। वहीं, राजधानी के आसपास के इलाके में ओलावृ?ष्टि की भी संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार 10 मई को पूर्वी व पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, रांची, बोकारो, रामगढ़, गुमला समेत आसपास जिले में बारिश के साथ 50 किमी की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है।

रातू रोड, निवारणपुर, अनंतपुर, बहु बाजार में सड़क पर कीचड़ जमा हो गया। पैदल चलने में परेशानी हुई। रातू रोड, मेन रोड और कचहरी रोड से सटे सभी बाइलेन में घुटना भर पानी जमा हो गया। नाली में कूड़ा जमा होने से पानी के साथ कचरा सड़कों पर फैल गया। सेवा सदन रोड में नाले का पानी भर गया। इससे वाहन चालकों के साथ राहगीरों का भी चलना दूभर हो गया। हरमू रोड में कवर्ड नाला का छेद बंद होने से बारिश का पानी नाले में नहीं जा सका, सड़क पर ही बहने लगा। इधर, मूसलाधार बारिश से प्रमुख सड़कों के साथ गली-मुहल्लों में भी लबालब पानी भर गया। नाली ओवरफ्लो होकर गंदा पानी रोड पर बहने लगा। ऐसी स्थिति नगर निगम की वजह से हुई। निगम के अफसर रोस्टर के अनुसार, नालियों की सफाई का दावा करते हैं। इस पर प्रतिमाह डेढ़ करोड़ से अधिक खर्च भी हो रहा है। इसके बावजूद नाली से कचरा बाहर नहीं निकल रहा है। सफाईकर्मी भी आधी-अधूरी ही सफाई कर रहे हैं।

## कैरो में वज्रपात से किसान घायल, 13 पशुओं की मौत


**लोहरदगा।** लोहरदगा जिले में गुरूवार दोपहर बाद हुई बेमौसम बारिश और आंधी से जनजीवन प्रभावित हुआ है। कैरो थाना क्षेत्र के सढ़ाबे गांव निवासी किसान अदला उरांव वज्रपात की चपेट में आने से घायल हो गए, जबकि उनकी दो गायों और 11 बकरियों की मौत हो गई।बारिश की वजह से तापमान में छह डिग्री की गिरावट आई है। पिछले कुछ दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी और लू से निजात मिली है। तेज आंधी और बारिश में दर्जनों पेड़ उखड़ गए हैं। बोर्ड, कई मकानों की छप्पर, बड़ी संख्या में बिजली के खंभे और बिजली के तार गिर गए हैं। करीब चार घंटे तक जिले में बिजली व्यवस्था बाधित रही।

बेमौसम बारिश की वजह से नगर क्षेत्र के कई इलाकों में जलजमाव की भी स्थिति बन गई है। कैरो के सढाबे गांव निवासी अदला उरांव गुरुवार को कोयल नदी के किनारे अपने खेत के पास मवेशी चरा रहे थे। दोपहर बाद अचानक तेज हवा और बारिश के साथ हुए वज्रपात की चपेट में आकर वह घायल हो गए। कुछ दूरी पर चर रही उनकी दो गाय व ग्यारह बकरियों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। अदला को गांव में प्राथमिक उपचार के बाद कुडू सीएचसी ले जाया गया। जहां इलाज के बाद उसकी स्थिति ठीक बतायी जा रही है। अदला गरीब किसान है। वह पशुपालन और थोड़ी खेती कर रोजी-रोटी कमाता है। मवेशी के मरने से डेढ़ लाख का नुकसान हुआ है। पीड़ित किसान ने अंचल प्रशासन से मुआवजा की मांग की है। जिले के किस्को, पेशरार, भंडरा, कुडू और सेन्हा प्रखंड में भी अच्छी बारिश हुई है। इससे सब्जी की खेंती को फायदा पहुंचा है। गर्मी से तपिश से परेशान रहे कुछ लोग बारिश में भींगकर मौसम के ठंडे मिजाज का लुत्फ उठाते भी देखे गए।

## पदाधिकारी व कर्मी मतदान दिवस के दिन अनुपस्थित रहेंगे, तो कड़ी कार्रवाई होगी: डीसी

**गुमला।** लोकसभा चुनाव 2024 के निमित मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी और एसपी शंभु कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से जिले के पॉलिटेक्निक कॉलेज में अस्थाई रूप से बने डिस्पैच व रिसीविंग सेंटर के स्थल का निरीक्षण किया। उस दौरान उन्होंने ईवीएम कमीशनिंग, स्ट्रॉन्ग रूम समेत अन्य कार्यों और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मौके पर उपस्थित पदाधिकारियों और प्रतिनियुक्त कर्मियो को सक्रिय होकर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी एसओपी का अनुपालन करते हुए कार्य करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान सभी कोषांगो के वरिया एवं प्रभारी पदाधिकारी भी मौजूद रहें। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने डिस्पैच व रिसीविंग के महत्वपूर्ण कार्य को लेकर वहां उपस्थित संबंधित पदाधिकारियों, मतदान पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक प्रशिक्षण व जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरों द्वारा डिस्पैच सेंटर से मतदान के दिन मतदान केंद्र और मतदान के बाद कलेक्शन सेंटर पर कार्य निष्पादन व दायित्वों से मतदान अधिकारियों को अवगत कराया। चुनाव कार्य में उपयोग में लाये जानेवाले विभिन्न प्रपत्रों की चर्चा करते हुए उन प्रपत्रों के संधारित करने के संबंध में बताया गया। उन्हें इवीएम के माध्यम से मतदान की संपूर्ण प्रक्रियाओं से अवगत कराते हुए सीयू, बीयू व वीवीपैट के संयोजन एवं कार्यप्रणाली की व्यावहारिक जानकारी दी गयी। उपायुक्त ने मतदान कर्मियों को उनके कर्तव्य व जिम्मेवारी से अवगत कराया. कहा कि पूरे मन से प्रशिक्षण प्राप्त करें ,ताकि कार्य निष्पादन में किसी तरह की भूल न हो। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सख्त हिदायत देते हुए कहा कि यदि कोई पदाधिकारी व कर्मी मतदान दिवस के दिन अनुपस्थित रहेंगे ,तो उनपर कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मैटेरियल वितरण के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का निर्देश दिया।

## सूर्य विहार कॉलोनी में दिनदहाड़े महिला से चेन छिनतई



**धनबाद।** धनबाद थाना क्षेत्र के सूर्य विहार कॉलोनी में महिला से सोने की चेन छिनतई की घटना घटी। गुरुवार की सुबह करीब साढ़े 10 बजे घटना को अंजाम देकर बाइक सवार दो लड़के फरार हो गए। भुक्तभोगी महिला सूर्य विहार कॉलोनी निवासी रेणु कुमारी के पति अश्विनी कुमार पांडेय ने मामले की शिकायत धनबाद थाना में की है। पुलिस ने घटना स्थल से सीसीटीवी भी जब्त किया है।

बताया जा रहा है कि रेणु कुमारी अपने घर से निकली ही थीं। इसी बीच रेणु जैसे ही एसजी होटल के पास पहुंचीं नीले रंग की बाइक पर सवार होकर दो लड़के वहां पहुंचे और महिला के गर्दन से चेन झपटा और बरटांड़-बरवाअड्डा रोड के रास्ते भाग गए। रेणु ने शोर मचाया। एक साइकिल सवार और पैदल चल रहे एक युवक ने उच्चकों का पीछा भी किया, लेकिन दोनों उनके हाथ नहीं आए। बाइक चला रहे लड़के ने हेलमेट पहना था, जबकि पीछे बैठे युवक का चेहरा खुला था। मामले की जानकारी पाकर धनबाद थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। फुटेज के आधार पर उचक्कों की पहचान की जा रही है। थाना प्रभारी प्रमोद पांडेय ने सीसीटीवी फुटेज में दिख रहे बाइक सवार की पहचान के संबंध में मोबाइल नंबर 9431705386 पर सूचना देने की अपील की है।

## यूजी पांचवें समेस्टर की परीक्षा 16 से, 20 की जगह अब 21 केंद्रों पर आयोजित होगी



**जमशेदपुर।** कोल्हान विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक कार्यालय की ओर से स्नातक पांचवें सेमेस्टर (सत्र 2021-24) के परीक्षा की तिथि घोषित कर दी गई है। जारी नोटिफिकेशन के तहत यह परीक्षा 16 मई से 29 मई तक दो पालियों में संचालित होगी। पहली पाली सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित होगी। स्नातक पांचवें सेमेस्टर की परीक्षा में 22 हजार से अधिक स्टूडेंट्स शामिल होंगे। इसके लिए केयू ने कुल 21 परीक्षा केंद्र बनाए हैं।

पहले इस परीक्षा के लिए 20 केंद्र बनाए गए थे। बाद में परीक्षार्थियों की मांग पर एक केंद्र और बढ़ाया गया है। मालूम हो कि यह परीक्षा करीब 6 माह की देरी से हो रही है। नियमत- इस परीक्षा को दिसंबर-2023 में हो जाना चाहिए था। लेकिन यह मई-में होने जा रही है। कॉलेजों के प्रिंसिपल को केंद्राधीक्षक बनाया गया है।

इन केंद्रों पर होगी परीक्षा

पूर्वी सिंहभूम- एलबीएसएम कॉलेज, ग्रेजुएट कॉलेज, एबीएम कॉलेज, केएमपीएम वोकेशनल कॉलेज, करीम सिटी कॉलेज, पटमदा कॉलेज, रंभा कॉलेज (गीतिलता), घाटशिला कॉलेज, एजेके कॉलेज (चाकुलिया) व बहरागोड़ा कॉलेज। 6 सरायकेला-खरसावां - काशी साहू कॉलेज, मॉडल महाविद्यालय सरायकेला खरसावां, महिला महाविद्यालय खरसावां, सिंहभूम कॉलेज चांडिल। 6 पश्चिमी सिंहभूम - महिला कॉलेज, टाटा कॉलेज चाईबासा, जीसी जैन कॉमर्स कॉलेज, नोवामुडी कॉलेज, जेएलएन कॉलेज, संट आगस्टिन कॉलेज व डिग्री कॉलेज मनोहरपुर।

ने कुल 21 परीक्षा केंद्र बनाए हैं। पहले इस परीक्षा के लिए 20 केंद्र बनाए गए थे। बाद में परीक्षार्थियों की मांग पर एक केंद्र और बढ़ाया गया है। मालूम हो कि यह परीक्षा करीब 6 माह की देरी से हो रही है। नियमत- इस परीक्षा को दिसंबर-2023 में हो जाना चाहिए था। लेकिन यह मई-में होने जा रही है। कॉलेजों के प्रिंसिपल को केंद्राधीक्षक बनाया गया है।

### विकास और सांस्कृतिक धरोहरों की उन्नति के लिए भाजपा को वोट करें- समीर

**लोहरदगा।** गुरुवार को भाजपा के लोहरदगा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से प्रत्याशी समीर उरांव ने बूंदाबांदी बारिश के बीच के शाम लोहरदगा शहर में सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ नगर भ्रमण लोगों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की।लोहरदगा शहरी क्षेत्र के अग्रसेन भवन से नगर भ्रमण शुरू शुरू करने से पूर्व कहा कि भारतीय जनता पार्टी तीसरी बार 400 पर के लक्ष्य के साथ मोदी जी की अगुवाई में भारत में सरकार बनाने को लेकर चुनाव मैदान में है। देशभर की जनता का उन्हें अपार सहयोग और समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि देश में विकास महिला नौजवान और किसान के हितों की रक्षा के लिए भाजपा के पक्ष में 13 में को लोहरदगा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा को फिर एक बार भारी बहुमत से जीत दिलवाने में सहयोगी बने, जैसे पिछले चुनाव में आप अपना विश्वास भरोसा और समर्थन भाजपा को दे रहे हैं उसे और सशक्त बनाकर भाजपा को विजयी बनाएं।देश में विकास की गंगा प्रवाहित करें। पूर्ण बहुमत की सरकार के कारण देश में अब एक संविधान लागू हो गया है। कश्मीर से 370 धारा हटा दी गई है। तीन तलाक से मुस्लिम बहनों को निजात मिला है। देश के सांस्कृतिक धरोहरों को मुकाम मिल रहा है। उसकी पहचान बन रही है। गुलामी के प्रतीक वाले चिन्हों को हटाया जा रहा है। भारत अपनी पहचान के साथ प्राचीन धरोहरों को संरक्षित कर रही है।

## अब हाईकोर्ट की दूसरी बेंच करेगी हेमंत सोरेन के पीएमएलए से संबंधित मामले की सुनवाई

**रांची।** समन की अवहेलना करने के मामले में सीजेएम कोर्ट के समन के खिलाफ पूर्व सीएम हेमंत सोरेन द्वारा दायर याचिका की सुनवाई अब हाईकोर्ट की दूसरी बेंच में होगी। गुरुवार को जस्टिस राजेश कुमार की अदालत ने याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया और इसे सक्षम बेंच में भेजने को कहा। कोर्ट ने कहा कि यह पीएमएलए से संबंधित मामला है, जिस पर सक्षम कोर्ट ही सुनवाई करेगा। इसलिए इस याचिका को एक्टिंग चीफ जस्टिस के कोर्ट के समक्ष रखा जाए।

दरअसल, हेमंत की ओर से मामले में दर्ज शिकायतवाद निरस्त करने का आग्रह किया गया है। याचिका में कहा है कि ईडी के जिस समन पर नहीं गए थे, उसका उन्होंने जवाब दे दिया था। इसके बाद वह समन लैप्स कर गया था। नए समन पर वह ईडी के समक्ष उपस्थित हुए थे और समन का अनुपालन किया था। ईडी ने दुर्भावना से प्रेरित होकर उन्हें बार-बार समन जारी किया था।

बता दें कि मामले में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के खिलाफ ईडी के रांची जोन के असिस्टेंट डायरेक्टर देवव्रत झा की ओर से दर्ज शिकायतवाद पर सीजेएम कोर्ट ने आईपीसी की धारा 174 के तहत संज्ञान लिया था और समन जारी कर हाजिर होने का निर्देश दिया था। लेकिन हेमंत सोरेन इस मामले में अब तक हाजिर नहीं हुए हैं। शिकायतवाद में ईडी की ओर से बताया गया है कि हेमंत को ईडी ने जमीन घोटाला मामला में 10 समन किया था, जिनमें से मात्र दो समन पर ही हेमंत सोरेन ईडी के समक्ष उपस्थित हुए थे। यह ईडी के समन की अवहेलना है।

### हेमंत की याचिका पर शीर्ष कोर्ट में सुनवाई 13 को

हेमंत सोरेन की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में 13 मई को सुनवाई होगी। हेमंत ने झारखंड हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें उनकी गिरफ्तारी को सही बताते हुए हाईकोर्ट ने याचिका खारिज कर दी थी। हाईकोर्ट ने तीन मई को फैसला सुनाते हुए कहा था कि ईडी के पास पर्याप्त साक्ष्य हैं और हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को गलत नहीं ठहराया जा सकता।

इस आदेश को हेमंत सोरेने ने एसएलपी दायर कर सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। हेमंत सोरेन की ओर से सुप्रीम कोर्ट में पक्ष रख रहे वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस से दो दिन पूर्व जल्द सुनवाई करने का आग्रह किया था। सुप्रीम कोर्ट में 13 मई को यह मामला सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है। हेमंत सोरेन को ईडी ने 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। इसके बाद से वह जेल में हैं।

### एक माह के अंदर ही झरिया के मॉडल थाना भवन की दीवारों में पड़ने लगी दरारें

**धनबाद/झरिया।** करोड़ों की लागत से बना झरिया थाना का दो मंजिला मॉडल भवन के दीवारों में एक माह अंदर ही दरारें पड़नी शुरू हो गई है। जिसको लेकर पुलिस कर्मीयो में काफी रोष है। भवन के अंदर की कई दीवारों और पीलर में दरार दिख रहा है।

पुलिस कर्मियों को बेहतर सुविधाए उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 22 जून 2023 को 2 करोड़ 75 लाख रुपए की लागत से दो मंजिला मॉडल भवन निर्माण का शिलान्यास झरिया विधायक द्वारा विधिवत रूप से किया गया था। निर्माण को लेकर झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा टेंडर निकाला गया। लगभग दस महीनो में ठेकेदार द्वारा झरिया थाना का भवन बना कर तैयार कर दिया गया। लेकिन लोकसभा चुनाव और आचार संहिता लागू हो जाने के कारण नए भवन का विधिवत उद्घाटन नही हो सका। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शहर में अतिरिक्त पुलिस बल और वर्क लोड को देखते हुए झरिया थाना का नवनिर्मित भवन का लोकार्पण भी सही से नही हो सका। हालांकि नए भवन में कामकाज तो अस्थाई तौर पर चालू हो गया है। वही इस मामले में झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने कहा कि हो सकता हो हल्का प्लास्टर फट गया हो लेकिन अगर दीवारों में दरारें हुई तो जांच कर कारवाई की जाएगी।

# जनता को विकास व न्याय का 10 वर्षों से इंतजार : अनुपमा

**सिंदरी।** कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने गुरुवार को माइंस रेस्क्यू मैदान में महागठबंधन की चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश की जनता 10 वर्षों से विकास व न्याय का इंतजार कर रही है। नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को पिछले चुनाव में गैस सिलेंडर दिखाकर दिग्भ्रमित करने का प्रयास किया। 300 रुपए का सिलेंडर हजार रुपए का हो गया है। भाजपा ने इस बार 400 पार का नारा दिया है।

ऐसे में इस बार जनता अपना प्रतिनिधि चुनने में भूल करेगी तो कहीं सिलेंडर की कीमत 4000 के पार नहीं हो जाए। वहीं, झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने कहा कि भाजपा की सरकार में धनबाद की जनता को सिर्फ धोखा मिला है। अनुपमा सिंह की जीत पर धनबाद की जनता को एक नया विश्वास मिलेगा। बिहार के गोह से आए राजद के विधायक भीम यादव ने कहा कि इस बार जनता ने भाजपा का सफाया करने का बीड़ा उठाया है। सभा को एके झा, केडी पांडेय, एसके




जमा, करीम अंसारी आदि ने संबोधित किया।

**एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू कराने का आश्वासन :** धनबाद संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस की उम्मीदवार अनुपमा सिंह गुरुवार को बार एसोसिएशन में अधिवक्ताओं से मिलकर उनका समर्थन मांगा। बाद में बार एसोसिएशन लाइब्रेरी हॉल में अधिवक्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने आश्वस्त किया कि केंद्र में गठबंधन की सरकार बनी तो एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करवाने की पूरी कोशिश करेंगे। अध्यक्षता अधिवक्ता बृजेंद्र प्रसाद सिंह ने की। इस दौरान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरेंद्र सहाय, महासचिव जीतेंद्र कुमार, विजय झा तथा कंसारी मंडल समेत अन्य लोगों ने अपने वक्तव्य रखे।

**ढुलू पर बाहरी-भीतरी करने का आरोप गलत :** धनबाद के भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो पर बाहरी-भीतरी करने के लग रहे आरोप पर सफाई देने क्षत्रिय समाज आगे आया है। गुरुवार को ब्लेसिंग भवन में मीडिया से बात करते हुए समाज के लोगों ने भाजपा प्रत्याशी पर लगाए जा रहे आरोप को गलत बताया है। उन्होंने कहा कि इस तरह का आरोप विरोधियों द्वारा लगाया जा रहा है। भाजपा प्रत्याशी ने कभी भी बाहरी-भीतरी की राजनीति नहीं की है। प्रेस वार्ता में विजय प्रताप सिंह, महेश सिंह, रंजीत सिंह, अरुण सिंह, शंभू सिंह, दीपक सिंह, अशोक सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

भाजपा प्रत्याशी ने गुरुवार को सिंदरी विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया और लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की। उन्होंने सिंदरी में नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए लोगों से देश के विकास के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान करने का आह्वान किया। देश का मान-सम्मान व विकास के लिए मोदीजी का फिर आना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाना है। सिंदरी के बाद वे भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ चुनाव प्रचार करते हुए गोविंदपुर पहुंचे और यहां भी लोगों से मुलाकात कर आशीर्वाद मांगा। उन्होंने लोगों से कहा कि केंद्र में फिर से एनडीए की सरकार बनना तय है। समाज के सभी वर्गों का समर्थन भाजपा को मिल रहा है। भाजपा प्रत्याशी के साथ जनसंपर्क अभियान में भाजपा नेत्री तारा देवी, घनश्याम ग्रोवर, धर्मजीत सिंह, बलदेव महतो, मोहन कुम्भकार, ओमप्रकाश बजाज, सुदामा गिरि, शकुंतला मिश्रा, सुमिता दास, विक्रांत उपाध्याय समेत अन्य शामिल थे।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

# वैक्सीन की चिंता

जब कोरोना वैक्सीन को लेकर शिकायतों और चर्चा का माहौल गरम है, तब पूरी सतर्कता के साथ विचार करने की जरूरत है। एस्ट्राजेनेका कंपनी ने जब से यह माना है कि उसके द्वारा निर्मित वैक्सीन कोविशील्ड की वजह से विरल मामलों में कुछ लोगों को नुकसान की आशंका है, तब से पूरा टीकाकरण अभियान ही सवालों के घेरे में है। लोग तरह-तरह के कयास लगा रहे हैं और अपने-अपने नुकसान का आकलन भी कर रहे हैं। ब्रिटेन में एस्ट्राजेनेका को अनेक मुकदमों का सामना करना पड़ रहा है और सजा के तौर पर उसे बड़े पैमाने पर मुआवजा चुकाने की भी जरूरत पड़ सकती है। खैर, मुकदमे और मुआवजे अपनी जगह हैं, पर लोगों में मन में जो शंकाएं घर कर गई हैं, उन पर सावधानी से सोचने की जरूरत है। लगभग सभी चिकित्सकों का यही मानना है कि टीका लेने के बाद चालीस दिन में साइड इफेक्ट सामने आ जाते हैं, पर जब टीका लगे दो साल से ज्यादा समय बीत चुका है, तब साइड इफेक्ट की चर्चा का बहुत महत्व नहीं है। वैसे, साइड इफेक्ट को साबित करने का काम आसान नहीं है। हमने यह देखा है कि महामारी ने उन लोगों को ज्यादा परेशान किया था, जिन्हें पहले से कोई बीमारी थी। ऐसे लोगों को टीका लेते समय भी सावधान रहने के लिए कहा गया था, उम्र या वर्ग के हिसाब से धीरे-धीरे लोगों को टीके दिए गए थे। टीका देते समय और उसके ठीक बाद तात्कालिक रूप से लोगों की निगरानी भी की गई थी। अतः भारत में साइड इफेक्ट की शिकायत अगर सामने आई है, तो उसका पूरी तरह से वैज्ञानिक अध्ययन होना चाहिए। फिलहाल यह मुद्दा चुनाव में भी गरम है, पर यह आगामी केंद्र सरकार के लिए एक गंभीर विषय होना चाहिए। चिकित्सकों की संस्था को गोपनीयता बरतते हुए वैक्सीन के दुष्प्रभावों का अध्ययन करना चाहिए। भारत में किसी बड़ी दवा कंपनी के खिलाफ खुले रूप में जांच करना असहज स्थिति पैदा कर सकता है। दरअसल, यह शिकायत आम लोगों का विषय नहीं, स्वास्थ्य विशेषज्ञों का विषय है। आम लोगों की शंकाओं को भी तभी दूर किया जा सकता है, जब शिकायतों का विशेषज्ञता के साथ अध्ययन किया जाए। यह अच्छी बात है कि एस्ट्राजेनेका-ऑक्सफोर्ड कोविड-19 वैक्सीन के संभावित दुर्लभ दुष्प्रभावों की रिपोर्ट के बीच 'कोवैक्सिन' विकसित करने वाले संस्थान भारत बायोटेक ने बयान में कहा है कि कोवैक्सीन का पूरी तरह से परीक्षण किया गया था। कोविशील्ड और कोवैक्सीन का ही भारत में सर्वाधिक उपयोग हुआ था।

# अंतरिक्ष में मुकाबला

दुनिया में लगभग पांच दशक बाद फिर वैज्ञानिक प्रतिद्वंद्विता साफ दिखने लगी है और दुनिया के ज्यादातर देशों ने समझ लिया है कि वास्तविक तरक्की के लिए वैज्ञानिक कुशलता बहुत जरूरी है। फिलहाल दुनिया में चीन वैज्ञानिक रूप से सबसे तेज तरक्की करता दिख रहा है। चीन ने शुक्रवार को अपनी तरह का पहला मिशन चांग-ई-6 अंतरिक्ष यान लॉन्च कर दिया। यह यान चंद्रमा पर दूसरी तरफ से मिट्टी या नमूने लेकर धरती पर लौटेगा। चीन राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन (सीएनएसए) के लिए यह स्वर्णिम काल है, नाना प्रकार के प्रयोग हो रहे हैं और संयोग भी घटित हो रहे हैं। कुल मिलाकर, चीन अपनी पूरी चेष्टा में दुनिया को यह दिखा पा रहा है कि वह वैज्ञानिक रूप से भी अब दुनिया का अग्रणी देश बनने जा रहा है। चीन अच्छी तरह जानता है कि दुनिया में लंबे समय तक अमेरिकी बादशाहत विज्ञान की बदौलत ही चली है। नया चीनी यान चांद के उस दुर्लभ हिस्से से नमूने लाएगा, जहां से अमेरिका और रूस भी कुछ लाने में कामयाब नहीं हुए हैं। चांद के सामने वाले हिस्से से नमूने लाने का काम अमेरिका, रूस और चीन पहले कर चुके हैं। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर एक आधार बनाने की ओर बढ़ता चीन प्रशंसा का हकदार है। यही नहीं, बीते सप्ताह ही चीन ने तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन के लिए अपने अंतरिक्ष यात्रियों को रवाना किया है। चीनी अंतरिक्ष स्टेशन भी अपने आप में एक बड़ी कामयाबी है। वैज्ञानिकों के बीच अक्सर चर्चा होती है, जब अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से चीन को लाभ मिलना कम हुआ, तब चीन ने अपना अंतरिक्ष स्टेशन बना लिया। बीजिंग के नवीनतम मानव अंतरिक्ष यान मिशन शेनझोउ-18 के माध्यम से तीन अंतरिक्ष यात्री चीनी अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंच गए हैं और वहां पहले से मौजूद अंतरिक्ष यात्री वहां से लौटने वाले हैं। यह रोचक तथ्य है कि अंतरिक्ष स्टेशन पर एक जीवित मछली भी गई है, जिसे चौथा चालक दल सदस्य कहा जा रहा है। इस जेब्राफिश और शैवाल के जरिये परीक्षण किया जा रहा है।

# राहुल, रणछोड़ या रणनीतिज्ञ

**(शशि शेखर)**

*यहां एक चेतावनी। राजनीति में मतदाता का निर्णय ही सर्वोपरि होता है। यदि कांग्रेस अपने गठबंधन के माध्यम से किसी तरह सत्ता हासिल करने में कामयाब हो जाती है, तो ये सारे कयास हवा हो जाएंगे। इतिहास विजेताओं पर लगे दाग-धब्बों की अनदेखी करने का अभ्यस्त जो है। क्या आपको लगता है कि ऐसा होने जा रहा है*

'मैंने पहले ही यह भी बता दिया था कि शहजादे वायनाड में हार के डर से अपने लिए दूसरी सीट खोज रहे हैं। अब इन्हें अमेठी से भागकर रायबरेली सीट चुननी पड़ी है। ये लोग घूम-घूमकर सबको कहते हैं- डरो मत! मैं भी इन्हें यही कहूंगा- डरो मत! भागो मत!'- अपनी चुटीली शैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगे जोड़ते हैं- 'मैं पहले भी आपसे कहता था कि इनकी सर्वोच्च नेता भाग जाएंगी, वह भाग गईं। उन्होंने उत्तर प्रदेश छोड़कर राजस्थान से चुनाव लड़ा।' प्रधानमंत्री को सोनिया और राहुल गांधी पर तंज कसने का यह मौका खुद कांग्रेस पार्टी ने दिया है। गए गुरुवार की शाम से ही संकेत मिलने लगे थे कि राहुल गांधी रायबरेली से और किशोरी लाल शर्मा उर्फ केएल शर्मा अमेठी से ताल ठोकेंगे। शर्मा जी अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सचिव हैं और पिछले तीन दशकों से 'परिवार' की ओर से रायबरेली व अमेठी निर्वाचन क्षेत्रों में 'कामकाज' संभाल रहे हैं। जो उनके इतिहास और भूगोल से वाकिफ नहीं हैं, उन्हें बता दें कि वह मूलतः पंजाब के रहने वाले हैं, पर परिवार का स्थायी प्रतिनिधि होने के नाते उनके दोनों संसदीय सीटों के कार्यकर्ताओं से बेहतरीन संबंध हैं। कांग्रेस का कहना है कि इस नाते केएल शर्मा अमेठी से चुनाव लड़ने के हकदार हैं, और वह स्मृति ईरानी को हरा देंगे। क्या ऐसा संभव है लोकतंत्र में असंभव तो कुछ भी नहीं। जब 1977 में राज नारायण इंदिरा गांधी को हरा सकते हैं और 2019 में स्मृति ईरानी राहुल गांधी को क्लीन बोल्ड कर सकती हैं, तो नतीजे घोषित होने तक इस सिलसिले में कुछ न बोलना ही बेहतर रहेगा। हालांकि, स्मृति ईरानी और केएल शर्मा की 'फेस वैल्यू' में जमीन-आसमान का अंतर है। शर्मा अब तक नेपथ्य से कामकाज सम्हालते थे, जबकि स्मृति बेहद आक्रामक हैं। यह लड़ाई फिलहाल बराबर की प्रतीत नहीं होती है। नेहरू-गांधी परिवार का अमेठी से पुराना नाता रहा है। 1977 में संजय गांधी यहां से चुनाव लड़े, पर हार गए थे। संजय अकेले नहीं थे, उनकी मां इंदिरा गांधी भी पड़ोस की रायबरेली से रपट गई थीं। अगला चुनाव मध्यावधि था और 1980 के मतदान ने संजय और इंदिरा, दोनों के पक्ष में मुनादी की थी। तब से 2019 तक नेहरू-गांधी परिवार और अमेठी दूध-शक्कर माने जाते थे। अब, राहुल की रुखसती से बीच चुनाव में यह संदेश जरूर जाएगा कि कांग्रेस कहीं-न-कहीं हिचक रही थी। भाजपा ने बिना समय गंवाए हमला बोल दिया है। प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री, गृह मंत्री सहित सभी के शब्दबाण चुनावी फिजां को गरमा रहे हैं। नेहरू-गांधी परिवार ने अमेठी का परित्याग क्यों किया कांग्रेस के कर्णधारों ने संभवतः सोचा होगा कि अगर प्रियंका और राहुल पड़ोसी सीटों से चुनाव लड़ते हैं, तो उन पर परिवारवाद का आरोप सघन हो जाएगा। जीत जाने की स्थिति में भाई-बहन सदन में खुद भले ही सहज रहते, पर विपक्ष और नुक्ताचीनी के अभ्यस्त आलोचक, दोनों को मौका मिल जाता, वे तुलना शुरू कर देते। किसने क्या, कितना और क्यों बोला, सत्र-दर-सत्र यह बहस चलती, इससे गलत संदेश जा सकता था। गांधी परिवार इस मामले में बेहद सजग रहता है। वहां जिम्मेदारियां साफ तौर पर विभाजित की जाती रही हैं। यही वजह है कि किसी पारिवारिक कलह के संकेत एक बार के अलावा कभी बाहर नहीं आए। वह मौका था, संजय गांधी के दुखद अवसान के बाद मेनका गांधी की '1 सफदरजंग रोड' से रवानगी। तब से अब तक मेनका और वरुण गांधी के राजनीतिक रास्ते राहुल गांधी और उनके परिवार से अलग हैं। कांग्रेस के नेता इस तथ्य से वाकिफ हैं कि अमेठी को छोड़ना गलत संदेश दे सकता है, इसीलिए वे तर्क दे रहे हैं कि रायबरेली से नेहरू-गांधी परिवार का नाता अमेठी के मुकाबले दशकों पुराना है। वर्ष 1952 में फिरोज गांधी यहां से जीते थे। उनके बाद इंदिरा गांधी, इंदिरा के पश्चात सोनिया और सोनिया के चुनावी राजनीति से संन्यास लेते ही राहुल इस विरासत को संभालने के लिए आगे आए हैं। उनके नामांकन में समूचे परिवार के साथ कांग्रेस के आला पदाधिकारी जुटे। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता एकजुटता दिखाते हुए उनके साथ थे। मतलब साफ है, गठबंधन अमेठी परित्याग को तार्किक जामा पहनाना चाहता है। इस विमर्श में एक और अहम सवाल उठता है कि अगर राहुल गांधी जीत भी जाते हैं, तो इससे कांग्रेस को कितना लाभ होगा पार्टी प्रदेश की 17 सीटों पर यह चुनाव लड़ रही है, लेकिन क्या आपको उसके पांच प्रत्याशियों के भी नाम ध्यान आते हैं कांग्रेस प्रदेश में पहले से दयनीय स्थिति में है। पिछले विधानसभा चुनाव में प्रियंका गांधी पार्टी की प्रभारी महासचिव थीं। कांग्रेस ने कुलजमा 398 सीटों पर ताल ठोकी थी, मगर जीती कितनी सिर्फ दो! इनमें से एक आराधना मिश्र हैं। रामपुर खास की जिस सीट पर वह पिछले लगभग दस साल से जीत रही हैं, उसे उनके पिता प्रमोद तिवारी ने बड़े जतन से गढ़ा है। प्रमोद तिवारी के ही संबंधों, संपर्कों का असर था कि समाजवादी पार्टी ने यहां से उम्मीदवार न उतारकर उनकी राह आसान की। दूसरे हैं, महाराजगंज जनपद के फरेंदा से वीरेंद्र चौधरी। चौधरी साहब अब कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। क्षेत्र में उनका जो भी प्रभाव हो, पर समूचे प्रदेश में उन्हें जानने वालों की संख्या कुछ खास नहीं है। ऐसे में, राहुल अगर जीत भी जाएं, तो उससे कांग्रेस को उत्तर प्रदेश में कोई खास फायदा होता नहीं दिख रहा है। इसके लिए उन्हें उत्तर प्रदेश में अधिक समय लगाने के साथ लोगों को समझाने के लिए पर्याप्त नैतिक आधार भी जुटाना होगा। सोशल मीडिया के इस दौर में सभी जानते हैं कि वह कुछ दिनों पहले वायनाड में वायदा कर रहे थे कि यही मेरा परिवार है और मैं इसे छोड़कर नहीं जाऊंगा। आज रायबरेली में वह विरासत के नाम पर ताल ठोक रहे हैं। अगर वह दोनों सीट जीत जाते हैं, तो किसका परित्याग करेंगे केरल छोड़ेंगे, तो यह उन लोगों की अवहेलना होगी, जिन्होंने संकट के समय में उन्हें जिताया। यदि रायबरेली छोड़ेंगे, तब भी इसी तरह की बातें उठेंगी। यहां एक और तथ्य गौरतलब है। कन्नौज में अखिलेश यादव ने अपने भतीजे तेजप्रताप यादव को चुनावी मैदान में उतारा था। पता नहीं क्यों, दो दिन के भीतर उनका इरादा बदल गया और वह खुद चुनावी मैदान में ताल ठोकने उतर आए। क्या उन्हें आभास हो गया था कि गांधी परिवार इस बार अमेठी को अलविदा बोलने वाला है अब अगर राहुल और अखिलेश, दोनों विजयी घोषित होते हैं, तब भी अखिलेश यादव लोकसभा में उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा चेहरा होंगे। इससे उनकी राजनीतिक छवि मजबूत होगी। कभी मायावती ने भी लोकसभा की सदस्यता का बेहतरीन उपयोग किया था।

# इस चुनाव नहीं गूंज रहे मतदाताओं को छूने वाले नारे

**(विवेक शुक्ला, वरिष्ठ पत्रकार)**

लोकसभा चुनाव के दो चरण संपन्न हो चुके हैं, पर अभी तक कोई खास नारा फिजां में नहीं गूज रहा। नारों के बिना चुनाव बिना छौंक की दाल जैसे लगते हैं, इसलिए नारे होंगे, तो चुनाव का लुत्फ भी बढ़ेगा। पहले इन नारों को पढ़ लीजिए- जात पर न पात पर, इंदिरा जी की बात पर, मोहर लगेगी हाथ पर; सबको देखा बारी-बारी, अबकी बारी अटल बिहारी; कांग्रेस लाओ, गरीबी हटाओ; इंडिया शाइनिंग; अबकी बार, मोदी सरकार। एक दौर में ये सभी नारे देश के स्तर पर पसंद किए गए थे। कुछ नारे चुनावों के समय नहीं उछाले गए, पर उनका राष्ट्रीय महत्व रहा। जैसे, आराम हराम है; जय जवान, जय किसान; जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान; मेक इन इंडिया; सबका साथ, सबका विकास। जम्हूरियत की जान होते हैं नारे। ये माहौल बनाते हैं। इनसे मतदाता खास दल के साथ जुड़ते हैं। कभी-कभी ये बहुत तीखे होने लगते हैं। इससे चुनावी माहौल स्वस्थ नहीं रह पाता। ऐसा ही एक नारा था- तिलक, तराजू और तलवार, इनको मारो जूते चार। इससे माहौल काफी विषाक्त हुआ था। अलबत्ता, बहुजन समाज पार्टी के दो नारे एक वक्त खासे लोकप्रिय हुए थे- हाथी नहीं गणेश हैं, ब्रह्मा, विष्णु, महेश हैं और दोनों बड़े राष्ट्रीय दलों के लिए एक नागनाथ, दूसरा सांपनाथ । अगर 1960 के दशक के पन्ने पलटें, तो गोरक्षा आंदोलन को तेज करते हुए जनसंघ ने नारा दिया था, गौ हमारी माता है, देश-धरम का नाता है। जनसंघ के नेतागण कांग्रेस सरकार बदलने के लिए अपने भाषणों में खूब तीखी शैली का प्रयोग करते थे। उनकी काट के लिए कांग्रेसियों ने नारा दिया था, दीपक बुझ गया तेल नहीं, सरकार बदलना खेल नहीं। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व अवतार जनसंघ ने एक बार नारा दिया था, हर हाथ को काम, हर खेत को पानी, हर घर में दीपक, जनसंघ की निशानी। सन् 1971 के चुनाव में इंदिरा गांधी ने कांग्रेस लाओ, गरीबी हटाओ का नारा दिया था। यह नारा जब आया, तब देश समाजवादी मूल्यों को लेकर समर्पित था। इस नारे ने कांग्रेस को फायदा दिलाया, पर अगले लोकसभा चुनाव में जयप्रकाश नारायण ने इसकी हवा निकालते हुए नारा दिया, इंदिरा हटाओ, देश बचाओ। 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद जब तक सूरज-चांद रहेगा, इंदिरा जी तेरा नाम रहेगा जैसे नारे ने पूरे देश में सहानुभूति लहर पैदा कर दी थी और कांग्रेस को विराट जीत हासिल हुई। इसी तरह, 1991 के चुनाव में राजीव गांधी की हत्या के बाद राजीव तेरा ये बलिदान, याद करेगा हिन्दुस्तान खूब गूंजा और इसका साफ असर वोटिंग पर देखा गया। आपातकाल के बाद आम चुनावों में नारों का खासा जोर रहा। इस दौरान सन सतहत्तर की ललकार, दिल्ली में जनता सरकार; संपूर्ण क्रांति का नारा है, भावी इतिहास हमारा है; फांसी का फंदा टूटेगा, जॉर्ज हमारा छूटेगा जैसे नारे खूब चले। तब राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की ये कालजयी पंक्तियां जयप्रकाश नारायण की क्रांति का नारा बनी थीं- संपूर्ण क्रांति अब नारा है, भावी इतिहास तुम्हारा है। अरविंद केजरीवाल की पार्टी बेशक आम आदमी पर अपना कॉपीराइट समझती है, मगर इस पार्टी के पैदा होने से पहले ही कांग्रेस ने यह नारा दिया था- कांग्रेस का हाथ, आम आदमी के साथ; आम आदमी के बढ़ते कदम, हर कदम पर भारत बुलंद। भाजपा का एक नारा मजबूत नेता, निर्णायक सरकार भी सिर चढ़कर बोल चुका है। कुछ नारे दलों की सरहद को लांघ जाते हैं। तमाम विश्वविद्यालयों के छात्र साथियो साथ दो नारा खूब लगाते रहे हैं। जो हमसे टकराएगा, चूर-चूर हो जाएगा तो सर्वप्रिय नारा है। नारे सिर्फ भारत में नहीं उछलते। अमेरिका में भी इनका समृद्ध इतिहास रहा है। डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार हैरी ट्रूमैन जब 1948 में राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ रहे थे, तब उनका नारा था- द बक स्टॉप्स हेयर (जिम्मेदारी यहीं खत्म होती है)। रिचर्ड निक्सन (रिपब्लिकन पार्टी) के 1972 के चुनावी नारे नाउ, मोर दैन एवर (अब पहले से कहीं ज्यादा) ने भी खासी धूम मचाई थी।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5366

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | | | 9 | | 8 | 5 |
| 9 | 4 | | | | 6 | | | 2 |
| | 8 | 1 | | | 4 | | | 3 |
| 6 | | | | | | 1 | | 8 |
| | | | | 3 | | | | |
| 2 | | 8 | | | | | | 9 |
| 3 | | | 1 | | | 8 | 4 | |
| 8 | | | 6 | | | | 5 | 7 |
| 4 | 7 | | 2 | | | | 3 | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5365

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 1 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 8 |
| 9 | 3 | 6 | 2 | 8 | 4 | 1 | 7 | 5 |
| 8 | 4 | 2 | 5 | 1 | 7 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 1 |
| 2 | 6 | 5 | 1 | 4 | 9 | 7 | 8 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 7 | 6 | 8 | 5 | 9 | 2 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 7 | 6 | 8 | 2 | 4 |
| 4 | 9 | 7 | 8 | 5 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 3 | 1 | 9 | 5 | 7 |

# आज का राशिफल

## मेष
आज का दिन सफलता से भरा होगा और आज आपको लाभ होगा। आज का दिन कोई विशेष व्यवस्था करने में बीतेगा। आपको भौतिक और सांसारिक सुख की प्राप्ति होगी। आपके लिए आज का दिन उत्साह से भरा होगा। आज के दिन काफी बदलाव आप ला सकते हैं और आपके लिए धन में वृद्धि के योग हैं।

## वृष
आज आर्थिक मामलों में सफलता का दिन है। आपके लिए आज का दिन सम्मान से भरा होगा और योजनाएं सफल होंगी। आपकी मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी और किस्मत का साथ मिलेगा। आपको मान प्रतिष्ठा और उत्तम प्रकार की धन संपत्ति प्राप्त होगी। व्यवसाय के क्षेत्र में नए सहयोगी मिलेंगे और आपकी मदद करेंगे।

## मिथुन
आज का दिन आर्थिक मामलों में सफलता से भरा होगा। आज आपके भाग्य में वृद्धि के योग हैं। व्यावसायिक मामलों में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। व्यापार में निकटवर्ती सहयोगी के प्रति सच्ची निष्ठा और सुमधुर वाणी रखने से आप लोगों का दिल जीत सकते हैं।

## तुला
आज किस्मत का साथ मिल रहा है और आज आपके धन सम्मान में वृद्धि के योग बन रहे हैं। नौकरी या कारोबार में आपको अपने काम पर फोकस करने की जरूरत है। बहस और टकराव से बचें। आज किसी मामले में पैसों का निवेश करने से बचें तो आपको लाभ होगा।

## वृश्चिक
आज आर्थिक लाभ होगा और आज आपके मन में संतोष और शांति रहेगी। आज शुभ व्यय होने से मन में संतोष होगा। आज का दिन आनन्द में बीतेगा। आज आपके सौंदर्य में वृद्धि के योग बन रहे हैं। किसी निकट मित्र की सलाह और सहयोग से आप अपने बिगड़े काम ठीक कर सकते हैं, समय का लाभ उठाएं तो सब कुछ अच्छा होगा।

## धनु
आज दिन सफलता से भरा होगा। आज का दिन कामकाज को सुधारने में विशेष योगदान दे रहा है। किसी विशेषज्ञ की सलाह आपके लिए आगे चलकर उपयोगी सिद्ध होगी। आज आपके मौज मस्ती के दिन आने वाले हैं। आपके धन में वृद्धि के योग हैं। भाग्य साथ देगा।

## कर्क
आज काफी बिजी रहेंगे और आज का दिन विशेष भागदौड़ करने में बीतेगा और आपको दूसरों के लिए कोई व्यवस्था करनी पड़ सकती है। अपनी सेहत को लेकर सावधान रहें। आपके घर में शाम के वक्त मेहमान भी कुछ लंबा पड़ाव डालने के बारे में सोच सकते हैं। आपका खर्च और काम दोनों बढ़ सकता है।

## सिंह
आज आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। आपके लिए उत्तम संपत्ति की प्राप्ति के योग बन रहे हैं। इसमें कुछ खर्च भी हो सकता है। संतान पक्ष से हर्षवर्धक समाचार व परिवार में आमोद -प्रमोद का वातावरण रहेगा। बहुत समय से रुके हुए किसी कार्य को बनाने की चेष्टा करें। आपके धन में वृद्धि के योग हैं।

## कन्या
आज दिन सफलता से भरा होगा और आज भाग्य आपक साथ दे रहा है। आपकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होंगी। घरेलू स्तर पर भी मांगलिक कार्यों का आयोजन हो सकता है। धार्मिक कार्य में आपकी रुचि बढ़ेगी और धन में वृद्धि होगी। रात्रि का कुछ समय परिवार के साथ बिताएं।

## मकर
आज लाभ का दिन है और आज कई योजनाओं में आपका मन लगेगा। आपको सफलता प्राप्त होगी। अकस्मात् बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति कराकर कोष में वृद्धि हो सकती है। आप अपने बलबूते पर ही अपनी समस्याओं का समाधान निकालने का प्रयास करें। इससे कोई स्थाई सफलता मिल जाएगी।

## कुंभ
आज आर्थिक लाभ होगा। आपके लिए दिन अधिक व्यस्तता का संकेत दे रहे हैं। व्यापार व्यवसाय की तरफ ध्यान देना आपकी प्राथमिकता होनी चाहिए। आज दोपहर तक आप अपना बिखरा हुआ कारोबार सही तरीके से समेट लें, हो सकता है आगे समय न मिलें। आपके भाग्य में वृद्धि के योग हैं।

## मीन
आज दिन सफलता से भरा होगा। आपके भाग्य में वृद्धि होगी। धन और कीर्ति में वृद्धि होगी। शत्रु चिंता का दमन होगा। प्रबल से प्रबल विरोधियों के होने पर भी सफलता की प्राप्ति से हर्ष होगा और आपके धन में वृद्धि के योग बन रहे हैं। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी और आपका भाग्य साथ देगा।

## वर्ग पहेली 5366

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | ■ | 5 | 6 |
| 7 | | ■ | 8 | | | ■ | |
| | ■ | 9 | | | ■ | ■ | ■ |
| 10 | | | ■ | ■ | 11 | 12 | 13 |
| | ■ | 14 | | ■ | 15 | | |
| 16 | 17 | | ■ | 18 | | ■ | |
| 19 | | ■ | ■ | 20 | | | ■ |
| | ■ | ■ | 21 | | | ■ | ■ |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 19 जून को कांग्रेस के वर्तमान राजनीतिज्ञ का जन्मदिवस है (5)
5. संबंध से, हेतु, वास्ते (2)
7. दार्शनिक प्रणाली, राय, वोट (2)
8. धारण करने वाला, वेशधारी (3)
9. रोगी, जिसे कोई मर्ज हो (3)
10. रस्म, प्रथा, रीति (3)
11. झुकाना, लचकाना, अवनमित करवाना (3)
14. पौधा, कढ़ा-बुना हुआ (2)
15. चिरमिरहट, झुलस (3)
16. कुशल, तत्वज्ञ, निपुण (3)
18. महसूस, टैक्स, हस्त, हाथ (2)
19. प्रणाम करता हुआ, अवनमित, झुका हुआ (2)
20. नियम पालन, निष्ठा निर्वाह (3)
21. फलदायक, फल देनेवाला, फलद, सुफल (3)

**ऊपर से नीचे**

1. संत तुलसीदास की प्रसिद्ध पौराणिक कृति (8)
2. आहुति के रूप में दिया हुआ (2)
3. यह गांधार देशाधिपति सुबल की पुत्री थी शकुनि इनके भाई थे (3)
4. धैर्य, धीरता (3)
6. तीक्ष्ण, कर्तनक्षम, गहन प्रभावी (2)
9. विवश, लाचार, इस नाम की दो फिल्मों के नायक क्रमशःविश्वजीत (1965) व अमिताभ बच्चन (1974) थे (4)
11. जो नजरों से ओझल कर कैद किया गया हो, नजर कैदी (5)
12. क्रय-विक्रय की वस्तु, सुस्वादु भोजन, असबाब, स्वादिष्ट आहार (2)
13. ये सिख संप्रदाय के आदि गुरू थे (3)
17. भलाई, उपकार, कल्याण, अंतर्ग्रहीत (2)
18. कपालास्थि कटोरा, कर्पट, खपरा, संपूर्ण खोपड़ी (3)

### वर्ग पहेली 5365 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चि | ली | ■ | भ | र | त | पु | र |
| त | ना | ■ | ला | म | ■ | का | ज |
| ■ | चं | दा | ■ | ना | दि | र | ■ |
| अ | दा | व | त | ■ | ल | ■ | डं |
| ■ | व | त | न | ■ | ज | मै | का |
| कौ | र | ■ | ब | द | ला | ना | ■ |
| म | क | स | द | ■ | ■ | ■ | रो |
| ■ | र | वा | न | गी | ■ | सो | म |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

# अब अरावली रेंज में खनन के नए पट्टों के लिए सुप्रीम कोर्ट की अनुमति जरूरी

### सुप्रीम कोर्ट ने उठाया सख्त कदम; कमेटी गठित करने का दिया निर्देश

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अरावली रेंज में बढ़ते खनन पर रोक लगाने के उद्देश्य से सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को अहम फैसला दिया। अब राज्यों को अरावली रेंज में खनन के नए पट्टे देने अथवा पुराने पट्टों के नवीनीकरण के लिए सुप्रीम कोर्ट से अनुमति लेनी होगी। कोर्ट ने दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान व गुजरात में फैली अरावली रेंज को परिभाषित करने के लिए वन मंत्रालय के सचिव की अगुवाई में कमेटी बनाने का भी निर्देश दिया।

यह कमेटी दो महीने के भीतर कोर्ट को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। अब मामले की अगली सुनवाई अगस्त में होगी। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस अभय एस ओका की पीठ ने अरावली रेंज में बढ़ते खनन से जुड़ी याचिका पर सुनवाई करते हुए यह फैसला दिया। इस



दौरान शीर्ष अदालत ने राजस्थान सरकार की ओर से अरावली रेंज में खनन को लेकर तय की गई नीति पर भी सवाल उठाए।

#### कमेटी दो महीने के भीतर दे अपनी रिपोर्ट

पीठ ने कहा कि कमेटी में चारों राज्यों के प्रतिनिधियों के साथ भारतीय वन सर्वेक्षण व भारतीय भू वैज्ञानिक सर्वेक्षण के भी प्रतिनिधि शामिल रहेंगे। कोर्ट ने कमेटी को दो महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट देने को कहा है। इसके साथ ही पीठ ने अरावली रेंज में खनन के लिए चारों राज्यों को एक जैसे मानक तैयार करने के निर्देश दिए। मौजूदा समय में अरावली रेंज से जुड़े दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान व गुजरात में खनन को लेकर अलग-अलग नियम है।

#### सौ मीटर से कम ऊंचाई वाली पहाड़ियों पर खनन की मंजूरी

राजस्थान सरकार की नीति के तहत सौ मीटर से कम ऊंचाई वाली पहाड़ियों पर खनन की मंजूरी दी जा रही है। कोर्ट ने कहा कि जब ऊंची पहाड़ियों के आसपास की निचली पहाड़ियों को काट दिया जाएगा, तो ऊंची पहाड़ियों अपने आप खत्म हो जाएगी। हालांकि कोर्ट ने न्याय मित्र व वरिष्ठ अधिवक्ता एडीएन राव की खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने की मांग को खारिज कर दिया और कहा कि खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने से अवैध खनन बढ़ेगा। कोर्ट ने चारों राज्यों में फैली अरावली रेंज को परिभाषित करने का भी निर्देश दिया और वन मंत्रालय के सचिव की अगुवाई में कमेटी गठित करने का आदेश दिया।

## प्रज्वल के खिलाफ कोई भी पीड़िता नहीं पहुंची शिकायत दर्ज कराने, महिला आयोग के सामने आए कई महत्वपूर्ण निष्कर्ष



**नईदिल्ली, एजेंसी।** कर्नाटक के सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) में शिकायत दर्ज कराने के लिए कोई भी पीड़िता आगे नहीं आई। एक महिला शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि उसे जदएस नेता के खिलाफ फर्जी शिकायत दर्ज करने के लिए मजबूर किया गया था। महिला आयोग ने गुरुवार को संबंधित अधिकारियों द्वारा समय पर कार्रवाई रिपोर्ट (एटीआर) प्रस्तुत करने से कई महत्वपूर्ण निष्कर्ष सामने आए हैं। इसने कहा कि मामले की गहन जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआइटी) समिति का गठन किया गया है।

#### एसआइटी नहीं कर रही है निष्पक्ष जांच

कुमारस्वामीजदएस नेता एचडी कुमारस्वामी ने आरोप लगाया कि प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ जांच कर रही एसआइटी रास्ते से भटक रही है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा वह चाहते हैं कि दोषियों को कानून के अनुसार सजा मिले, उन्होंने कर्नाटक की कांग्रेस सरकार द्वारा गठित एसआइटी की जांच की प्रगति पर सवाल उठाए। कुमारस्वामी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि ऐसी स्थिति पैदा हो गई है कि मुझे हर रोज आप सभी को संबोधित करना पड़ रहा है। कुछ सरकारी अधिकारियों के निर्णय और आदेश संदिग्ध हैं। उन्होंने कहा कि कानून से बड़ा कोई नहीं है। अगर किसी ने गलत किया है तो उसे इसकी कीमत चुकानी होगी।

#### सीबीआइ जांच की सिफारिश करने की हुई मांग

वहीं, जदएस ने राज्यपाल थावरचंद गहलोत को ज्ञापन सौंपकर प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ यौन शोषण के आरोपों की सीबीआइ जांच की सिफारिश करने की मांग की। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के नेतृत्व वाली पार्टी ने दावा किया कि मामले की जांच कर रही एसआइटी से निष्पक्ष जांच की उम्मीद करना असंभव है, क्योंकि यह राज्य सरकार द्वारा प्रभावित और गुमराह किया जा रहा है।

#### तीन हजार वीडियो के प्रसार के पीछे मास्टरमाइंड

पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी के नेतृत्व में पार्टी नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को एक ज्ञापन सौंपा। इसमें उन्होंने आरोप लगाया कि उप मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार प्रज्वल द्वारा कथित तौर पर कई महिलाओं का यौन शोषण करने के लगभग तीन हजार वीडियो के प्रसार के पीछे मास्टरमाइंड हैं। उन्होंने राज्यपाल से अनुरोध किया कि वे मुख्यमंत्री सिद्दरमैया को उप मुख्यमंत्री को कैबिनेट से हटाने की सलाह दें।

#### सुनवाई 13 मई तक के लिए स्थगित

वहीं, बेंगलुरु की की विशेष अदालत ने अपहरण के मामले में जदएस विधायक एचडी रेवन्ना की जमानत याचिका पर सुनवाई 13 मई तक के लिए स्थगित कर दी। राष्ट्रीय महिला आयोग ने प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े कथित अश्लील वीडियो मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की। एनसीडब्ल्यू ने एक बयान में कहा कि हालिया घटनाक्रम ने उसे तेज और निर्णायक कार्रवाई करने के लिए प्रेरित किया है। एनसीडब्ल्यू ने राज्य के डीजीपी को पत्र लिखकर मामले में तीन दिनों के भीतर तत्काल कार्रवाई और जवाबदेही तय करने का आग्रह किया है।

#### महिला के अपहरण के मामले में चार और लोग हिरासत में

प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ यौन शोषण के मामलों की जांच के लिए एसआइटी ने एक महिला के अपहरण के मामले में चार और लोगों को हिरासत में लिया है। एसआइटी ने प्रज्वल के पिता और होलेनरसीपुरा के विधायक एच डी रेवन्ना को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है, जो परप्पाना अग्रहारा सेंट्रल जेल में न्यायिक हिरासत में हैं। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि मामले में रेवन्ना की भूमिका का पता लगाने के लिए चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। ये चारों मैसूरु के कृष्णराजनगर के रहने वाले हैं।

## दिल्लीवालों के लिए एक दिन मुफ्त रहेगी रैपिडो की सवारी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्लीवालों के लिए गुड न्यूज है। मतदान प्रतिशत बढ़ाने की दिशा में नई पहल की जा रही है, जिसके तहत 25 मई को मतदान करने के बाद लोगों को घर तक जाने के लिए दोपहिया वाहन की सुविधा निशुल्क मिलेगी। इसके लिए दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) पी. कृष्णमूर्ति और बाइक राइड-शेयरिंग कंपनी रैपिडो अधिकारियों के बीच गुरुवार को सहमति बन गई।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की तरफ से जानकारी दी गई है कि दिल्ली में रैपिडो के पास करीब आठ लाख बाइक हैं, जो मतदान के दिन लोगों को बूथ से घर तक छोड़ने में मदद करेंगी। कंपनी मतदान के दिन दिल्ली से सटे बाकी शहरों में उपलब्ध अपनी बाइकों का भी राजधानी में उपयोग कर सकती है, ताकि मतदाताओं को घर जाने के लिए आसानी से बाइक उपलब्ध हो सके।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी का कहना है, हमारी कोशिश है कि दिल्ली में मतदान प्रतिशत बढ़े, जिसके लिए तमाम स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं, जिसमें रैपिडो बाइक सेवा उपलब्ध कराने का प्रयास भी शामिल है।

**पहले लाने की भी थी योजना-** बताया जा रहा है कि पहले सीईओ कार्यालय चाहता था कि घर से मतदान केंद्र तक लाने और फिर मतदान केंद्र से घर तक मतदाताओं को छोड़ने की सुविधा प्रदान की जाए। कुछ अधिकारियों ने तर्क दिया कि घर से मतदान केंद्र तक मतदाता को ले जाते वक्त किसी भी तरह से वोटर को प्रभावित कर अपने पक्ष में मतदान करने का प्रयास किसी पार्टी, प्रत्याशी और उनके समर्थक द्वारा किया जा सकता है।इसलिए मतदान के बाद बाइक की सुविधा प्रदान की जाए, जिस पर सहमति बनने के बाद अंतिम निर्णय लिया गया है।

## भाजपा कर्नाटक आईटी सेल के संयोजक आपत्तिजनक पोस्ट पर किए गए तलब, जेपी नड्डा के खिलाफ भी समन जारी

**बेंगलुरु।** भाजपा कर्नाटक इंटरनेट मीडिया सेल के संयोजक प्रशांत मकनूर को गुरुवार को पुलिस ने आपत्तिजनक पोस्ट मामले में तलब किया। हालांकि अग्रिम जमानत मिलने के कारण उन्हें छोड़ दिया गया। इस मामले में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और पार्टी आइटी सेल के राष्ट्रीय प्रमुख अमित मालवीय को समन जारी किए जा चुके हैं।



पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रशांत मकनूर को पूछताछ के लिए बुलाया गया था। हालांकि बाद में उन्हें जमानत पर छोड़ दिया गया। इस मामले में गत पांच मई को कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) की शिकायत पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है।

#### चार मई को अपलोड किए गए वीडियो

शिकायत में केपीसीसी ने कर्नाटक राज्य भाजपा के आधिकारिक अकाउंट द्वारा इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर गत चार मई को अपलोड किए गए वीडियो का उल्लेख किया है। इस वीडियो में राहुल गांधी और सिद्दरमैया को एनिमेटेड किरदार के रूप में चित्रित किया गया है। वीडियो में दोनों नेता एक घोसले में मुसलमान लिखा एक अंडा रखते हैं जिसमें पहले से एससी, एसटी और ओबीसी नाम के तीन अंडे रखे थे। फिर मुसलमान अंडे से निकले चूजे को फंड का चारा खिलाया गया और वह संख्या बल में बढ़ता गया और पहले से मौजूद तीन अंडों की जगह ले ली।

## परी चौक के डिजाइन में कई नए बदलाव का प्लान

### ये है मकसद; ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने सीआरआरआइ को सौंपा काम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जाम से राहत दिलाने के लिए परी चौक को रीडिजाइन कराया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान (सीआरआरआई) को सौंपी गई है। सीआरआरआई की टीम ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों के समक्ष फिजिबिलिटी रिपोर्ट का दो बार प्रस्तुतिकरण दे चुकी है। कुछ संशोधनों के साथ अंतिम रिपोर्ट अगले माह सौंपे जाने की उम्मीद है।

नोएडा एयरपोर्ट का सबसे ज्यादा फायदा नोएडा और ग्रेटर नोएडा को मिलने जा रहा है। हवाई जहाजों के उड़ान भरने पर बसावट बढ़ने के साथ ट्रैफिक का दबाव भी बढ़ेगा। पहले से ही ट्रैफिक के दबाव से जूझ रहे परी चौक पर स्थिति और अधिक बिगड़ जाएगी। इसको देखते हुए परी चौक का रीडिजाइन कराए जाने का निर्णय लिया गया है।

पुलिस और ट्रैफिक विभाग द्वारा भी इस संबंध में सुझाव दिए गए हैं। परी चौक का रीडिजाइन तैयार करने के साथ सीआरआरआई की टीम यह भी सर्वे कर रही है कि एयरपोर्ट चालू होने के बाद किस सड़क पर कितना ट्रैफिक होगा। ऐसे स्थिति में ट्रैफिक का दबाव को झेलने में सक्षम होंगी या नहीं। प्राधिकरण सीआरआरआई की सर्वे रिपोर्ट के आधार पर सड़कों का चौड़ीकरण करेगा। ग्रेटर नोएडा के सिरसा गोलचक्कर से एनएच-24 गाजियाबाद को जोड़ने वाले 130 मीटर सड़क के




चौड़ीकरण का काम शुरू भी कर दिया गया है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में चार मूर्ति गोलचक्कर पर अंडरपास का निर्माण आगामी जून में शुरू हो जाएगा। इससे ग्रेटर नोएडा वेस्ट में लगने वाले जाम से काफी हद तक निजात मिलेगी। प्राधिकरण के मुताबिक, सड़कों के चौड़ीकरण के अलावा अन्य विकल्प पर भी काम चल रहा है।

#### ग्रेटर नोएडा वेस्ट सबसे बड़ी चुनौती

सोसाइटियों के शहर ग्रेटर नोएडा वेस्ट में जाम की स्थिति अभी से पैदा होने लगी है। यह स्थिति तब है, जब सभी सोसाइटियां अभी बनकर तैयार नहीं हुई हैं। ऊपर से नोएडा एयरपोर्ट के ट्रैफिक का दबाव भी रहेगा। ऐसे में जाम की समस्या से निजात दिलाना बड़ी चुनौती होगी।

सीईओ, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ रवि कुमार एनजी ने कहा कि परी चौक के डिजाइन में बदलाव होगा। जून में इस पर काम शुरू हो जाएगा। उन सड़कों को चौड़ी करने का निर्णय लिया गया है, जो सबसे अधिक व्यस्त होंगी।

## संक्षिप्त समाचार

### चेन्नई में देश की पहली सफल रोबोटिक साइटोरडक्टिव सर्जरी सफल



**चेन्नई।** चेन्नई के अपोलो कैंसर सेंटर (एसीसी) के कैंसर रोग विशेषज्ञों ने अपेंडिक्स कैंसर स्यूडोमाइक्सोमा पेरिटोनी (पीएमपी) के लिए हाइपरथर्मिक इंट्रापेरिटोनियल कीमोथेरेपी (एचआइपीईसी) के साथ भारत की पहली रोबोटिक साइटोरडक्टिव सर्जरी (सीआरएस) सफलतापूर्वक की।

साइटोरिडक्टिव सर्जरी (सीआरएस) एक सर्जिकल प्रक्रिया है। इसका उद्देश्य ट्यूमर वाले रोगियों के पेट में फैलने वाली कैंसर कोशिकाओं को कम करना है।

**10 लाख लोगों में से दो लोगों में होती है स्यूडोमाइक्सोमा पेरिटोनी-** स्यूडोमाइक्सोमा पेरिटोनी एक दुर्लभ बीमारी है और यह 10 लाख लोगों में से महज दो लोगों में होती है। 51 वर्ष की एक महिला रोगी के गर्भाशय में गांठ थी। इस पर उसके गर्भाशय, अंडाशय, अपेंडिक्स और ओमेंटम के हिस्से को हटाने सहित व्यापक सर्जरी की गई थी।

### दुबई से भारतीय यात्रियों को लेकर जमैका पहुंचा विमान वापस भेजा गया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कई भारतीय यात्रियों को लेकर दुबई से उड़ान भरने वाले चार्टर्ड विमान को जमैका की राजधानी किंग्स्टन से वापस भेज दिया गया, क्योंकि स्थानीय अधिकारी यात्रियों के दस्तावेजों से संतुष्ट नहीं थे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि फ्लाइट और यात्रियों को दुबई लौटने का आदेश दिया गया था और वे सात मई को किंग्स्टन से रवाना हुए थे।

**विदेश मंत्रालय ने क्या कहा-** प्रवक्ता ने कहा कि हम समझते हैं कि भारतीयों के साथ जर्मनी पंजीकृत एक चार्टर्ड उड़ान पर्यटन उद्देश्यों के लिए दो मई को दुबई से किंग्स्टन पहुंची थी। उनके पास पहले से होटल बुकिंग थी। स्थानीय अधिकारी पर्यटक के रूप में उनसे संतुष्ट नहीं थे। उड़ान और यात्रियों को मूल स्थान-दुबई लौटने का आदेश दिया गया। यात्री सात मई को किंग्स्टन से चले गए।

**उड़ान में सवार थे 253 लोग-** जमैका आब्जर्वर की रिपोर्ट में कहा गया है कि उड़ान में 253 विदेशी सवार थे और सुरक्षा चिंताओं के मद्देनजर आव्रजन अधिकारियों ने उन्हें प्रवेश देने से मना कर दिया था। राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्रालय ने कहा कि स्थानीय अधिकारी सुरक्षा खतरों और कानून के संभावित उल्लंघनों के लिए नियमित रूप से यात्री उड़ानों की जांच करते हैं।

### एनसीआर के बाद अब दिल्ली में भी दौड़ेगी नमो भारत, चार टनल तैयार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नमो भारत ट्रेन मेरठ दक्षिण स्टेशन तक चलने के बाद इस साल के अंत तक दिल्ली में दौड़ेगी। एनसीआरटीसी ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। आरआरटीएस का प्राथमिक खंड साहिबाबाद से दुहाई डिपो तक 17 किलोमीटर लंबा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अक्तूबर 2023 में इस खंड का उद्घाटन किया था। इसके बाद मार्च 2024 से 17 किलोमीटर लंबे और खंड को शुरू किया गया।

वर्तमान में यात्रियों के लिए 34 किलोमीटर लंबे खंड पर ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। एनसीआरटीसी ने मेरठ दक्षिण स्टेशन तक ट्रेन को यात्रियों के लिए चलाने की तैयारी शुरू कर दी है। मोदीनगर नॉर्थ स्टेशन से ट्रेन मेरठ दक्षिण स्टेशन तक और चलेगी। इसके लिए सिस्टम अपग्रेड कर दिया है। फिलहाल ट्रेन को ट्रायल के लिए चलाया जा रहा है। इस माह के अंत तक ट्रेन मेरठ दक्षिण स्टेशन तक चलेगी। इस तरह ट्रेन 42 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर चलेगी।

**दिल्ली-गाजियाबाद के भूमिगत खंड में चार सुरंग तैयार-** दिल्ली और गाजियाबाद के भूमिगत खंड में चार सुरंग हैं। चारों सुरंग का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। दो सुरंग आनंद विहार स्टेशन से न्यू अशोक नगर स्टेशन की दिशा में बनाई हैं। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम ने गाजियाबाद खंड में सुरंग बनने के बाद उससे बाहर निकलने के लिए रैंप का निर्माण भी पूरा कर लिया है।

## पत्नी व बच्चों के होते हुए लिव-इन पार्टनर से संतान चाहता था कैदी, हाईकोर्ट ने कही महत्वपूर्ण बात

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि भारत का कानून एवं जेल के नियम किसी कैदी को वैवाहिक संबंध बनाने के लिए पैरोल लेने की अनुमति नहीं देते हैं, वह भी अपने लिव-इन पार्टनर के साथ। अदालत ने कहा कि कोई व्यक्ति यह दावा नहीं कर सकता कि अपने/अपनी लिव-इन पार्टनर (जो खुद भी एक दोषी है) से संतान पैदा करना उसका मूल अधिकार है, जबकि लिव-इन पार्टनर का जीवनसाथी जीवित है और उनके बच्चे भी हैं।

सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने कहा, यहां यह उल्लेख करना भी जरूरी होगा कि मौजूदा कानून किसी को विधिवत पत्नी के साथ संबंध बनाने के लिए भी पैरोल देने की अनुमति नहीं देता है... ऐसे में लिव-इन पार्टनर की बात को तो छोड़ ही दीजिए।

उच्च न्यायालय ने उम्रकैद की सजा काट रहे व्यक्ति को अपनी लिव-इन पार्टनर के साथ यौन संबंध बनाकर अपने वैवाहिक संबंध को पूरा करने और सामाजिक संबंध बरकरार रखने के लिए पैरोल पर रिहा करने से इनकार करते हुए यह टिप्पणी की।

इस व्यक्ति ने शुरुआत में यह खुलासा नहीं किया था कि महिला उसकी लिव-इन पार्टनर है और वह उसकी कानूनन विवाहित पत्नी नहीं है या उसकी (पुरुष) पहले से ही किसी और से शादी हो चुकी है। वहीं याचिका में महिला ने खुद को उसकी पत्नी



बताया है और व्यक्ति ने भी यह खुलासा नहीं किया कि वह अपनी पहली पत्नी से कानूनन अलग नहीं हुआ है, जिसके साथ उसके तीन बच्चे हैं।

अदालत ने कहा, भारत का कानून और दिल्ली जेल के नियम वैवाहिक संबंध बनाने के लिए पैरोल की अनुमति नहीं देते हैं, वह भी लिव-इन पार्टनर के साथ। आगे अदालत ने कहा, दूसरे शब्दों में कहें तो, कानूनन विवाहित पत्नी के जीवित रहते और तीन संतान होने के बावजूद कोई दोषी कानून एवं जेल नियमावली के दायरे में अपने लिव-इन पार्टनर (जो खुद भी एक दोषी है) से बच्चा पैदा करने की मांग को अपना मूल अधिकार नहीं बता सकता।

अदालत ने कहा कि दोषी की लिव-इन पार्टनर, जिसे पत्नी या जीवनसाथी के रूप में कानूनी मान्यता नहीं प्राप्त है, वह दिल्ली जेल नियमों के तहत 'परिवार' की परिभाषा के दायरे में नहीं आती है।

कोर्ट ने बताया कि दिल्ली जेल नियमों के अनुसार, किसी कैदी को अपने पारिवारिक जीवन में निरंतरता बनाए रखने और पारिवारिक और सामाजिक मामलों से निपटने में सक्षम बनाने के लिए पैरोल या छुट्टी दी जा सकती है। एक कैदी के परिवार की परिभाषा में दादा-दादी, माता-पिता, भाई, बहन, पति/पत्नी, बच्चे और पोते-पोतियां शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार



टेबल टेनिस

### क्वार्टरफाइनल में हारीं मनिका बत्रा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यह चार प्रयासों में इस प्रतिद्वंद्वी पर मनिका की पहली जीत थी। इस समय विश्व रैंकिंग में 39वें नंबर पर काबिज मनिका इस प्रदर्शन के बाद शीर्ष 25 में पहुंच जाएंगी। भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा का यहां ग्रैंड स्मैश टूर्नामेंट में शानदार सफर गुरुवार को महिला एकल क्वार्टर फाइनल में जापान की हिना हयाता से 1-4 से हारकर समाप्त हो गया। इससे पहले वह एलीट डब्ल्यूडब्ल्यूटी टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाली पहली भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी बनी थीं।वह इस लय को क्वार्टरफाइनल में जारी नहीं रख सकीं और दुनिया की पांचवें नंबर की खिलाड़ी हयाता से 11-7 6-11 4-11 11-13 2-11 से हार गईं। प्री क्वार्टर में उन्होंने दुनिया की 14वें नंबर की खिलाड़ी नीना मिट्टेलहम को हराया था। दूसरे दौर में दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी वांग मान्यु को हराने के बाद बत्रा ने जर्मनी की नीना को 22 मिनट में 11-6, 11-9, 11-7 से मात दी। यह चार प्रयासों में इस प्रतिद्वंद्वी पर मनिका की पहली जीत थी। इस समय विश्व रैंकिंग में 39वें नंबर पर काबिज मनिका इस प्रदर्शन के बाद शीर्ष 25 में पहुंच जाएंगी।



टी20 विश्व कप में नहीं चुने गए

### न्यूज़ीलैंड के बल्लेबाज़ कॉलिन मुनरो ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**क्राइस्टचर्च, एजेंसी।** टी20 विश्व कप में जगह नहीं बना पाने वाले न्यूज़ीलैंड के बल्लेबाज़ कॉलिन मुनरो ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। 2020 से ही अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेलने वाले मुनरो ने खुद को विश्व कप के लिए उपलब्ध घोषित किया था। न्यूज़ीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने पिछले दिनों टीम की घोषणा करते हुए कहा था कि मुनरो के नाम की चर्चा तो हुई थी, लेकिन इस बाएं हाथ के बल्लेबाज़ की जगह नहीं बन पाई।

37 वर्षीय मुनरो के नाम न्यूज़ीलैंड के लिए 123 अंतर्राष्ट्रीय मैच दर्ज है और वह पिछले चार साल से सिर्फ़ फ़्रैंचाइज़ क्रिकेट खेल रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद वह आगे भी फ़्रैंचाइज़ क्रिकेट खेलते रहेंगे।

मुनरो ने कहा, न्यूज़ीलैंड के लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेलना मेरे करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि रही है और मुझे हमेशा इस पर गर्व रहेगा। मुझे उम्मीद थी कि फ़्रैंचाइज़ क्रिकेट के फ़ॉर्म से मैं टीम में वापस लौटूंगा, लेकिन चूंकि अब ऐसा नहीं होने वाला इसलिए मैं आधिकारिक रूप से संन्यास की घोषणा करता हूं। मुनरो ने न्यूज़ीलैंड के लिए एक टेस्ट, 57 वनडे और 65 टी20 खेले हैं और उनके नाम वेस्टइंडीज़ के ख़िलाफ़ एक टी20 मैच में शतक भी दर्ज है। उन्होंने श्रीलंका के ख़िलाफ़ 14 गेंदों में अर्धशतक लगाया था, जो कि राष्ट्रीय रिकॉर्ड है।

# ज्योति याराजी का बेहतरीन प्रदर्शन, जीता स्वर्ण पदक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ज्योति याराजी ने भले ही पेरिस ओलंपिक के लिए 2.77 सेकेंड के क्वालीफाइंग मानक को हासिल नहीं किया, लेकिन वह विश्व रैंकिंग के आधार पर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की ओर अग्रसर हैं। विश्व एथलेटिक्स की रोड टू पेरिस सूची में ज्योति फिलहाल 26वें स्थान पर मौजूद हैं।

भारत की राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी ज्योति याराजी ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए गुरुवार को नीदरलैंड के वुष्ट में हैरी शुल्टिंग खेलों में सीजन की पहली आउटडोर प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। ज्योति ने 100 मीटर बाधा दौड़ में यह उपलब्धि हासिल की।

पिछले साल हांगझू एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने वाली 24 वर्षीय याराजी ने विश्व एथलेटिक्स ई कैटेगरी की प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने के लिए 12.87 सेकेंड का समय निकाला जो उनके करियर का चौथा सर्वश्रेष्ठ समय है।

ज्योति याराजी ने भले ही पेरिस ओलंपिक के लिए 2.77 सेकेंड के क्वालीफाइंग मानक को हासिल नहीं किया, लेकिन वह विश्व रैंकिंग के आधार पर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की ओर अग्रसर हैं। विश्व एथलेटिक्स की रोड टू पेरिस सूची में ज्योति फिलहाल 26वें स्थान पर मौजूद हैं। पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ में 40 धावक प्रतिस्पर्धा करेंगे जिनमें से 15 विश्व रैंकिंग के आधार से क्वालीफाई करेंगी, जबकि 25 एथलीट का प्रवेश क्वालीफाइंग मानक से होगा।

#### पिछले साल 60 मीटर में जीता था स्वर्ण पदक

ज्योति याराजी का राष्ट्रीय रिकॉर्ड 12.78 सेकेंड का है जो उन्होंने पिछले साल वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स के दौरान हासिल किया था। उन्होंने फरवरी में तेहरान में एशियाई इंडोर चैंपियनशिप में 60 मीटर बाधा दौड़ में स्वर्ण पदक हासिल किया था।

## पेरिस ओलंपिक: ओलंपिक के लिए इन नामी जोड़ियों के साथ तैयारी करेंगे सात्विक-चिराग, देश में ही करेंगे प्रैक्टिस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सात्विक और चिराग ने विदेश की बजाय देश में ओलंपिक की तैयारियां करने का फैसला लिया है। अलेक्जेंडर डन और एडम हाल के साथ सात्विक और चिराग 22 से 30 जून तक मुंबई में तैयारियां करेंगे, जबकि आगुंग और एंग्रियावान के साथ दोनों पांच से 20 जुलाई तक हैदराबाद में तैयारियां करेंगे। पेरिस ओलंपिक में पदक की दावेदार राष्ट्रमंडल और एशियाड स्वर्ण विजेता बैडमिंटन जोड़ी सात्विक साईराज रैंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को ओलंपिक की तैयारियां दो नामी विदेशी जोड़ियां कराएंगी। ये दोनों जोड़ियां यूरोपियन चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता स्कॉटलैंड के अलेक्जेंडर डन-एडम हाल और थॉमस कप पदक विजेता



इंडोनेशिया के रेन आगुंग-बेरी एंग्रियावान हैं। सात्विक-चिराग इन दोनों जोड़ियों के साथ पेरिस की तैयारियां मुंबई और हैदराबाद में अंजाम देंगे। दोनों ही जोड़ियों को सात्विक-चिराग और उनके डेनमार्क के कोच मथायस बोए की सिफारिश पर बुलाया जा रहा है। साई ने दोनों की तैयारियों के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है, जिस पर तकरीबन साढ़े छह लाख रुपये का खर्च आएगा।

#### जून और जुलाई आएंगी विदेशी जोड़ियां

सात्विक और चिराग ने विदेश की बजाय देश में ओलंपिक की तैयारियां करने का फैसला लिया है। अलेक्जेंडर डन और एडम हाल के साथ सात्विक और चिराग 22 से 30 जून तक मुंबई में तैयारियां करेंगे.

ऑलराउंडरों की बल्ले-बल्ले?

## आईपीएल से इंपैक्ट प्लेयर की होगी छुट्टी



**मुंबई, एजेंसीं।** बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा है कि आईपीएल में इंपैक्ट खिलाड़ी का नियम प्रयोग के तौर पर लागू किया गया था और सभी हितधारक चाहेंगे तो इस पर पुनर्विचार किया जा सकता है। इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम के कारण इस बार आईपीएल में आठ बार 250 से अधिक का स्कोर बना। खिलाड़ियों, कोचों और विशेषज्ञों ने भी बारंबार कहा है कि गेंदबाजों पर इस नियम का विपरीत असर हो रहा है क्योंकि इससे टीमों को अतिरिक्त बल्लेबाज मिल रहा है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि हरफनमौलाओं को इस नियम की वजह से गेंदबाजी के मौके नहीं मिल रहे।

शाह ने बीसीसीआई कार्यालय में चुनिंदा मीडिया से बातचीत में कहा, 'इंपैक्ट खिलाड़ी का नियम प्रयोग के तौर पर लागू किया गया था। वैसे इससे दो भारतीय खिलाड़ियों को खेलने का अतिरिक्त मौका मिल रहा है। क्या यह महत्वपूर्ण नहीं है। खेल भी और प्रतिस्पर्धी हो रहा है।' शाह ने कहा कि टी20 विश्व कप के बाद सभी पक्ष मिलकर इस पर बात करेंगे। उन्होंने कहा, 'खिलाड़ियों को लगता है कि यह सही नहीं है तो हम इस पर बात करेंगे। अभी तक किसी ने ऐसा कुछ कहा नहीं है। आईपीएल और विश्व कप के बाद बैठक में तय किया जाएगा।'

उन्होंने कहा, 'विश्व कप के बाद हम खिलाड़ियों, टीमों और प्रसारकों से मिलकर भविष्य के बारे में फैसला लेंगे।

यह स्थायी नियम नहीं है और मैं यह भी नहीं कह रहा कि हम इसे खत्म कर देंगे।' शाह ने यह भी कहा कि टी20 विश्व कप खेलने जा रहे भारतीय आईपीएल खिलाड़ियों को आराम की जरूरत नहीं है क्योंकि प्रतिस्पर्धा ही सर्वश्रेष्ठ तैयारी होती है।

उन्होंने कहा, 'आराम की क्या जरूरत है। यह अभ्यास सत्र की तरह ही है। इससे बेहतर तैयारी क्या हो सकती है। आपके सामने बेहतरीन टीम है जिसमें एक गेंदबाज न्यूजीलैंड का, एक ऑस्ट्रेलिया का, एक श्रीलंका का है। अगर हम एक गेंदबाज को आराम देते हैं तो उसे ट्रेविस हेड को गेंदबाजी का मौका नहीं मिलेगा। जब जसप्रीत बुमराह उसे गेंदबाजी करेगा तो ही समझ में आएगा कि उसे कैसे गेंद डालनी है।' शाह ने यह भी कहा कि बोर्ड का फोकस महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए मैचों की संख्या बढ़ाने पर भी है।

उन्होंने कहा, 'महिला क्रिकेट का ख्याल भी पुरुष क्रिकेट की तरह रखा जा रहा है। बांग्लादेश में विश्व कप होना है और हम द्विपक्षीय सीरीज भी खेल रहे हैं।'

## भारतीय महिला टीम का बांग्लादेश का 5-0 से क्लीन स्वीप

### पांचवें टी-20 मैच में 21 रन से हराया, राधा ने लिए 3 विकेट लिए




**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने सिलहट में खेले गए आखिरी टी-20 मैच में बांग्लादेश को 21 रन से हराया। इसके साथ ही पांच टी-20 मैचों की सीरीज में क्लीन स्वीप कर लिया है। इस मैच में भारत ने टॉस जीत कर पहले बैटिंग का फैसला किया।

भारतीय महिला टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 156 रन बनाए। इसके जवाब में बांग्लादेश टीम 135/6 रन ही बना सकी। भारत ने इस सीरीज को 5-0 से अपने नाम कर लिया। भारतीय टीम ने 5 टी-20 मैचों की सीरीज पर 5-0 से कब्जा जमाया।

#### हेमलता और हरमन के बीच 60 रन की साझेदारी

भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही। भारत को पहला झटका 25 रन के स्कोर पर लगा। शेफाली वर्मा 14 गेंदों पर 14 रन बना कर आउट हो गईं। दूसरा विकेट 62 रन पर गिरा। स्मृति मंधाना ने 25 गेंदों पर 33 रन बनाए।

डी हेमलता ने पहले मंधाना के साथ 37 रन की पार्टनरशिप की और उसके बाद हरमनप्रीत कौर के साथ तीसरे विकेट के लिए 40 गेंदों पर 60 रन की साझेदारी कर टीम को मजबूत स्कोर देने में अहम भूमिका निभाई।

#### बांग्लादेश की शुरुआत खराब

157 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही। 19 रन पर ओपनर शेभना मोस्ट्री आउट हो गईं। उन्होंने 9 गेंदों का सामना कर 13 रन बनाए। वहीं दिलारा अख्तर भी 4 रन बना कर पवेलियन लौट गईं। 48 रन के स्कोर पर बांग्लादेश के 4 विकेट गिर गए। जिसके बाद रितु मोनी और शोरफिया खातून ने बांग्लादेश की पारी को संभाला और छठे विकेट के लिए 41 गेंदों पर 57 रन की पार्टनरशिप की और टीम को संकट से उभारने की कोशिश की।

मोनी ने 37 रन और शोरिफा खातून ने नाबाद 28 रन की पारी खेली, पर वह टीम को जीत नहीं दिला सकी। बांग्लादेश 6 विकेट पर 135 रन ही बना सकी।

#### राधा यादव ने लिए तीन विकेट

राधा यादव ने 4 ओवर में 24 रन देकर 3 विकेट लिए। उनके अलावा आशा शोभना ने 4 ओवर में 25 रन देकर 2 विकेट लिए। राधा यादव ने पूरी सीरीज में 10 विकेट लिए।



### आईपीएल डेब्यू पर ही विदवथ कावेरप्पा ने किया कमाल

#### लंबे समय के बाद मिला मौका

**नईदिल्ली, एजेंसी।** 2024 में भारत के कई युवा खिलाड़ियों ने अब तक अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया है। खास तौर पर इस सीजन युवा तेज गेंदबाजों ने कई मैचों में कमाल का प्रदर्शन किया। ऐसा ही कुछ पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेले गए मुकाबले के दौरान भी देखने को मिला। जहां लंबे इंतजार के बाद, कर्नाटक के उभरते तेज गेंदबाज विदवथ कावेरप्पा को गुरुवार, 9 मई को आईपीएल में डेब्यू करने का मौका मिला.

#### विराट कोहली को किया परेशान

पंजाब किंग्स के कप्तान सैम करन ने उन्हें आरसीबी के खिलाफ खेलने का मौका दिया और उन्हें नई गेंद से गेंदबाजी करने के लिए बुलाया। जहां उन्होंने यह साबित किया कि उन्हें घरेलू क्रिकेट में इतना ऊंचा दर्जा क्यों दिया जाता है। 25 वर्षीय खिलाड़ी ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के इस सीजन के सबसे शानदार बल्लेबाज विराट कोहली को शुरुआती ओवर में काफी परेशान किया और कोहली ने उनकी गेंद पर एक गलती भी की थी।

## अगर द्रविड़ दोबारा आवेदन करना चाहते हैं, तो कर सकते हैं: बीसीसीआई

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने पुष्टि की कि भारत की पुरुष क्रिकेट टीम के मुख्य कोच की नियुक्ति प्रक्रिया आने वाले सप्ताह में शुरू होने वाली है। शाह ने यह भी कहा कि मौजूदा मुख्य कोच राहुल द्रविड़ अगर अपना कार्यकाल बढ़ाना चाहते हैं तो इस पद के लिए दोबारा आवेदन कर सकते हैं। शाह ने मुंबई में बीसीसीआई मुख्यालय में बातचीत के दौरान कहा, हम अगले कुछ दिनों में आवेदन मंगाएंगे। राहुल द्रविड़ का कार्यकाल जून में खत्म हो रहा है।

अगर वह दोबारा आवेदन करना चाहते हैं, तो कर सकते हैं। बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण कोच जैसे कोचिंग स्टाफ का फैसला नए कोच के परामर्श के बाद किया जाएगा। पिछले नवंबर में वनडे विश्व कप के फाइनल में भारत की हार के बाद उनका दो साल का अनुबंध समाप्त होने के बाद द्रविड़ को टी20 विश्व कप तक अल्पकालिक विस्तार दिया गया था। शाह ने यह भी पुष्टि की कि नए मुख्य कोच को 2027 में वनडे विश्व कप तक कार्यभार संभालने की पेशकश की जाएगी। हालाँकि, शाह ने एक विदेशी कोच की संभावना से इंकार नहीं किया और इस मुद्दे को खुला छोड़ दिया, यह संकेत देते हुए कि बोर्ड के विभिन्न प्रारूपों के लिए अलग-अलग कोचों पर विचार करने की संभावना नहीं है, यह प्रणाली इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) जैसे बोर्ड द्वारा अपनाई गई है और यहां तक कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) में भी है । हम तीन साल के लिए एक दीर्घकालिक कोच की तलाश कर रहे हैं। हम यह तय नहीं कर सकते कि नया कोच भारतीय होगा या विदेशी। यह सीएसी पर निर्भर करेगा और हम एक वैश्विक संस्था हैं। यह निर्णय भी वही करेगा सीएसी में विराट कोहली, रोहित शर्मा और ऋषभ पंत जैसे कई ऑल-फॉर्मेट खिलाड़ी हैं, इसके अलावा, भारत में ऐसी स्थिति की कोई मिसाल नहीं है।



पूर्व बल्लेबाज अशोक मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली और जतिन परांजपे और सुलक्षणा नाइक सहित तीन सदस्यीय क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) को राष्ट्रीय चयनकर्ता की लंबी नियुक्ति को अंतिम रूप देना होगा और उससे पहले कुछ साक्षात्कार पहले ही हो चुके हैं। शाह ने कहा, चयनकर्ता पद के लिए कुछ साक्षात्कार पहले ही हो चुके हैं। नाम को अंतिम रूप देने के लिए सीएसी एक सप्ताह में बैठक करेगी और हम जल्द ही इसकी घोषणा करेंगे।

शाह ने लाल गेंद वाले क्रिकेट के महत्व पर भी जोर दिया लेकिन कहा कि व्यक्तिगत राज्य संघ यह तय करेंगे कि अपने घरेलू खिलाड़ियों को अधिक भुगतान करना है या नहीं। इसके अतिरिक्त, उन्होंने खुलासा किया कि केंद्रीय अनुबंध में ए ग्रेड प्राप्त करने वाले हार्दिक पांड्या ने घरेलू सफेद गेंद क्रिकेट में भाग लेने के लिए सहमति दे दी है। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि घरेलू क्रिकेट लीग संरचना का जल्द ही खुलासा किया जाएगा और बेंगलुरु के हाई-परफॉर्मेंस सेंटर में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) अगस्त में व्यवसाय के लिए खुलेगी। आईपीएल के 2023 संस्करण में पेश किए गए इम्पैक्ट प्लेयर नियम से जुड़े विवादों के बीच, जय शाह ने कहा कि इम्पैक्ट प्लेयर नियम एक परीक्षण मामले के रूप में लाया गया था। अच्छी बात यह है कि यह हर मैच में दो और भारतीय खिलाड़ियों को खेलने का अतिरिक्त अवसर प्रदान कर रहा है।

हम फ्रेंचाइजी कप्तानों, खिलाड़ियों, फ्रेंचाइजी और प्रसारकों से परामर्श करेंगे और फिर भविष्य के बारे में निर्णय लेंगे। यह कोई स्थायी नियम नहीं है और न ही मैं यह कह रहा हूं कि हम इससे आगे बढ़ेंगे।

इस साल के अंत में शाह के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष के रूप में ग्रेग बार्कले की जगह लेने की भी उम्मीद है, इन अटकलों को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, अटकलें होने दीजिए। मुझे यहीं (बीसीसीआई में) रहने दीजिए। क्या मैं (बीसीसीआई सचिव के रूप में) अच्छा काम नहीं कर रहा हूं?

# सड़क दुर्घटना में युवक की हुई मौत

निज संवाददाता



**गोह (औरंगाबाद)।** गोह थाना क्षेत्र के निजामपुर मोड़ के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार 25 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान ओबरा थाना क्षेत्र के मंझियावां गांव निवासी वृजानंद यादव के पुत्र अमरंत उर्फ आनंद कुमार के रूप में हुई है। इन घटना में बहन की डोली उठने से पहले ही भाई की अर्थी उठ गई। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि आनंद अपने घर से बाइक पर सवार होकर अपने ससुराल गोह थाना क्षेत्र के सरसौल गांव जा रहा था। जैसे ही वह निजामपुर मोड़ के समीप पहुंचा तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन उसे रौंदती हुई निकल गई। इस घटना में आनंद गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने उसे इलाज के लिए दाउदनगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया और इस घटना की सूचना परिजनों को दी। सूचना के बाद परिजन अस्पताल पहुंचे और युवक का हाल जाना। पता चला कि डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में आनंद को किसी बड़े अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। परिजन बेहतर इलाज हेतु आनंद को पटना लेकर जा रहे थे, जहां बीच रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। आनंद की मौत के बाद परिजनों ने घटना की सूचना गोह थाना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कराई और शव परिजनों को सौंप दिया।

गोह थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत हुई है। फिलहाल शव का पोस्टमार्टम कराकर दाह संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## सामूहिक विवाह में शामिल होने जा रहा बारातियों से भरा पिकअप पलटा, 10 घायल, तीन की हालत गंभीर



निज संवाददाता

**जम्होर (औरंगाबाद)।** जम्होर थाना क्षेत्र के पुनपुन बटाने संगम नदी के समीप जीवन बीघा गांव के समीप शुक्रवार की दोपहर सामूहिक विवाह में शामिल होने जा रहे एक बारातियों से भरा पिकअप पलटने से लगभग एक दर्जन लोग घायल हो गए हैं। घायलों में धाबीपर गांव के धीरज कुमार, सुंदर बीघा के लीलावती देवी, नारायणपुर के शांति देवी, पाउथु के रामकली देवी, टंडवा के तेतरी देवी, पाउथू के मालती देवी समेत लगभग एक दर्जन लोग शामिल है। घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ उमड़ गई और घायल अवस्था में लोगों को इलाज के लिए स्थानीय चिकित्सालय ले गए जहां चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर किया सदर अस्पताल के चिकित्सक डॉ अमृत कुमार ने बताया कि लगभग एक दर्जन लोग इस घटना में घायल हुए हैं।घायलों में तीन लोगों की हालत गंभीर है बाकी लोग खतरे से बाहर हैं। तीन लोगों को स्थिति गंभीर देखते हुए दूसरे जगह रेफर किया गया है।

# सुरक्षा बलों ने पचरुखिया के जंगली-पहाड़ी से चार आईईडी बम बरामद कर किया विनष्ट

- सूचना मिलने के बाद उन्होंने कोबरा 205 के कमांडेंट कैलाश आर्या और एएसपी अभियान कबीर शरण को ऑपरेशन चलाने का निर्देश दिया।



निज संवाददाता

**गोह (औरंगाबाद)।** अति नक्सल प्रभावित औरंगाबाद जिलें में नक्सलियों की सुरक्षा बलों को उड़ाने की साजिश को नाकाम किया है। पुलिस ने मदनपुर थाना क्षेत्र में पचरुखिया के जंगली ईलाकें में लड़ुईयां पहाड़ और शिकारी कुईयां के जंगल से चार शक्तिशाली आईईडी बम बरामद किया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बरामद आईईडी बम बेहद शक्तिशाली है और इनकी विध्वंसक क्षमता अत्यंत घातक है। प्रत्येक बम का वजन 3-3 किलो है, जिसे बम निरोधक दस्ता द्वारा मौके पर ही विनष्ट कर दिया गया है। सूत्रों की माने तो नक्सलियों ने लोकसभा चुनाव में विध्वंसक गतिविधियों को अंजाम देने, सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने और ग्रामीणों मे दहशत पैदा करने के लिए आईईडी बम लगाए थे। इसकी सूचना औरंगाबाद के पुलिस कप्तान स्वपना गौतम मेश्राम को मिली। सूचना मिलने के बाद उन्होंने कोबरा 205 के कमांडेंट कैलाश आर्या और एएसपी अभियान कबीर शरण को ऑपरेशन चलाने का निर्देश दिया। निर्देश पर कोबरा 205 एवं स्थानीय थाना की पुलिस ने पचरुखिया के जंगलों मे सघन सर्च ऑपरेशन शुरू किया। इसी दौरान लड़ुईयां पहाड़ और शिकारी कुईयां के जंगल से तीन शक्तिशाली आईईडी बम बरामद किया गया। बरामद बमों को मौके पर ही विनष्ट कर दिया गया। गौरतलब है कि इलाके में पुलिसियां सक्रियता के कारण नक्सलियों की गतिविधियां शिथिल पड़ी हुई है। इसके बावजूद लोकसभा चुनाव को देखते हुए नक्सली अपनी उपस्थिति का अहसास कराने के लिए इस तरह का षड़यंत्र रच रहे हैं, जिसे सुरक्षा बलों द्वारा लगातार सर्च अभियान चलाकर उनके मंसूबे पर पानी फेर दिया जा रहा है।

# एक नजर

## युवा रालोजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने की बैठक

**ओबरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** युवा रालोजपा के प्रदेश अध्यक्ष उपेन्द्र यादव ने शुक्रवार को ओबरा प्रखंड में अपने सभी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक को सम्बोधित करते हुए श्री यादव ने कहा कि काराकाट लोकसभा अंतर्गत एनडीए समर्थित प्रत्याशी श्री उपेन्द्र कुशवाहा भारी बहुमत के साथ जीत हासिल करेंगे।
श्री यादव ने आगे कहा की श्री कुशवाहा जीतेंगे तो केंद्र में मंत्री बनेंगे और काराकट का चहमुखी विकास होगा। आगे उन्होंने कहा की पूरे बिहार की जनता एनडीए को 40 सीट झोली में डालकर श्री नरेंद्र मोदी जी के हाथों को मज़बूत करेंगे। विकास पर जात पात से ऊपर उठकर सभी समाज के लोग एनडीए को वोट कर के भारत को विशगुरु बनाएँगे। पूरे देश में 80 करोड़ लोगों को मुफ़्त में अनाज एवं आयुष्मान कार्ड जैसे बहुत सरे योजना चलाकर जनता को ग़रीबी रेखा से बाहर निकालकर देश को विकसित बनाना है। ओबरा के पूर्व प्रत्याशी श्री सुनील सिंह यादव ने कहा की काराकाट क्षेत्र से एनडीए की भारी मतो से जीत सुनिश्चहित है। साथ में मोहन सिंह यादव, दिनेश शर्मा, संजय यादव, विदेश पासवान, मनोज कुमार, रमेश यादव आदि भी उपस्थित रहे।

## समोसा का पैसा मांगने पर पिता-पुत्री को पीटा

**फेसर (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** सदर प्रखंड के फेसर थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंदुआरी गांव में समोसा का पैसा मांगने पर पिता और पुत्री को पीट कर घायल कर दिया गया। घायल की पहचान 40 वर्षीय संजय साव और उनकी पुत्री 12 वर्षीयराधाकुमारी के रूप में की गई है। दोनों का इलाज औरंगाबाद के सदर अस्पताल में किया गया। घायल संजय साव के भाई ने बताया कि उनके भाई होटल चलाते हैं। सिंदुआरी गांव के तीन लोगों ने मारपीट की है। उक्त लोगों ने समोसा खरीदा था जिसके 20 रुपये बकाया थे। इस पैसे की मांग की गई तो उक्त लोगों ने मारपीट की। उनके भतीजा सुशील कुमार से 20 हजार रुपये छीन लिए गए। वह किसी से पैसे लेकर आ रहा था तभी यह राशि उक्त लोगों ने छीन ली है। घायलों का इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वे लोग थाना जा रहे थे तो कहा गया कि पहले घायलों का इलाज करा लें।

## धूमधाम से मनी भगवान परशुराम की जयंती

**अंबा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** अंबा में भगवान विष्णु के छठे अवतार के रूप में भगवान परशुराम की जयंती शुक्रवार को मनाई गई। ब्रह्मर्षी विकास जनकल्याण मंच के द्वारा अक्षय तृतीया के मौके पर इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अवकाश प्राप्त प्रधानाध्यापक डॉ सुरेंद्र मिश्रा ने किया तथा सभा का संचालन शिक्षक वेद प्रकाश तिवारी ने किया। बतौर अतिथि डा. शंभू शरण, रामविनय शर्मा, कपिलदेव पांडेय, रवींद्र शर्मा, छोटेलाल पांडेय, शिवदेव पांडेय, अरविंद शर्मा, निलेश कुमार, परमानन्द तिवारी, नीलमणि कुमार, मंटू शर्मा, प्रदीप पांडेय आदि कार्यक्रम में मौजूद रहे। उपस्थित लोगों ने भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके आदर्शों की चर्चा की।

# हत्याकांड के आरोपी को पुलिस ने दबोंचा

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद मुफ्फसिल थाना की पुलिस ने हत्या के एक मामले में फरार दो आरोपियों को शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी शहजाद आलम और शाहबाज आलम को पुलिस ने कुटुम्बा थाना के नवाबगंज मोड़ से गिरफ्तार गिरफ्तार किया है। दोनो भरथौली शरीफ के निवासी और सगे भाई है। पुलिस ने दोनों को भादंवि की धारा 302/34 के तहत दर्ज मुफ्फसिल थाना कांड सं.-138/24 के मामले में गिरफ्तार किया है। दोनो को औरंगाबाद के सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-1 संजय पांडेय के नेतृत्व में मुफ्फसिल पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष अशोक कुमार, परीक्ष्यमान पुअनि ममता कुमारी, पुसअनि सुरेन्द्र कुमार सशस्त्र बल के सिपाही संतोष कुमार एवं विनय कुमार की टीम ने गिरफ्तार कर हत्याकांड का उद्भेदन किया। पुलिस ने बताया के दोनो पर मामले के सूचक मो. शाहिद के दोस्त मो. नैयर जावेद उर्फ राजा के मोबाईल को लेकर विवाद में मो. शाहिद के भाई मो. कासिफ उर्फ बिट्टू को रॉडनुमा पाईप से मारपीट कर हत्या करने का आरोप है।

# सभी वर्गों की शत प्रतिशत प्रतिभागिता एवं मतदान के प्रतिशत में वृद्धि हेतु निकाली गई जागरुकता रैली

निज संवाददाता




**बारूण (औरंगाबाद)।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत 35 काराकाट संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत नबीनगर विधानसभा के बारुण प्रखंड में सभी वर्गों की शत प्रतिशत प्रतिभागिता एवं मतदान के प्रतिशत में वृद्धि हेतु भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बिहार एवम जिला निर्वाचन पदाधिकारी औरंगाबाद श्रीकांत शास्त्री के निदेशानुसार लोकसभा निर्वाचन के सफल आयोजन हेतु गठित स्वीप कोषांग के तत्वावधान में एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस जागरूकता रैली को भूमि सुधार उप समाहर्ता श्वेतांक लाल , स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी एवं जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस रचना कुमारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना दयाशंकर सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रैली बारुण थाना से प्रारंभ होकर बारुण प्रखंड कार्यालय तक गई। इस जागरूकता रैली में बारुण प्रखंड के आशा, जीविका दीदी,शिक्षक, आंगनबाड़ी सेविका सहायिका आदि उपस्थित थे। इस जागरूकता रैली में बारुन प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों के करीब 600 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जागरूकता रैली के दौरान जिंगल के माध्यम से मतदाताओं को जागरुक भी किया गया। इस जागरूकता रैली के अतिरिक्त बारुण प्रखंड कार्यालय कैंपस में प्रतिभागियों के द्वारा रंगोली के माध्यम से भी मतदाताओं को जागरूक किया गया।

जागरूकता रैली के बाद भूमि सुधार उपसमाहर्ता श्वेतांक लाल एवं जिला जनसंपर्क पदाधिकारी तथा स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी श्वेता प्रदर्शनी ने बताया कि इस महापर्व में सभी लोग 1 जून 2024 को अपने घर से निकलकर मतदान में हिस्सा ले और प्रजातंत्र मैं अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

# भंडारे के साथ समाप्त हुआ पांच दिवसीय गायत्री महायज्ञ



निज संवाददाता

**जम्होर (औरंगाबाद)।** सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर के दुर्गा मैदान के प्रांगण में पांच दिवसीय नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ भंडारे के साथ आज समाप्त हो गया।सुबह सवेरे वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञशाला में हवन करने वाले श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। दोपहर में विशेष अनुष्ठान के साथ विश्व शांति के निमित यज्ञशाला में पूर्णाहुति की आहुति दी गई।उसके बाद भव्यता एवं दिव्यता के साथ भंडारे का कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसमें हजारों श्रद्धालु भक्तों ने महाप्रसाद का ग्रहण किया। यज्ञ आयोजन समिति के अध्यक्ष नवनीत कुमार ने बताया कि पूर्णाहुति के बाद शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे आचार्यों की टोली को विदाई दी गई। इस वर्ष यज्ञ के आयोजन से ग्रामीणों में हर्ष देखा गया। लोगों ने यज्ञ में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं सनातनी परंपरा को जीवंत करने वास्ते भरपूर सहयोग दिया। यज्ञशाला के बाहर पंडाल के आसपास पूजा पाठ सामग्री के दुकानों से भरी पड़ी थी।बच्चों के मनोरंजन के लिए खेल तमाशा भी लगाए गए थे जिसमें झूला ब्रेक डांस एवं नाव का झूला भी लगाया गया था जिसका श्रद्धालु भक्तों ने खूब लुफ्त उठाया।

# बिष्णुधाम में धूमधाम से मनाई गई अक्षय तृतीया

निज संवाददाता



**जम्होर (औरंगाबाद)।** सदर प्रखंड स्थित जम्होर थानांतर्गत विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल, प्रकृति के अमूल्य धरोहर मगध के चार धामों में से एक विष्णु धाम के प्रांगण में अक्षय तृतीया के मौके पर स्थापना दिवस धूमधाम से मनाई गई। विष्णु धाम के महंत बालकानंद ब्रह्मचारी के नेतृत्व में विष्णु धाम परिसर अवस्थित सभी देवी देवताओं की षोडशोपचार विधि से पूजन अर्चन की गई।तत्पश्चात आंटा गुड़ मिश्रित घोल से बनाया गया पूआ का महाप्रसाद वितरण किया गया। स्थापना दिवस के मौके पर पहुंचे जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने बताया कि सनातनी परंपरा का महान पर्व अक्षय तृतीया को ही विष्णु धाम की स्थापना हुई थी। महान संत परमहंस खाकी बाबा ने अक्षय तृतीया को ही विष्णु धाम की स्थापना कराई थी।अक्षय तृतीया को सतयुग एवं द्वापर युग की शुरुआत मानी जाती है।भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम जी का अवतरण दिवस है। ब्रह्मा जी के मानस पुत्र अक्षय कुमार का भी इसी दिन जन्म हुआ था ज्योतिष परंपरा के अबूझ मुहूर्त में से एक अक्षय तृतीया को किए गए जप तप व्रत हजार गुना ज्यादा फल देने वाली होती है। इस दिन किए गए दान विशेष फलदाई होती है एवं जल दान करने की भी परंपरा है। सुबह सवेरे से ही विष्णुधाम परिसर में श्रद्धालु भक्तों का कतार लगा रहा। खासकर महिलाएं कलश में जल लेकर जल दान की परंपरा को मूर्त रूप करती हुई दिखी। पुण्यदायिनी एवं मोक्षदायिनी पुनपुन बटाने के संगम तट पर अवस्थित विष्णु धाम में अक्षय तृतीया को दूर दराज से लोग आते हैं। कुछ लोग यहां सतनारायण भगवान की कथा भी सुनते हैं।यही नहीं कुछ श्रद्धालु भक्त जानकी अशोक पेड़ के नीचे बैठकर भी विशेष पूजा पाठ करते हैं।

# केवाईपी कैंप में मुखिया प्रतिनिधि ने शिक्षा के प्रति बच्चों को किया जागरूक

निज संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड के चेव पंचायत के चेव गांव में एआरसीसी के द्वारा कुशल युवा प्रोग्राम को लेकर कैंप के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि जैनुल अंसारी ने पंचायत के छात्र-छात्राओं को शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया। क्योंकि मनुष्य जीवन में शिक्षा अति आवश्यक है, शिक्षा के बिना कोई भी मनुष्य जानवर का सम्मान है। वही कुशल युवा प्रोग्राम के द्वारा निशुल्क कंप्यूटर और इंग्लिश का शिक्षा दिया जाएगा। साथ ही मुखिया प्रतिनिधि के द्वारा एक महीना का निःशुल्क लाइब्रेरी की भी सुविधा दी जाएगी। मुखिया प्रतिनिधि ने बताया कि आज के युग में इंग्लिश और कंप्यूटर हर एक छात्राओं को सीखना अति आवश्यक है। इसलिए सरकार द्वारा यह योजना चलाई जा रही है। जिससे ग्रामीण क्षेत्र में 10वीं पास एवं 12वीं पास छात्रों को कुशल युवा प्रोग्राम में अपना नामांकन कराकर कंप्यूटर और इंग्लिश सीख सके।

# मतगणना कर्मियों को मिला काउंटिंग का प्रथम प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद समाहरणालय के सभाकक्ष में शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के निर्देश पर लोकसभा आम निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शितापूर्ण तरीके से मतगणना कराने के लिए प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सच्चिदानंद सुमन द्वारा मतगणना कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजित किया गया। इस मौके पर कई अहम जानकारियां दी गईं। मतगणना प्रशिक्षण में आए हुए सभी कर्मियों को प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सच्चिदानंद सुमन द्वारा अवगत कराया गया कि औरंगाबाद संसदीय क्षेत्र 37 के सभी 6 विधानसभाओं का स्ट्रांग रूम सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज में अवस्थित है। इसी कॉलेज में स्ट्रांग रूम बनाया गया है। जिस भवन में स्ट्रांग है, उसी भवन में मतगणना का कार्य संचालित होगा। मतगणना कर्मी निर्धारित समय सुबह 6 बजे सिन्हा कॉलेज में पहुंचेंगे। साथ ही मतगणना का कार्य प्रातः 8 बजे भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार शुरू हो जाएगा। सभी मतगणना पर्यवेक्षक, गणना सहायक, माइक्रो ऑब्जर्वर पूरी सावधानी के साथ अनुशासित ढंग से अपने अपने टेबल पर निष्ठापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के एजेंटों के साथ अनुशासित ढंग से उनसे व्यवहार करेंगे। सभी मतगणना कर्मी सभी आंकड़ों को आरओ को भेजने के पूर्व अच्छे ढंग से देख लेंगे। सील व टैग का निरीक्षण करने के बाद ही मतगणना की कार्रवाई शुरू होगी। मतगणना निम्न प्रकार से की जाएगी। डाक मतपत्र, ईटीपीबीएस, कंट्रोल यूनिट तथा कुछ बूथों की गणना वीवीपैट से भी कराया जा सकता है। मतगणना कार्मियों अपने साथ मोबाइल, लैपटॉप, टेबलेट, कैमरा, पेन ड्राइव, लाइटर, आईपैड, केलकुलेटर आदि नहीं लाएंगे। समस्त मतगणना कर्मी आरओ द्वारा उपलब्ध कराए गए परिचय पत्र के साथ मतगणना स्थल पर पहुंचेंगे। मतगणना स्थल पर प्रदर्शित सूची के अनुसार अपने विधानसभावार टेबल पर उपस्थित होंगे। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के मतगणना के लिए 14 टेबल एवं एआरओ एवं प्रेक्षक का एक-एक टेबल लगा होगा। साथ ही एआरओ टेबल के पास कंप्यूटर सिस्टम, प्रिंटर, ब्रॉडबैंड कनेक्शन, ऑपरेटर की व्यवस्था सुनिश्चित रहेगी। प्रत्येक टेबल पर एक गणना पर्यवेक्षक, एक गणना सहायक, एक माइक्रो ऑब्जर्वर, तैनात रहेंगे। बैठक में अपर समाहर्ता ललित रंजन भूषण, उप विकास आयुक्त अभ्येंद्र मोहन सिंह, अपर समाहर्ता सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी जय प्रकाश नारायण, उप निर्वाचन पदाधिकारी मो. गजाली, जिला परिवहन पदाधिकारी, सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी, सभी मतगणना कर्मी तथा जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## औरंगाबाद के विभिन्न इलाकों में चला मतदाता जागरुकता अभियान

**औरंगाबाद (का.सं.)।** काराकाट संसदीय सीट के औरंगाबाद जिले के तीन विधानसभा क्षेत्रों में स्वीप कार्यक्रम के तहत चलाए जा रहे मतदाता जागरुकता अभियान के तहत शुक्रवार को ओबरा प्रखंड के योगी बिगहा में आजाद जीविका महिला ग्राम संगठन की जीविका दीदियों ने मतदाता जागरूकता रैली कार्यक्रम का आयोजन किया। रैली में जीविका दीदियों, सामुदायिक समन्वयक गौतम कुमार, जीविका मित्र मालती देवी, सीएफ बाल किशन ने भाग लिया। इसी कड़ी में डीआरसीसी में भी युवा मतदाता एवं अन्य लाभार्थियों को मतदाता प्रतिज्ञा दिलवाई गई। साथ ही ओबरा प्रखंड में रतनपुर पंचायत के अतरौली गांव में बूथ संख्या 270 में सीएम प्रियंका कुमारी घर-घर जाकर मतदान करने हेतु सभी दीदी को बताया।


## खेत (फसल) के लिए अग्नि सुरक्षा पर ध्यान देने योग्य बातें:-



1. फसल कटने तक बोरिंग पर पम्पिंग सेट तैयारी हालत में रखें।
2. अगर खेत में आग लग गई हो तो फैलने वाली दिशा में थोड़ी दूर पर फसल काट (फायर ब्रेक) दें।
3. फसल ढुलाई के लिए खेतों के बीचो–बीच से ट्रैक्टर, पिकअप, भॉन आदि वाहनों को लाने एवं ले जाने का प्रयोग न करें।
4. अगर खलिहान के पास तालाब या अन्य कोई जल स्रोत हो तो वहाँ से पाईप या पम्पिंग सेट तैयार रखें।
5. खेतों में बिजली के नंगे तार के नीचे हरा चारा उगायें एवं पकनी वाली फसलें न लगायें।
6. खेतों से गुजरने वाले बिजली के तार के किसी भी जोड़ को ढीला या खुला न छोड़े।
7. बाँस के खम्भे के द्वारा नंगे बिजली के तार खेतों में न रखें।
8. खेत के आस–पास बीड़ी–सिगरेट आदि न पीयें तथा नही किसी को पीने दें।
9. खेत के आस–पास पूजा एवं हवन न करें और न ही करने दें।
10. कटनी के बाद खेत में छोड़े डंठलों में आग न लगायें, आग फैलता है, वातावरण दूषित करता है।
11. सूखे फसल के खेतों के इर्द–गिर्द अलाव, चूल्हे की राख न फेकें।
12. पकी फसल के खेतों के अगल–बगल पेड़ से गिरे पत्ते या झाड़ियों में आग न लगायें।
13. पकी फसलों के आस–पास खेतों में थ्रेशिंग का कार्य न करें।
14. किसी भी उत्सव के दौरान पकी फसल के आस–पास आतिशबाजी का प्रयोग न करें न ही करने दें।

**आग लगने पर 101/112 डॉयल करें**

PR No.- 000666 (Fire)D. 2024-25

बिहार सरकार
**बिहार अग्निशमन सेवा**
गृह (आरक्षी) विभाग
टेलीफैक्स – 0612–2222020. ईमेल – sfocumdirector.bihar01@gmail.com
बिहार सरकार